www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 12 जून , 2024 | वर्ष-17 | अंक -67 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

उत्तर प्रदेश में सरकार बनाना सपा का... 02

■ पीजीसीआईएल सब स्टेशन से बिजली हुई...
■ लोस अध्यक्ष पद पर मोदी के तीसरे कार्यकाल... 03

■ मलावी के उपराष्ट्रपति साउलोस चिलिमा की...
■ कठुआ के हीरानगर में आतंकी हमला, हमले में... 07

'जननी-एआई की कहानी' में रोबोट की तरह एक्ट... 10

मोहन चरण माझी होंगे ओडिशा के नए मुख्यमंत्री

■ भाजपा विधायक दल की बैठक में माझी को चुना गया नेता

■ राज्य में पहली बार भाजपा को मिला सरकार बनाने का मौका

■ केवी सिंह देव और पार्वती परीदा बनेंगे उपमुख्यमंत्री

भुवनेश्वर, 11 जून (एजेंसियां)। भाजपा नेता मोहन चरण माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। भुवनेश्वर में पार्टी विधायक दल की बैठक में मोहन चरण माझी को नेता चुनाव गया। वह 12 जून को ओडिशा के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। मोहन चरण माझी के साथ दो विधायक उपमुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण करेंगे। उपमुख्यमंत्री के लिए केवी सिंह देव और पार्वती पार्वती परीदा का नाम तय किया गया है। ये दोनों नेता भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल थे। बीजेपी ने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भूपेंद्र यादव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था।

भाजपा ने अकेले 78 सीटें हासिल की

भाजपा में ओडिशा में पहली बार सरकार बना रही हैं। ऐसे में मोहन चरण माझी को राज्य में भाजपा का पहले मख्यमंत्री बनने का गौरव हासिल हुआ है। विधानसभा चुनावों में भाजपा ने चौंकाते हुए अकेले 78 सीटें हासिल की हैं। 147 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 74 सदस्यों का है। पिछले 24 सालों से राज्य की सत्ता पर काबिज बीजू जनता दल को 51 सीटें मिली हैं, जबकि कांग्रेस को 14 सीटें मिली हैं। मोहन चंद्र माझी की शपथ ग्रहण के लिए बुधवार को पांच बजे का समय निर्धारित किया गया है। मोहन चरण माझी आदिवासी समुदाय से आते हैं। वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल तमाम दावेदारों में सबसे कम उम्र के हैं। माझी की उम्र 53 साल है।

साधु संतों को भी भेजा गया आमंत्रण

प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान ही ओडिशा के लोगों से वादा किया था कि कोई उड़िया भाषा बोलने वाला व्यक्ति ही राज्य का मुख्यमंत्री बनेगा। ओडिशा में सीएम के शपथ ग्रहण समारोह के लिए साधु संतों को भी आमंत्रण भेजा गया है।

आंध्र व ओडिशा में आज नई सरकार का शपथ ग्रहण

प्रधानमंत्री मोदी भी रहेंगे मौजूद

आंध्र प्रदेश और ओडिशा दोनों ही राज्यों में नई सरकार का शपथग्रहण 12 जून को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कई अन्य वरिष्ठ नेता भी समारोह में मौजूद रहेंगे। भुवनेश्वर के जनता मैदान में शपथग्रहण समारोह के आयोजन की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि, शपथ ग्रहण समारोह पहले 10 जून को होना था। बाद में इसमें बदलाव किया गया। वहीं, पीएम मोदी दिन में आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में नई सरकार के शपथग्रहण समारोह में भी हिस्सा लेंगे।

आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू को नेता चुना गया

अमरावती। तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू को मंगलवार को सर्वसम्मति से आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का नेता चुना गया। एनडीए के नवनिर्वाचित विधायकों की अमरावती में एक बैठक हुई जिसमें जन सेना नेता पवन कल्याण ने गठबंधन के नेता के रूप में चंद्रबाबू नायडू के नाम का प्रस्ताव रखा। टीडीपी, जन सेना और भाजपा के सभी विधायकों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच प्रस्ताव का समर्थन किया। टीडीपी की आंध्र प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अचेन नायडू ने एनडीए के नेता के रूप में चंद्रबाबू नायडू के सर्वसम्मति से चुने जाने की घोषणा की। इससे पहले पवन कल्याण को जन सेना विधायक दल का नेता सर्वसम्मति से चुना गया। चंद्रबाबू नायडू को उन्होंने गले लगा कर बधाई दी।

नीट-2024 पेपर विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को नोटिस भेजा

■ काउंसलिंग पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित तौर पर परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र सार्वजनिक (पेपर लीक) होने संबंधी गड़बड़ी और धोखाधड़ी के आरोप वाली याचिकाओं के मद्देनजर दाखिले से संबंधित काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार कर दिया, लेकिन इस मामले में की राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर कहा कि कई सवाल उठाए गए हैं। परीक्षा की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए।

आठ जुलाई को होगी अगली सुनवाई

शीर्ष अदालत ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए से जवाब मांगते हुए कहा कि वह इस मामले में आठ जुलाई को अगली सुनवाई करेगी। हालांकि, पीठ ने याचिकाकर्ताओं द्वारा किए गए मौखिक अनुरोध पर काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा ने कहा कि नीट परीक्षा के पेपर लीक की खबर सुनकर वे अंदर तक हिल गए हैं। वे बहुत तनाव और चिंता में हैं, क्योंकि उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने एक दिन मेडिकल प्रैक्टिशनर बनने का सपना देखा था।

पीठ ने अधिवक्ता की ओर से काउंसलिंग पर रोक लगाने के समर्थन में बार-बार दी जा रही दलीलों कहा, हम काउंसलिंग बंद नहीं करेंगे।

सार संक्षेप

अब सोशल मीडिया से हटा सकते हैं मोदी का परिवार : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव खत्म होने और फिर से सत्ता हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ,मोदी का परिवार, टैग लाइन को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहाकि मोदी का परिवार टैग लाइन से उन्हें बहुत ताकत मिली। इसके लिए वे देश के लोगों को धन्यवाद देते हैं और अनुरोध करते हैं कि अब वे अपने सोशल मीडिया से ,मोदी का परिवार, हटा सकते हैं। डिस्प्ले नाम बदल सकता है, लेकिन भारत की प्रगति के लिए प्रयासरत एक परिवार के रूप में उनका बंधन मजबूत और अटूट बना हुआ है।

अखिलेश करहल विधानसभा सीट से देंगे इस्तीफा

इटावा। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा देंगे। सैफई में पार्टी कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करने के बाद श्री यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संवैधानिक तौर पर दो स्थानों से निर्वाचित होने के बाद किसी भी प्रतिनिधि के लिए एक स्थान छोड़ना पड़ता है किसी कड़ी में करहल विधानसभा से जुड़े हुए महत्वपूर्ण पदाधिकारी से चर्चा के बाद करहल विधानसभा सीट को छोड़ना तय किया गया है।

बालियान अपनी हार के लिए खुद जिम्मेदार : संगीत सोम

मेरठ। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में खराब प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं में आरोपों का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम पर आरोप लगाया था कि उन्होंने सपा प्रत्याशी को खुलकर चुनाव लड़ाया। इस पर पलटवार करते हुए संगीत सोम ने कहा कि संजीव बालियान अपनी हार के लिए खुद जिम्मेदार है। मैं भी चुनाव हारा था, लेकिन मैंने कभी भी अपनी हार का ठीकरा किसी पर नहीं फोड़ा। उन्हें अपनी बात पार्टी फोरम पर रखनी चाहिए, हम भी वहीं रखेंगे।

रेणुकास्वामी मर्डर केस में सुपरस्टार दर्शन गिरफ्तार

बेंगलुरु। कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन को रेणुकास्वामी मर्डर केस में कर्नाटक पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। पहले उन्हें हिरासत में लिया गया था। जांच में यह बात सामने आई है कि जिस व्यक्ति का मर्डर हुआ वह एक्टर दर्शन का बहुत बड़ा फैन था। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने इस मामले में मीडिया से बात करते हुए कहा कि दर्शन को गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि डॉक्टर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

मोदी ने घटक दलों को 'झुनझुना मंत्रालय' थमाया : संजय सिंह

■ अब अगला कदम उनकी पार्टियों को खत्म करने का होगा

■ शरद पवार की घड़ी चुरा ली। उद्धव ठाकरे का तीर-कमान चुरा लिया। भाजपा हर राज्य में तोड़फोड़ की राजनीति करती है : संजय सिंह, आप नेता

नई दिल्ली, 11 जून (देशबन्धु)। केंद्र की मोदी सरकार के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। इस पर विपक्षी दल सवाल भी उठा रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने कहा कि एनडीए के घटक दलों को 'झुनझुना मंत्रालय' थमा दिया गया है। संजय सिंह ने कहा कि गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, वाणिज्य, सड़क, रेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल शक्ति, पेट्रोलियम और दूरसंचार मंत्रालय नहीं, एनडीए के घटक दलों के हिस्से में सिर्फ 'झुनझुना मंत्रालय' आया है।

नायडू व नीतीश असंतुष्ट आत्माएं : राउत

■ भाजपा सरकारों के हटाने तक आराम से नहीं बैठेगी

शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने मंगलवार को दावा किया कि एनडीए में भाजपा के सहयोगी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू असंतुष्ट आत्माएं हैं। मीडिया से बात करते हुए संजय राउत ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शरद पवार को भटकती आत्मा से तुलना किए जाने पर कहा कि 'ये भटकती आत्मा जब तक भाजपा नीत सरकार को केंद्र और महाराष्ट्र से नहीं हटा देती, तब तक आराम से नहीं बैठेगी।'

वाराणसी से प्रियंका लड़ती, तो मोदी हार जाते : राहुल

■ वाराणसी में मुश्किल से जान बचाकर निकले मोदी

■ उप्र की जनता ने नफरत, हिंसा के खिलाफ वोट दिया

रायबरेली, 11 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद जनता का आभार जताने रायबरेली पहुंचे। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा फैजाबाद लोकसभा सीट भी हार गई। अयोध्या की जनता ने संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से किसी तरह से जान बचाकर निकलें। अगर वहां से प्रियंका लड़ जाती तो प्रधानमंत्री दो-तीन लाख वोटों से हारते। देश की जनता ने भाजपा को संदेश दिया कि ये मोहब्बत का देश है। जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी तो किसी गरीब को, किसी आदिवासी को नहीं बुलाया गया था। सिनेमा के लोग आए थे, उद्योगपति मौजूद थे, पर किसी गरीब आदिवासी को नहीं बुलाया गया। अयोध्या में भाजपा को हराकर जनता ने संदेश दिया है। उत्तर प्रदेश की जनता ने नफरत, हिंसा के खिलाफ वोट दिया है।

जीत कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का नतीजा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट पर जीत कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का नतीजा है। इस जीत से साबित हो गया कि प्रदेश और देश के लोग साफ-सुथरी राजनीति चाहते हैं। ये सब आप कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। राहुल गांधी रायबरेली के सांसद हैं। आप सभी को बहुत बधाई। आप सबने कठिन परिस्थितियों में लड़ाई लड़ी। किशोरी लाल को कमी महसूस नहीं होने दी।

परिवारवाद को लेकर मोदी पर पलटवार

■ मोदी मंत्रिमंडल में 20 नेताओं के नाम गिनाए

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जोरदार जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि उनका परिवारवाद संघर्ष और बलिदान की परंपरा का है लेकिन श्री मोदी सत्ता सुख की वसीयत बांट कर सरकारी परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि श्री मोदी का सरकारी परिवारवाद है जहां सत्ता के करीबियों के बच्चों को वह सत्ता की वसीयत का सुख बांट रहे हैं और वह सत्ता के बल पर सरकारी स्तर पर उन्हें यह सारी सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा, पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे। कथनी और करनी के इसी फर्क को नरेंद्र मोदी कहते हैं। कांग्रेस नेता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में मंत्री बनकर सुविधा लेने वाले 20 नेताओं के नाम गिनाए।

शाह, नड्डा, शिवराज ने संभाला कार्यभार

■ शिवराज बोले, किसानों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता

नई दिल्ली, 11 जून (देशबन्धु)। अमित शाह ने नॉर्थ ब्लॉक पहुंच कर गृह मंत्री का कार्यभार संभाल लिया है। इसके साथ ही भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निर्माण भवन स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय पहुंच कर स्वास्थ्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने भी कृषि भवन पहुंचकर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभालने से पहले नेशनल पुलिस मेमोरियल जाकर अपने कर्तव्यों को निभाने के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को नमन किया। इसके बाद अमित शाह ने नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृह मंत्रालय पहुंच कर लगातार दूसरी बार गृह मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बनाए गए नित्यानंद राय और बंदी संजय कुमार भी मौजूद रहे।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यभार संभालने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसान अन्न के भंडार भरता है।

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है जो सारे देश को अन्न खिलाता है, इसलिए किसान अन्नदाता कहलाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों का कल्याण करना है और पिछले 10 वर्षों से पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार लगातार किसान के कल्याण के लिए काम कर रही है। चौहान ने कृषि मंत्रालय की जिम्मेदारी देने को अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि सरकार किसानों के लिए हर संभव कदम उठाएगी।

आतंकियों की नई रणनीति ने चिंता बढ़ाई

पहाड़ी इलाकों में मोड़ों पर आतंकियों के आसान निशाने बन रहे यात्री

■ असैन्य वाहनों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया

जम्मू, 11 जून (देशबन्धु)। रियासी में शिवखोड़ी से लौट रहे श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले के उपरांत सुरक्षाधिकारियों ने कई रहस्योदघाटन कर सभी को न सिर्फ चौंकाया है बल्कि पहाड़ी इलाकों में सफर करने वालों की चिंता भी बढ़ा दी है। हालांकि इन रहस्योदघटनों के उपरांत प्रदेश के आतंकवादग्रस्त पहाड़ी इलाकों में सैन्य वाहनों की सुरक्षा की खातिर तो उपाय किए जा रहे हैं पर असैन्य वाहनों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। एक वरिष्ठ सेनाधिकारी के बकौल, राजौरी, पुंछ और रियासी के पहाड़ी रास्तों पर आतंकी एक जैसी रणनीति अपना कर वाहनों पर हमले कर रहे हैं। हालांकि पहले वे सिर्फ सैन्य वाहनों पर हमलों को अंजाम दे रहे थे लेकिन अब उनके द्वारा असैन्य वाहन को निशाना बनाए जाने से उन नागरिकों की जान सांसत में पड़ गई है जो इन मार्गों का इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर घटनाक्रमों पर एक नजर दौड़ाएं तो आतंकियों ने पहले भी राजौरी व पुंछ में दो बार, 21 दिसम्बर 2023 में डेरा की गली में तथा 4 मई 2024 को सुनह नाले के पास, सैन्य वाहनों पर पहाड़ी मोड़ों पर हमले उस समय किए थे जब सैन्य वाहनों ने तीखे मोड़ पर अपने वाहनों की स्पीड को आहिस्ता किया था।

जरांगे-पाटिल की हालत बिगड़ी

■ भूख हड़ताल का चौथा दिन

जालना (महाराष्ट्र), 11 जून (एजेंसियां)। मराठा आरक्षण के लिए अपने पांचवें अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आंदोलन के चौथे दिन मंगलवार को शिवबा संगठन के प्रमुख मनोज जरांगे-पाटिल की तबीयत बिगड़ गई, लेकिन उन्होंने इलाज कराने से इनकार कर दिया। एक सहयोगी ने कहा कि एक मेडिकल टीम ने जरांगे-पाटिल की जांच की और पाया कि वह कमजोरी, लो ब्लड प्रेशर, कम वजन और दूसरी बीमारियों से पीड़ित हैं। हालांकि, उन्होंने कोई भी दवा लेने से इनकार कर दिया है और कहा कि मराठा आरक्षण पर सरकार द्वारा मांगें माने जाने तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। अस्पताल की टीम के एक डॉक्टर ने कहा कि मराठा नेता को तुरंत इलाज की जरूरत है।

मौसम | फिर शुरू होगा हीट वेव का दौर

कई दिनों तक भीषण गर्मी से राहत नहीं

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर हीट वेव का असर देखने को मिलने वाला है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, 12 जून से लेकर 17 जून के बीच हीट वेव का असर देखने को मिल सकता है और पारा 45 डिग्री के पार पहुंच जाएगा। 11 जून तक पारा 44 डिग्री के पार दिख रहा है।

डॉक्टरों की सलाह है कि हीट वेव के दौरान घरों से बिल्कुल ना निकलें और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं ताकि डिहाइड्रेशन का शिकार ना हो पाएं। मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो 11 जून को आसमान में बादल छाए रहने की उम्मीद है और पारा 44 डिग्री के पार पहुंच सकता है। वहीं 12 जून से लेकर 13, 14, 15, 16 और 17 जून तक पारे के 45 डिग्री से ज्यादा पहुंचने की संभावना जताई गई है। साथ ही साथ किसी भी तरीके के कोई भी बादल छाने या बारिश या तेज तूफान के असर को भी मौसम विभाग ने नहीं दिखाया है। इससे साफ तौर पर जाहिर है कि एनसीआर वालों को एक बार फिर भीषण और तेज गर्मी का सामना करना पड़ सकता है और हीट वेव के चलने के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि बीते दिनों दिल्ली में पारा 50 डिग्री के भी पार पहुंच गया था और बिजली की आपूर्ति भी अपने बीते रिकॉर्ड को तोड़ चुकी थी। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में भी बिजली आपूर्ति में होने वाली बाधा के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग लगातार सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। माना जा रहा है कि भीषण गर्मी के एक बार फिर बढ़ने से लोगों की दिक्कत बढ़ने लगेगी, बच्चों और बुजुर्गों पर हीट वेव का बहुत ज्यादा असर होता है। इसलिए डॉक्टर सलाह देते हैं कि ज्यादा से ज्यादा समय तक घर के अंदर रहें और खूब तरल पदार्थ पिएं।

45 डिग्री के पार पहुंच जाएगा पारा

देश

उवाच

एक कथित हत्या के मामले में फंसे प्रसिद्ध कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीप की संलिप्तता या घटना के पीछे के मकसद का पता लगाए जाने से पहले इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

-डॉ.जी.परमेश्वर, कर्नाटक के गृह मंत्री

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	44.0	31.0
मुंबई	30.0	29.0
कोलकाता	33.0	28.0
चेन्नई	36.0	29.0

मोदी में गठबंधन सरकार चलाने की क्षमता नहीं

इंफाल, 11 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने मंगलवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनावों में जो आंकड़े सामने आए हैं और जो हालात हैं, उन्हें देखते हुए यह नहीं लगता कि मोदी में गठबंधन सरकार चलाने की क्षमता है। गोगोई का कहना था, मोदी अपने मंत्रिमंडल तक को विश्वास में नहीं लेते। जब उन्होंने नोटबंदी की, तो वित्त मंत्री को पता नहीं था। जब उन्होंने अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया, तो उनके मंत्रिमंडल को पता नहीं था। जब वह 'अग्निपथ' लाए, तो उनके मंत्रिमंडल को पता नहीं था। इसलिए जो व्यक्ति अपने मंत्रिमंडल को भी विश्वास में नहीं ले सकता, वह राजग को कैसे विश्वास में लेगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के सुचारू रूप से काम करने के लिए एक खुले दिमाग, एक समावेशी दृष्टिकोण, सुनने की क्षमता और लचीला होना आवश्यक है जैसा अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के नेतृत्व में हुआ था।

■ कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने गठबंधन सरकार को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने मणिपुर हिंसा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से उम्मीद नहीं की जाती कि वह हिंसा प्रभावित मणिपुर में मौजूदा हालात पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के शब्दों पर ध्यान देंगे। वह फिलहाल पूर्वोत्तर राज्यों को नजरअंदाज ही करेंगे। इसके अलावा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों का दुरुपयोग करेंगे और भारतीय संविधान को तोड़ने-मरोड़कर पेश करने की कोशिश करेंगे। बता दें, एक साल से अधिक समय बीतने के बाद भी राज्य में हालात गंभीर बने रहने पर आरएसएस प्रमुख ने सोमवार को चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि संकट से घिरे राज्य की हालत पर प्राथमिकता के साथ विचार किया जाना चाहिए। मैं पीएम से उम्मीद नहीं करता गोगोई ने कहा मैं पीएम मोदी से यह उम्मीद नहीं करता कि वह आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के शब्दों पर कोई ध्यान देंगे। प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर को नजरअंदाज करेंगे। कानून लागू करने वाली एजेंसियों का दुरुपयोग करेंगे और भारतीय संविधान को तोड़ने-मरोड़ने की कोशिश करेंगे।

मोदी अपने मंत्रिमंडल तक को विश्वास में नहीं लेते जब उन्होंने देश में नोटबंदी की तो वित्त मंत्री को पता नहीं था : गौरव गोगोई

अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी एनडीए सरकार

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा है कि संसदीय लोकतंत्र के प्रति भारतीय जनता पार्टी का दृष्टिकोण तब तक नहीं बदलेगा जब तक नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि फुटबाल के खेल की तरह संसद में इस बार विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रक्षा पंक्ति बहुत मजबूत हो गई क्योंकि उसके पास 230 से अधिक सांसद हैं। गोगोई ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व शैली यह विश्वास पैदा नहीं करती कि यह सरकार पांच साल सफलतापूर्वक चल सकती है। असम के जोरहाट से लोकसभा सदस्य गोगोई ने कहा कि मैं देख रहा हूं कि 'इंडिया' गठबंधन के 236 सांसदों की उपस्थिति में यह एक ऐसी संसद होगी जहां वे (सत्तापक्ष) विधेयकों को मनमाने ढंग से पारित नहीं करा सकते, हमें डरा नहीं सकते, हमें निलंबित नहीं कर सकते।' उन्होंने सवाल किया, 'सरकार ने (पिछले साल) 146 सांसदों को निलंबित करा दिया था। क्या वे इस बार 236 को निलंबित करेंगे। गोगोई पिछली लोकसभा में सदन के भीतर कांग्रेस के उप नेता थे। गोगोई ने इस धारणा को भी खारिज कर दिया कि राजग की सहयोगी तेलुगू देशम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यू) के नेता नीतीश कुमार ने सरकार गठन में सब कुछ भाजपा पर छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं के पास 'बेहद चतुर राजनीतिक दिमाग' है और उन्हें आंकने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए क्योंकि 'केवल समय ही बताएगा कि कि उनके असल इरादे क्या हैं।'

कांग्रेस नेता ने कहा कि जब तक मोदी प्रधानमंत्री हैं तब तक उन्हें संसदीय लोकतंत्र के प्रति भाजपा के दृष्टिकोण में बदलाव की उम्मीद नहीं है। गोगोई का कहना था, 'उनके पास अपनी पार्टी के भीतर ही अपना दृष्टिकोण बदलने का लचीलापन नहीं है। प्रधानमंत्री कार्यालय कैबिनेट सहयोगियों को निर्देशित करेगा। सहयोगी दल अपने राज्यों को विशेष दर्जा देने, जाति जनगणना कराने, 'अग्निपथ' योजना को हटाने की मांग करते रहेंगे लेकिन मुझे नहीं लगता कि सहयोगी दलों को लेकर उनका (मोदी) दृष्टिकोण बदल जाएगा।

देश की जनता ने मोदी को विनम्रता का पाठ पढ़ाया : कांग्रेस

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इस चुनाव का सार यही है कि भारत की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी को विनम्रता का पाठ पढ़ाया है। चुनाव में कांग्रेस के विजयी होने के दावे के विरोध में भाजपा के तर्क के बारे में पूछे जाने पर गोगोई ने कहा कि भाजपा अकेले नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के रूप में लड़ी और कांग्रेस 'इंडिया' गठबंधन के रूप में लड़ रही थी तथा परिणाम को उस दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। इस बार के लोकसभा चुनाव में राजग को 293 सीट तो 'इंडिया' गठबंधन को 234 सीट मिलीं, लेकिन निर्दलीय सांसदों विशाल पाटिल और पप्पू यादव ने भी कांग्रेस के प्रति समर्थन का ऐलान किया है। गौरतलब है कांग्रेस के युवा सांसद ने भाजपा के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 1.44 लाख से अधिक मतों के अंतर से हराकर असम के जोरहाट निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए जीत हासिल की। गोगोई ने अगस्त 2023 में नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में एक भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने मणिपुर पर मोदी के मौन व्रत पर सवाल उठाया था और पूछा था कि अब तक राज्य का दौरा क्यों नहीं किया।

दक्षिण कश्मीर में ओजीडब्ल्यू नेटवर्क से आईईडी बरामद

श्रीनगर, 11 जून (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हाल ही में दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में मुठभेड़ में मारे गए शीर्ष आतंकवादी कमांडर रेयाज अहमद डार के ओवरग्राउंड वर्कर नेटवर्क (ओजीडब्ल्यू) से छह किलो के दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए है। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर डार अपने सहयोगी रईस अहमद डार के साथ गत तीन जून को पुलवामा के निहामा गांव में संयुक्त बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। पुलिस ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान एके-47 राइफल, एके-47 राउंड, पिस्तौल आदि और अन्य आपत्तिजनक सामग्री सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। इस संबंध में पुलिस स्टेशन काकापोरा में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने कहा कि जांच में यह पता चला कि आतंकवादियों को निहामा के निवासियों बिलाल अहमद लोन, सज्जाद गनी और शाकिर बशीर के रूप में पहचाने गए ओजीडब्ल्यू द्वारा आश्रय और रसद दिया गया था। पुलिस के सोमवार देर रात जारी एक बयान में कहा गया ओजीडब्ल्यू नेटवर्क का खुलासा किया गया और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि मारे गए दोनों आतंकवादियों ने आईईडी तैयार किया था जिसे बाद में शाकिर बशीर के कब्जे से बरामद किया गया। बशीर ने इसे बगीचों में छिपा दिया था। इन आईईडी विस्फोटकों को सक्रिय सर्किट ट्रिगर तंत्र के साथ एक प्लास्टिक कंटेनर में पैक किया गया था। इनका वजन लगभग छह किलोग्राम था। इसे बाद में पुलवामा पुलिस और सेना ने यथास्थान नष्ट कर दिया। पुलिस ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है। वहीं दूसरी ओर रियासी में आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों की तलाश मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना की टीमें तलाशी अभियान में जुटी हुई हैं। खोजी कुत्तों के साथ ही ड्रोन की मदद से पहाड़ और जंगल का चप्पा-चप्पा खंगाला जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा बलों को संदेह है कि पाकिस्तानी आतंकवादी राजोरी और रियासी के पहाड़ी इलाकों में छिपे हुए हैं और उन्होंने क्षेत्र में तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया

सार संक्षेप

शिवराज ने कृषि मंत्री बनाने पर मोदी का जताया आभार

भोपाल। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ये महत्वपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं को सौंपे जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के प्रत्येक किसान परिवार की खुशहाली का वे प्रयत्न करेंगे। चौहान ने कल एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि सशक्त तथा संपन्न किसान समृद्ध भारत का आधार हैं। सरकार की प्राथमिकता किसान का कल्याण तथा गांवों का उत्थान है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हम विकसित भारत के विराट संकल्पों को सिद्ध करेंगे तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे।

जमुई में सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

जमुई। बिहार में जमुई जिले के चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई। चकाई-देवघर मुख्य मार्ग के अंडीडीह मोड़ के समीप तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बाउंड्री वॉल से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान पटना के गोरिया टोला निवासी गोरेलाल यादव, अमन कुमार और नवादा निवासी संतोष कुमार यादव के रूप में की गयी है। कार पर सवार तीनों युवक पटना से देवघर जा रहे थे। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

कश्मीर में बरारी माएज मंदिर का किया जीर्णोद्धार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में माता के 'बरारी माएज' मंदिर का 30 साल से अधिक समय के बाद जीर्णोद्धार किया गया, जहां बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों सहित श्रद्धालुओं ने मंगलवार को पूजा-अर्चना की। मुर्रान गांव स्थित यह मंदिर चारों ओर से चिनार के विशाल पेड़ों से घिरा हुआ है, जिसमें एक बड़ा और सुंदर झरना है जिसका पानी शीशे जैसा साफ है। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के सिर उठाने के बाद कश्मीरी पंडितों के भाग कर देश के अन्य हिस्सों में चले जाने के कारण 30 साल से भी अधिक पहले इस मंदिर को बंद कर दिया गया था।

पटना में दिन-दहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

दानापुर। राजधानी पटना से सटे शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर दियारा गांव में सुबह-सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान माधोपुर दियारा निवासी झूलन राय के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। झूलन राय सुबह गाय का दूध निकाल रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। इस हत्याकांड के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

रागिनी नायक का रजत शर्मा पर धमकाने का आरोप

नई दिल्ली, 11 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने टीवी पत्रकार रजत शर्मा पर लाइव डिबेट में गाली देने का आरोप लगाया है। रागिनी ने सबूत के तौर पर वीडियो भी साझा किया। जिसमें कहा गया है कि वे लाइव डिबेट शो में थीं तो रजत शर्मा ने उन्हें गाली दी। इस बीच रजत शर्मा की विधिक टीम ने आरोपों को खारिज करते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे पहले रागिनी नायक ने मंगलवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दो वीडिया क्लिप लगाते हुए आरोप लगाया कि उन्हें चैनल पर गाली दी गई। उन्होंने कहा कि एक्स पर एक वीडियो साझा कर उन्हें संज्ञान में लाया गया कि रजत शर्मा उन्हें ऑन एयर एक भद्दी गाली देते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि फैक्ट चेक के लिए वीडियो का रॉ फुटेज निकाला। पत्रकारिता का इतना गिरा हुआ स्तर क्या होगा कोई जवाब इसका रजत शर्मा के पास है। मीडिया के सामने अपने आरोपों को दोहराते हुए रागिनी रोने लगी। उन्होंने कहा कि उनके मां-बाप, बूढ़े सास-ससुर उनके बच्चे सब वीडियो देख रहे थे। कांग्रेस के लाखों करोड़ों लोग देश की जनता वीडियो देख रही थी कि रजत शर्मा ने उन्हें गाली दी। उन्होंने कहा कि गाली ही नहीं उन्हें धमकाया गया कि अगर इसको लेकर प्रेस कांफ्रेंस किया तो मानहानि का मुकदमा करेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी एक्स पर लिखा कि रजत शर्मा एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व हैं। उनका अपना राजनीतिक झुकाव है। लेकिन कांग्रेस की एक प्रमुख प्रवक्ता जो कि महिला हैं,के लिए इस तरह की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसकी कडी निंदा की जानी चाहिए। इस मामले में उन्हें बिना शर्त तत्काल सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

■ जयराम रमेश ने की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने की कड़ी निंदा

बिहार को थमा दिया झुनझुना : तेजस्वी

■ राजग सरकार में मंत्रिमंडल बंटवारे के बाद बोला हमला

पटना,11 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में मंत्रिमंडल बंटवारे के बाद बिहार में सियासत तेज हो गई है। विपक्ष के नेता कह रहे हैं फिर से मोदी 3.0 की सरकार ने बिहार को कुछ नहीं मिला। सारे महत्वपूर्ण विभाग अपने पास ही रखे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार को झुनझुना थमा दिया गया है। हम बिहारवासी जानते हैं कि बिहार की तरक्की के बिना देश तरक्की नहीं कर सकता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार इस बार निर्णायक भूमिका में है। मोदी जी के 10 वर्ष पूर्व के वादानुसार एवं झारखंड बंटवारे के बाद सन 2002 से हमारे दल की पुरानी मांग तथा अधिकार रैलियों के माध्यम एवं अभी दो महीने पूर्व तक सीएम नीतीश की केंद्र सरकार से निरंतर डिमांड के मद्देनजर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज का हम बिहार वसियों को इंतजार रहेगा। वैसे मंत्रिमंडल बंटवारे में तो बिहार को झुनझुना ही थमा दिया गया।

हम बिहारवासी जानते हैं कि राज्य की तरक्की के बिना देश तरक्की नहीं कर सकता है : तेजस्वी यादव

बिहार के चार कैबिनेट मंत्रियों का मंत्रालय

रविवार को मोदी के साथ 71 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 30 कैबिनेट मंत्री, पांच स्वतंत्र प्रभार मंत्री और 36 राज्य मंत्री हैं। सोमवार की शाम इन सभी के मंत्रालयों की जानकारी सार्वजनिक की गई। पहली बार सांसद बने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय दिया गया है।

कैबिनेट मंत्रियों में जनता दल यूनाइटेड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज मंत्रालय के साथ मत्स्यपालन पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय दिया गया है। भाजपा के बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह को कपड़ा मंत्रालय दिया गया है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और हाजीपुर सांसद चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय दिया गया है। जदयू कोटे से राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय का राज्यमंत्री बनाया गया है।

गृह मंत्री अमित शाह के साथ रहे उजियारपुर के भाजपा सांसद नित्यानंद राय की जिम्मेदारी नहीं बदली गई है। उन्हें फिर से गृह राज्यमंत्री बनाया गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे को कोयला और खनन मंत्रालयों का राज्यमंत्री बनाया गया है। मुजफ्फरपुर से पहली बार सांसद बने भाजपा के राजभूषण चौधरी को जल शक्ति राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।

विपक्ष संसद में अब हो गया है मजबूत : यादव

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि इस बार जांच एजेंसियों को निष्पक्ष रहना होगा। संसद में विपक्ष मजबूत हो गया है। अब ईंट से ईंट बजेगा। तेजस्वी यादव ने दावा करते हुए कहा कि हमलोग इसबार विधानसभा में चार गुना ज्यादा सीट जीतेंगे।

उत्तर प्रदेश में सरकार बनाना सपा का एकमात्र लक्ष्य : अखिलेश यादव

■ कार्यकर्ताओ से 2027 की तैयारी में जुटने का किया आह्वान

लखनऊ/इटावा, 11 जून (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल करने के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) का अगला मिशन 2027 में उत्तर प्रदेश को फतह करना है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को यहां कहा कि उनकी पार्टी का अब एकमात्र लक्ष्य उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले चुनाव में भाजपा का सूपड़ा सरकार कर सरकार बनाने का है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से 2027 की तैयारी में जुटने की जरूरत है। सैफई स्थित पार्टी ऑफिस में अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान बदलने के मुद्दे पर जनता ने हम आप सबका सहयोग किया है जिसके बदौलत समाजवादी पार्टी इतने बड़े जनमत के साथ में आज देश की तीसरी पार्टी बन गई है। बेशक केंद्र में एनडीए ने सरकार बना ली है लेकिन इसके बावजूद भी उनके चेहरों पर खुशी नहीं दिखाई दे रही है। जिन लोगों ने शपथ ली है, वह भी खुश नहीं है और सरकार बनाने वाले भी खुश नजर नहीं आ रहे हैं। सबसे बड़ी बात तो है कि एनडीए की सरकार बनने के बाद जनता में भी खुशी का एहसास नहीं है।

केंद्र में सरकार बनाने वाले के चेहरों पर खुशी नहीं दिखाई दे रही : अखिलेश यादव

एनडीए से देशवासियों को कुछ भी नया नहीं मिलने वाला

सपा अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र में नवगठित एनडीए सरकार से देशवासियों को कुछ भी नया नहीं मिलने वाला है। देखिए यह गिनती की गिनती है आने वाले दिनों में इसका क्या असर होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता पहली बार हारने में ही पूरी तरह से मायूस हो गए हैं जबकि समाजवादियों ने कई कई हार देखने के बावजूद भी मायूसी नहीं दिखाई है। यह असल में समाजवादियों की निशानी है संघर्ष के बल पर कामयाबी पाना ही असल समाजवाद है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अगर समाजवादियों की जीत का सिलसिला इसी तरह चलता रहा तो 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ेगा।

अश्विनी वैष्णव ने रेलमंत्री व रवनीत सिंह ने रेल राज्यमंत्री का कार्यभार ग्रहण किया

नई दिल्ली, 11 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन में पदभार ग्रहण किया। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं सीईओ सुश्री जया वर्मा सिन्हा ने वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ रेल भवन में उनका स्वागत किया। हाउसकीपिंग स्टाफ और रेलवे के अन्य अधिकारियों ने भी अश्विनी वैष्णव को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी।

मीडिया को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा निर्धारित दीर्घकालिक विजन को साकार करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी का रेलवे के साथ एक विशेष भावनात्मक जुड़ाव है और उन्होंने मुझे अपने परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय रेलवे आम जनता के लिए परिवहन का एक किफायती और सुविधाजनक साधन बना रहे। 8 जुलाई, 2021 को पहली बार रेल मंत्री बने श्री वैष्णव ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत आशा और उम्मीद के साथ की है। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान, उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्धारित दूरदर्शी एजेंडे के अनुरूप कई परिवर्तनकारी परियोजनाओं की शुरुआत की और उन्हें क्रियान्वित किया। इन पहलों में रेलवे के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण और पुनरोद्धार शामिल है, जिसमें स्टेशनों का परिवर्तन, नई ट्रेनों की शुरूआत, व्यापक स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम, नई रेल लाइनों की शुरुआत और व्यापक विद्युतीकरण जैसी पहल शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन रेलवे को किफायती और सुविधाजनक परिवहन का माध्यम बनाना है: अश्विनी वैष्णव

श्री अश्विनी वैष्णव (जन्म 1970) ओडिशा से राज्यसभा के सदस्य हैं। वे पूर्व आईएएस अधिकारी थे और उन्होंने जिला कलेक्टर के रूप में सुंदरगढ़, बालासोर और कटक के लोगों की सेवा की। उन्होंने आईआईटी कानपुर से प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर और व्हार्टन से एमबीए किया है।

उधर दूसरी ओर रवनीत सिंह, केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री ने भी आज रेल भवन में अपना पदभार ग्रहण किया। मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए श्री रवनीत सिंह ने कहा, आज मैं रेल राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण कर रहा हूं। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह, भाजपा पार्टी के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री श्री जे.पी.नड्डा तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, हमें रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ, रेलवे बोर्ड के सदस्य और अधिकारियों के साथ मिलकर काम करना है। मैं देश के नागरिकों को भी बधाई देता हूं। रेलवे आम लोगों को जोड़ती है, इसकी बहुत बड़ी भूमिका है।

समीक्षा *झारखंड में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में बोले चंपाई सोरेन*

राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

रांची, 11 जून (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य की बेहतर विधि व्यवस्था से प्रदेश की बेहतर छवि बनती है और इससे विकास को नया आयाम मिलता है। सोरेन ने यहां वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिलों के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए कहा।

कि यह राज्य की दशा और दिशा भी तय करता है। यही वजह है कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की विशेष प्राथमिकता है । आप सभी के सहयोग से विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण संभव है। इस मौके पर उन्होंने विधि-व्यवस्था, अपराध एवं उग्रवाद नियंत्रण, अवैध खनन, मादक पदार्थों और शराब तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ कार्रवाई एवं वन, उत्पाद और भू-राजस्व से जुड़े मामलों की उच्च स्तरीय समीक्षा कर कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में काफी विविधताएं हैं। कहीं जंगल झाड़ है तो कहीं खदान। कुछ इलाकों में उद्योगों की बहुलता है तो कहीं लोग कृषि पर निर्भर हैं। इसी तरह यहां की परिस्थितियों के अनुरूप अपराध में भी काफी विविधताएं हैं।

■ मुख्यमंत्री ने यातायात व्यवस्था में भी सुधार करने पर जोर दिया

नित्य अपराध के स्वरूप में भी परिवर्तन आ रहा है। ऐसे में पुलिस की चुनौती भी बढ़ जाती है। ऐसे में अपराध को नियंत्रित करने में आपकी कार्यशैली और मजबूत सूचना तंत्र काफी कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अपराध के वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति भी बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई ऐसी नवीनतम तकनीकें हैं, जिसके जरिए अपराध को जानने-समझने के साथ नियंत्रित करने में इस्तेमाल किया जा सकता है। पुलिस को ऐसी आधुनिक तकनीक से हमेशा अपडेट रहने की जरूरत है। इसके साथ अन्य राज्यों में विधि व्यवस्था को लेकर जो व्यवस्थाएं हैं, उसका भी अध्ययन करें, ताकि झारखंड की परिस्थितियों के अनुरूप उसकी जरुरत पड़े तो उसका इस्तेमाल किया जा सके। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक सिस्टम में भी सुधार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में डीसी और एसपी के बीच बेहतर समन्वय से ही कानून एवं व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलती है । उन्होंने कहा कि डीसी और एसपी के बेहतर को- ऑर्डिनेशन से बेहतर नतीजे आते हैं। इससे विकास को गति मिलती है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राज्य के तमाम अधिकारी अपनी बेहतर कार्य शैली से विधि व्यवस्था और अन्य सभी मामलों में बेहतर नतीजे देंगे।

मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो भी संसाधन और जरूरतें होगी, उसे सरकार पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन की वजह से राज्य की छवि पर असर पड़ा है ।

उल्टा पुल्टा

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!
छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!
बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!
हिहि

पीजीसीआईएल सब स्टेशन से बिजली हुई गुल : आतिशी

- नेशनल पॉवर ग्रिड की विफलता से दिल्ली के एक बड़े हिस्से में बिजली कटौती पर जताई चिंता
- दिल्ली को मंडोला सब-स्टेशन से मिलती है 12 सौ मेगावाट बिजली

नई दिल्ली, 11 जून (देशबन्धु)। मंगलवार दोपहर दिल्ली के एक बड़े हिस्से में पॉवर कट देखने को मिला। नेशनल पॉवर ग्रिड की विफलता से दिल्ली के एक बड़े हिस्से में बिजली कटौती हुई। मंडोला, उत्तर प्रदेश स्थित पॉवर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सब-स्टेशन में आग पॉवर कट की वजह बनी। यहां से दिल्ली को 1200 मेगावाट बिजली मिलती है। नेशनल पावर ग्रिड की इस चिंताजनक विफलता को लेकर लेकर ऊर्जा मंत्री आतिशी ने नव नियुक्त केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और पीजीसीआईएल के अध्यक्ष से मिलने का समय मांगा है। इस बाबत साझा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की राजधानी में नेशनल ग्रिड की वजह से इस तरह पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर के फेल होने के परिणाम बेहद गंभीर हो सकते है। हम केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और पीजीसीआईएल के अध्यक्ष से मिलकर मांग करेंगे कि देश की राजधानी में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि कि दिल्ली सरकार ने हमेशा 24×7 बिजली देने का प्रयास किया है। कुछ हफ्ते पहले 8300 मेगावाट की पीक पॉवर डिमांड को भी बिना किसी ब्लैकआउट के पूरा किया है। लेकिन आज दिल्ली में नेशनल पॉवर ग्रिड की वजह से बिजली कटी और हम

दिल्ली सरकार ने हमेशा निर्बाध विद्युत देने का प्रयास किया है : आतिशी

इसपर तुरंत एक्शन लेंगे। ऊर्जा मंत्री आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि, दिल्ली में दोपहर 2:11 बजे से दिल्ली के कई हिस्सों में खासतौर पर पूर्वी दिल्ली और आईटीओ, दक्षिणी दिल्ली में सरिता विहार, सुखदेव विहार सहित कई इलाकों में एक बड़ा पावर कट हुआ। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उत्तर प्रदेश के मंडोला में स्थित पॉवर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के एक सब-स्टेशन में आग लग गई। उन्होंने कहा कि, यहां से दिल्ली को 1200 मेगावाट बिजली मिलती है। इस वजह से सप्लाई प्रभावित हुई और इससे दिल्ली के कई हिस्सों में पॉवर कट हुआ। नेशनल पावर ग्रिड की इस चिंताजनक में विफलता को लेकर ऊर्जा मंत्री आतिशी ने नव नियुक्त केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और पीजीसीआईएल के अध्यक्ष से मिलने का समय मांगा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी स्थिति दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि, पूरे देश के पॉवर ट्रांसमिशन को केंद्र सरकार चलाती है। दिल्ली में बहुत कम बिजली का उत्पादन होता है और दिल्ली बिजली की अपनी ज़रूरतों के लिए देश के दूसरे राज्यों से बिजली खरीदती है जो एनटीपीसी और पीजीसीआईएल के माध्यम से दिल्ली तक आती है। उन्होंने कहा कि, ये बेहद चिंताजनक है कि आज हमारे देश के राष्ट्रीय स्तर का पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर फेल हुआ है।

कांवड़ शिविर की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर दिल्ली सरकार में राजस्व मंत्री आतिशी ने दिल्ली में सभी जिलों के डीएम और विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ कांवड़ शिविर की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बता दें कि कांवड़ियों की सुविधा के लिए इस साल दिल्ली भर में लगभग 200 कांवड़ शिविर लगाए जाएँगे। पूर्वी दिल्ली, उत्तरी पूर्वी दिल्ली व शहादरा जिलें दिल्ली में कांवड़ियों के एंट्री पॉइंट है। ऐसे में इन तीनों जिलों में सबसे ज़्यादा शिविर लगाए जाएँगे ताकि कांवड़ियों को कोई परेशानी का सामना करना पड़े। इस बाबत साझा करते हुए राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, हर साल की तरह केजरीवाल सरकार इस साल भी दिल्ली भर में कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए कांवड़ कैंप लगवायेगी, जहाँ उनके लिए हर जरुरी सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएगी। कांवड़ियों के लिए शिविर में वाटर प्रूफ टेंट, फर्नीचर, शौचालय, पानी, मेडिकल सहित अन्य जरुरी सुविधाएँ मौजूद होंगी। उन्होंने साझा किया कि इस बाबत सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए है कि कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए हर जरुरी कदम सुनिश्चित किए जाए। इस बाबत साझा करते हुए राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, सावन के इस पवित्र महीने में केजरीवाल सरकार शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा, सुविधा और सुरक्षा के लिए सरकार हर जरुरी इंतजाम कर रही है और सभी जिला प्रशासन को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने साझा करते हुए कहा कि पूर्वी दिल्ली, उत्तरी पूर्वी दिल्ली व शहादरा जिले दिल्ली में कांवड़ियों के एंट्री-एग्जिट पॉइंट होता है। ऐसे में यहाँ सबसे ज्यादा शिविर लगाए जाएँगे ताकि बड़ी संख्या में कांवड़ियों के आने बाद भी भीड़ का आसानी से प्रबंधन हो सकें। साथ ही प्रशासन द्वारा कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए स्थानीय डिस्पेंसरियों को शिविरों से जोड़ा जाएगा। किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए कैट्स एंबुलेंस की उपलब्धता होगी। साथ ही अस्पतालों को कांवड़ियों के इलाज के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए जाएंगे। कांवड़ शिविर से जुड़ी तैयारियों को लेकर राजस्व मंत्री आतिशी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि, अभी से लेकर शिविर के आयोजन तक हर जिलाधिकारी हर सप्ताह तैयारियों से जुड़ी रिपोर्ट सौंपे।

लोस अध्यक्ष पद पर मोदी के तीसरे कार्यकाल में सबकी नजर

नई दिल्ली, 11 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 71 मंत्रियों के साथ लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। मंत्रालयों का बटवारा भी हो गया है। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष पद किसके खाते में जाएगा, इसको लेकर अटकलबाजी जारी है। वहीं सूत्रों की माने तो इस पर एनडीए के सबसे बडे दल तेलगू देशम पार्टी ने अपना दावा ठोक दिया है। बता दें कि लोकसभा में इस बार भाजपा को अकेले बहुमत हासिल नहीं हुआ है। उसे सरकार चलाने के लिए चंद्रबाबू नायडू की 16 लोकसभा सदस्यों वाली तेलगू देशम पार्टी और नीतीश कुमार की 12 सदस्यों वाली जदयू के समर्थन की जरूरत होगी। फिलहाल प्रधानमंत्री ने मंत्रिमडल विस्तार कर लिया है। इसमें जदयू को एक कैबिनेट और एक राज्यमंत्री और तेलगूदेशम पार्टी को भी एक कैबिनेट और राज्यमंत्री का पद मिला है। जबकि माना जा रहा था कि 16 सदस्यों वाली टीडीपी अगर चाहती तो उसे

- टीडीपी का दावा मजबूत

एक-दो मंत्रालय और भी मिल सकते थे। इसी को देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार लोकसभा अध्यक्ष भाजपा का नहीं बल्कि सहयोगी दल का होगा। मालूम हो कि भाजपा पिछले एक दशक से लोकसभा अध्यक्ष का पद अपने पास रखती रही है। लेकिन इस बार जब उसके पास पूर्ण बहुमत नहीं है तो सहयोगी दलों ने मंत्रिमंडल में ज्यादा हिस्सेदारी मांगने के बजाय लोकसभा अध्यक्ष पद पर अपनी निगाह गडा दी है। ताकि अगर भविष्य में सहयोगी दलों में किसी संभावित तोड-फोड की संभावना को आसानी से अंजाम न दिया जा सके।

सार संक्षेप

धनखड़ ने साउलोस क्लाउस चिलिमा की मृत्यु पर जताया शोक

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मलावी के उपराष्ट्रपति साऊलोस क्लाउस चिलिमा के मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट किया है। उपराष्ट्रपति सचिवालय से मंगलवार को यहां जारी एक संदेश में कहा गया कि मलावी के उपराष्ट्रपति साऊलोस क्लाउस चिलिमा की एक विमान दुर्घटना में मृत्यु के समाचार से श्री धनखड़ स्तब्ध हैं। धनखड़ ने कहा कि मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिजनों के साथ हैं। संकट की इस घड़ी में भारत मजबूती के साथ मलावी के साथ खड़ा है।

कटरा जा रही बस पर आतंकी हमले की कड़ी शब्दों में की निंदा

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश नेशनल पैंथर्स पार्टी के अध्यक्ष राजीव जोली खोसला ने शिवखोड़ी से कटरा जा रही बस पर आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकवादी तो श्रद्धालुओं को मौत की नींद सुलाने में कामयाब हो गए मगर प्रशासन क्यों ढीला नजर आया इसका मतलब यह है कि जो चप्पे-चप्पे पर निगरानी होती है वह सिर्फ दिखावा है या जनता को परेशान करने का ढोंग है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जिस प्रकार आतंकवादी आतंकी घटना को अंजाम देकर भाग गए उससे किसी बड़ी साजिश की बू-आ रही है। आतंकवादी पहाड़ियों में कहां छुप गए इसका मतलब यह है कि सरकारी मशीनरी शांत है कहां है इंटेलिजेंस ब्यूरो जिनको इतनी ज्यादा सुविधाएं दी जाती हैं। तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही श्रद्धालुओं की मौत का तोहफा आतंकवादियों ने दिया अब देखना है कि सरकार इसका बदला कैसे लेती है।

नवनिर्वाचित सांसद मल्लू रवि से की मुलाकात

नई दिल्ली। नई सरकार के गठन को लेकर दिल्ली के आंध्रा प्रदेश भवन में हलचल रही। वहीं नवनिर्वाचित सांसद मल्लू रवि सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रदेश कांग्रेस कमेटी तेलंगाना, नागर कूनूर संसदीय क्षेत्र, तेलंगाना राज्य से प्रसिद्ध समाज सेवी बूटू सेलवारू ट्रस्ट, नेशनल कॉर्डिनेटर ह्यूमन राइट्स यूनिट ने दिल्ली के तेलंगाना भवन में आयोजित समारोह में मुलाकात कर उन्हें उनकी जीत पर बधाई दी, वहीं इंडिया गठबंधन के मजबूत विपक्ष बनने की बधाई देते हुए राज्य की अन्य राजनीतिक गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा की।

मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगतिशील भविष्य की ओर बढ़ेगा : मल्होत्रा

नई दिल्ली। प्रख्यात समाजसेवी और कोरोना योद्धा चरणजीव मल्होत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मल्होत्रा जो महामारी के दौरान अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रशंसा प्राप्त कर चुके हैं, ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके सक्षम नेतृत्व में भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्पण और देश सेवा की भावना प्रेरणादायक है। उनके मार्गदर्शन में भारत ने न केवल आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान बनाई है। कोविड-19 महामारी के दौरान उनकी कुशल रणनीति और दूरदर्शिता ने लाखों लोगों की जान बचाई और देश को संकट से उबरने में मदद की। चरणजीव मल्होत्रा, जिन्होंने महामारी के दौरान कई राहत कार्यों का संचालन किया, ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी की स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की दिशा में की गई पहलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना और कोविड-19 वैक्सीन अभियान जैसी पहलें प्रधानमंत्री मोदी के जनस्वास्थ्य के प्रति गहरे प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। इनके माध्यम से देश के लाखों नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकी हैं।

बवाना इन्फ्रा का औद्योगिक क्षेत्र के मजदूरों को राहत पहुंचाने का अनूठा प्रयास

- गर्मी में श्रमिकों, कामगारों व बच्चों को 25 हजार मैंगो जूस की बोतलें बांटी

नई दिल्ली, 11 जून (देशबन्धु)। बवाना इंडस्ट्रियल एरिया को हरा-भरा बनाने और वहां काम करने वाले मजदूरों के उत्थान के लिए बवाना इन्फ्रा सदैव ही काम करता रहता है। बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में करीब दो लाख मजदूर काम करते हैं, जिनकी सहायता के लिए बवाना इन्फ्रा की ओर से समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं। हाल ही में इस इलाके की फैक्ट्रियों और व्यवसायिक संस्थानों में काम करने वाले गरीब श्रमिकों, कामगारों और उनके बच्चों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए बवाना इन्फ्रा की ओर से बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में 25 हजार मैंगो जूस की बोतलें बांटी गईं। बवाना इन्फ्रा के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुलकित अग्रवाल ने बताया कि भीषण गर्मी

ने इस बार लोगों की परेशानियों को और ज्यादा बढ़ा दिया है। खासतौर से मजदूरों के लिए समस्या और भी बढ़ गई है क्योंकि इतनी ज्यादा गर्मी में भी काम करना उनकी मजबूरी है। उनकी इस समस्या को महसूस करते हुए कंपनी ने यह विशेष कदम उठाया है, ताकि इतनी भीषण गर्मी से उन्हें कुछ निजात मिल सके। तपती दोपहरी में मैंगो जूस पीकर श्रमिकों और उनके बच्चों के चेहरों पर खुशी और संतुष्टि के भाव साफ झलक रहे थे।

इलाके में 50 हजार पौधे लगाए जाने की योजना

गौरतलब है कि धरती के बढ़ते तापमान को संतुलित रखने के लिए बवाना इन्फ्रा की ओर से सालाना वन महोत्सव भी मनाया जाता है, जिसके तहत इंडस्ट्रियल एरिया में हर वर्ष फल और फूल वाले हजारों पेड़-पौधे लगाए जाते हैं। इसी साल कंपनी की तरफ से पूरे इलाके में 50 हजार पौधे लगाए जाने की भी योजना है। इसके अलावा भी समय-समय पर बवाना इन्फ्रा द्वारा इलाके में काम करने वाले मजदूरों और उनके परिवारों के लिए, भंडारे, जूता वितरण तथा सर्दियों में कंबल वितरित करने के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं।

- नई दिल्ली में भीषण गर्मी व जल संकट के बीच यमुना नदी के सूखे हिस्से का दृश्य। राजधानी में पेयजल को लेकर लोगों की परेशानी बढ़ गई है। फोटो : इम्तियाज खान

शैली ने सफियाबाद बॉर्डर स्थित टोल नाके का किया निरीक्षण

नई दिल्ली, 11 जून (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने मंगलवर को नरेला क्षेत्र के अंतर्गत सफियाबाद बॉर्डर स्थित टोल नाके का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य टोल नाके की वजह से स्थानीय नागरिकों को होने वाली परेशानियां का जायजा लेना था। टोल टैक्स के यह नाका दिल्ली हरियाणा के बॉर्डर से लगभग एक किलोमीटर दिल्ली की तरफ एक घनी आबादी के क्षेत्र में स्थित है जहां पर तीन विद्यालय भी स्थित हैं। मेयर ने वहां उपस्थित स्थानीय नागरिकों से बातचीत की। नागरिकों ने बताया कि आबादी के मध्य स्थित होने के कारण टोल नाके पर भारी वाहनों का दबाव रहता है और अक्सर ट्रैफिक जाम लगता है। टोल नाके के दोनों तरफ सड़क किनारे ट्रक इत्यादि खड़े होने के कारण वहां से आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो ट्रैफिक जाम के चलते बच्चे परीक्षा में भी देर से पहुंचते हैं। मेयर ने नागरिकों की परेशानी सुनने के पश्चात वहां उपस्थित क्षेत्रीय उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारियों को जल्द से जल्द नागरिकों की समस्या का समाधान करने के लिए कहा। मेयर ने एक भी आश्वासन दिया कि टोल नाके को स्थानांतरित करने के विषय में जल्द ही सभी हितधारकों के साथ बैठक की जाएगी एवं स्थानीय नागरिकों को होने वाली परेशानी को कम करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मेयर के निरीक्षण के दौरान वार्ड नंबर 1 से पार्षद श्वेता खत्री, नरेला क्षेत्र के उपायुक्त पवन कुमार, टोल टैक्स विभाग के अतिरिक्त उपायुक्त सुमित कुमार के साथ नरेला क्षेत्र के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

- जन समस्याओं का जल्द समाधान करने के दिए निर्देश

कैबिनेट में बीस फीसद आबादी का हिस्सा न होना चिंता का विषय : खालिद नदवी

नई दिल्ली, 11 जून (देशबन्धु)। यूनाइटेड मुस्लिम ऑफ इंडिया यूएमआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद खालिद नदवी ने नरेंद्र मोदी को देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने पर बधाई देते हुए चिंता जताई कि उनके मंत्रिमंडल में बीस फीसदी आबादी के तबके से एक भी व्यक्ति को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि सैयद शाह नवाज हुसैन और मुख्तार अब्बास नकवी जैसे राष्ट्रीय स्तर के नेता, जिन्होंने जीवन भर भारतीय जनता पार्टी को सेवा और निष्ठा दी है, उन्हें जगह नहीं मिल रही है। उन्होंने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी ने सब का साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का नारा देकर देश की जनता को न्याय देने का जो पैमाना तय किया था, वह निश्चित रूप से सराहनीय था, लेकिन दुर्भाग्य से उनके काम करने के अंदाज ने हमें आहत किया है। मौलाना खालिद नदवी ने यह भी कहा कि भारत दुनिया में मानवता का अग्रदूत और विभिन्न धर्मों का देश है। यहां से गांधीवादी का संदेश दिया जाता है, इसलिए हम नरेंद्र मोदी जी से अपील करते हैं कि वे पुनर्विचार करें और मुसलमानों को नज़र अंदाज़ करना बंद करें और उन्हें देश में बहुसंख्यक समुदाय के रूप में मानें ताकि भारत की प्रतिष्ठा पर असर न पड़े। मौलाना खालिद ने एक सभा को संबोधित करते हुए उपरोक्त विचार व्यक्त किए।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी–201310 जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर–रोजा याकूबपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या–पी.ए.टी.0124, भूखण्ड संख्या–169, क्षेत्रफल–2150 वर्ग मीटर सर्वश्री ओमवीर सिंह, सोहनवीर सिंह, रामवीर सिंह, समरजीत सिंह पुत्रगण स्व० श्री अतर सिंह, निवासी–ग्राम–पतवारी, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री रामवीर सिंह पुत्र स्व० श्री अतर सिह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री नितिन कुमार, विपिन चौधरी पुत्रगण स्व० श्री रामवीर सिंह, श्रीमती सुमन पत्नी स्व० श्री रामवीर सिंह, निवासी–एस०आई०–112, शास्त्री नगर, तहसील व जिला–गाजियाबाद, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री नितिन कुमार, विपिन चौधरी पुत्रगण स्व० श्री रामवीर सिंह, श्रीमती सुमन पत्नी स्व० श्री रामवीर सिंह, निवासी–एस०आई०–112, शास्त्री नगर, तहसील व जिला–गाजियाबाद, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा (ई–रिवर्स नीलामी) आमंत्रित करते हैं:–

1.	कार्य का नाम एवं स्थान	आनन्द विहार में कोचिंग अनुरक्षण सह वाशिंग लाईन सं. 1 एवं 2 और 3. 4 तथा 5 वीं लाइन पर कवर शेड, वर्तमान सेवा भवन के प्रथम तल पर वाशिंग लाइन कॉम्पलेक्स का विस्तार, वर्तमान प्रथम तल पर कैपिटल स्टोर डिपो पर रेम्प सहित लोडिंग/अनलोडिंग प्लेटफार्म का निर्माण, कैपिटल स्टोर डिपो के चारो तरफ एवं मुख्य लाइन की ओर फेसिंग सहित आर.सी. सी. बांउड्रीवाल का निर्माण तथा हाई स्पीड गाड़ियों के अनुरक्षण सहित अन्य विविध कार्य।
2.	अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत	रुपये 5515.64 लाख
3.	कार्य पूरा करने की अवधि	18 माह
4.	जमा की जाने वाली जमानती राशि	रूपये 29,07,800/–
5.	ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय	निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 10.06.2024 से 16.07.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
6.	बोली पूर्व सम्मेलन	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली में एवं ऑनलाईन के माध्यम से भी दिनांक 21.06.2024 को 11:30 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।
7.	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय	16.07.2024 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 02.07.2024 से 16.07.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है।
8.	ई निविदा खुलने की तिथि एवं समय	11:30 बजे दिनांक 16.07.2024 को खोली जायेगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है।

सं0–74–डब्लु/4/1/470/डब्लु.ए./स्टैट इंट्री रोड–I दिनांक : 10.06.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1734/24

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी–201310 जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैक्टर/ग्राम–बिसरख जलालपुर की प्रस्तावित आबादी में आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल–680 वर्ग मीटर श्री प्रहलाद पुत्र श्री मुसाहिब, निवासी–ग्राम–बिसरख जलालपुर, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आरक्षित किया गया था। आवंटी श्री प्रहलाद पुत्र श्री मुसाहिब की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री प्रताप पुत्र स्व० श्री प्रहलाद सिंह, श्रीमती प्रताप बाला (विवाहित) पुत्री स्व० श्री प्रहलाद सिंह, निवासी–ग्राम–बिसरख जलालपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री प्रताप पुत्र स्व० श्री प्रहलाद सिंह, निवासी–ग्राम–बिसरख जलालपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस श्री प्रताप पुत्र स्व० श्री प्रहलाद सिंह, निवासी–ग्राम–बिसरख जलालपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1. ऊपरलिखित नामक याचिकाकर्ता ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष याचिका–1: "ट्रांसमिशन सिस्टम स्ट्रेंथनिंग स्कीम फॉर एवेकुएशन ऑफ पावर फ्रॉम सोलर एनर्जी जोन्स इन राजस्थान (8.1GW) अंडर फेस–II–पार्ट बी1" के अधीन पारेषण परिसंपत्तियों के लिए डीओसीओ से 31.03.2024 तक टैरिफ के निर्धारण के लिए एक याचिका दायर की है।
2. पारेषण प्रणाली के लाभार्थी हैं: (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमि. (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमि. (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमि. (घ) पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ड़) हरियाणा पावर पर्चेज सेंटर (च) जम्मू और कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमि. (छ) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमि. (ज) बीएसईएस यमुना पावर लिमि. (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लिमि. (ट) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमि. (ठ) चंडीगढ़ बिजली विभाग (ड) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमि. (ढ़) उत्तर मध्य रेलवे (ण) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् (प) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (फ) उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमि.
3. पारेषण प्रणाली के उत्पादन केंद्र की क्षमता/लाईन लंबाई, खण्डों की संख्या: Bays: 765kV- 2, 400kV-9, 220kV-18. STATCOM-2x600MVAR, ICT-7x500 & 2x1500MVA.
4. परियोजना की अनुमोदित पूंजी लागत (रु० लाख में)–**एफआरः** रु० 118488.00 लाख, **आरसीईः** लागू नहीं
   प्राधिकरण, जिसने पूंजीगत लागत का अनुमोदन कियाः याचिकाकर्ता का निदेशक मंडल
5. वाणिज्यिक प्रचालन की निर्धारित तिथि– 31.12.2021, 31.03.2022, 30.06.2022, 31.08.2022 और 30.09.2022
6. वाणिज्यिक प्रचालन की वास्तविक तिथि: 02.12.2022, 31.12.2022, 30.03.2023, 02.05.2023, 17.07.2023, 04.07.2023, 04.10.2023, 30.10.2023, 25.02.2024, 03.09.2022, 03.09.2022, 25.08.2023, 25.08.2023, 12.08.2023, 31.03.2024
7. वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि को पूंजीगत लागत (रु० लाख में): रु० 85188.79 लाख
8. टैरिफ के विवरण (Publish only applicable portion) (₹लाख में)

याचिका	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
याचिका–1	-	-	-	842.30	10507.43

4. टैरिफ के निर्धारण के लिए दायर याचिका की एक प्रति वेबसाइट www.powergrid.in पर डाली गई है।
5. याचिका में वर्णित टैरिफ के निर्धारण के लिए प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हैं, लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा आयोग के ई–फाइलिंग पोर्टल के जरिए, साथ में एक प्रति याचिकाकर्ता को, इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 05.06.2024

मौहम्मद मोहसिन
मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालयः बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110 016
केन्द्रीय कार्यालयः "सौदामिनी", प्लॉट सं.–2, सेक्टर–29, गुरूग्राम, हरियाणा–122001
वेबसाईटः www.powergrid.in सीआईएनः L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-04/Advt.-11/2024-25Interpub

कैपिटल ज़ोन

उवाच

इन शेल्टर में आवारा कुत्तों को प्राथमिक उपचार, एंटी रैबिज वैक्सीनेशन, प्रशिक्षण, खाने-पीने की व्यवस्था और उनके सोने एवं घूमने का प्रावधान शेल्टर में किया गया है। प्रशिक्षण के माध्यम से उनके व्यवहार को सामान्य किया जाएगा ताकि वे फिर से सड़क पर आने पर आक्रामक न हों।

डॉ. लोकेश एम, नोएडा प्राधिकरण सीईओ

एनएमआरसी के 6 मेट्रो स्टेशनों पर बनेंगे सुविधा स्टोर

- आरएफपी के जरिए कंपनी का किया जाएगा चयन
- 310 स्कायर मीटर का मिलेगा स्पेस

नोएडा, 11 जून (देशबन्धु)। नोएडा के 29 मेट्रो स्टेशन में 6 स्टेशन के ग्राउंड फ्लोर पर कामर्शियल स्पेस को कन्वीनिएंस स्टोर में बदला जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न मेट्रो स्टेशन के बेहतर संचालन को बढ़ावा देने के लिए लोगों को अपाइंट किया जाएगा। इस योजना से मेट्रो स्टेशन पर मिलने वाली सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। बलकि एनएमआरसी को राजस्व भी मिलेगा। जिन मेट्रो स्टेशनों में कंपीनिएंस स्टोर बनेंगे उसमें सेक्टर-50, सेक्टर-51, सेक्टर-76, अल्फा वन, डेल्टा वन, ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (ग्नीडा) ऑफिस के स्टेशन शामिल है।

5 साल के लिए कंपनी को जारी होगा लाइसेंस

ये सभी रिक्त कामर्शियल स्थान संबंधित मेट्रो स्टेशन के ग्राउंड फ्लोर पर स्टेयरकेस के पास स्थित हैं। इनके ही कायाकल्प की तैयारी की जा रही है। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आरएफपी जारी की जाएगी। चयन की जाने वाली कंपनी को 5 साल के लिए लाइसेंस जारी किया जाएगा। जिसमें एक साल का लॉक पीरियड यानी अनिवार्य अवधि सम्मिलित है। प्रदर्शन के आधार पर इसे तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।

6 मेट्रो स्टेशन में कुल मिलाकर 310 स्कायर मीटर क्षेत्र को कन्वीनिएंस स्टोर के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। लाइसेंस एग्रीमेंट प्राप्त करने के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को रिक्त कामर्शियल स्थानों के डीटेल्ड प्लान, सेक्शनल व एलीवेशन प्लान, आर्किटेक्चरल फ्रंट एलिवेशन, स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी सर्टिफिकेट, क्वॉलिटी-स्ट्रक्चरल सेफ्टी, वर्क सेफ्टी, इलेक्ट्रिक पावर-सैनिटरी व वाटर सप्लाई जैसे विवरण उपलब्ध कराने होंगे।

आरएफपी माध्यम से हायरिंग कंपनी का होगा चयन

एनएमआरसी द्वारा आरएफपी फॉर्मैट के आधार पर टेक्निकल व नॉन टेक्निकल जनशक्ति को कॉन्ट्रैक्चुअल बेसिस पर अपाइंट किए जाने को लेकर आवेदन मांगे गए हैं। इस क्रम में जिस एजेंसी को काम दिया जाएगा। वह अनस्किल्ड, सेमी स्किल्ड, हाइली स्किलल्ड मैनपावर, क्लैरिकल एडमिन काडर, जूनियर इंजीनियर व मेनटेनर जैसी पदों पर भर्तियां करके मेट्रो स्टेशन संचालन की कार्यप्रणाली को बेहतर करेगा।

शासनादेश पर दो निरस्त कामर्शियल आवंटन बहाल

- 1000 करोड़ की है योजना, 10 मई को शासन ने किए थे निरस्त
- प्राधिकरण की रिपोर्ट पर आदेश स्थगित

नोएडा, 11 जून (देशबन्धु)। शासन ने मंगलवार को रद्द किए गए दो कामर्शियल भूखंड को बहाल कर दिया है। ये दोनों प्रोजेक्ट करीब 1000 करोड़ के है। दोनों ही भूखंड एक ही मदर कंपनी एम3एम की दो सब्सिडियरी कंपनी के थे। इन पर आरोप था कि आवंटन के दौरान प्राधिकरण के ई ब्रोशर में वर्णित नियमों व शर्तों का उल्लंघन किया गया। जिसकी शिकायत फरवरी 2024 में एक की गई थी। इसी शिकायत पर प्राधिकरण से रिपोर्ट मांगी। जिसके आधार पर 10 मई 2024 को आवंटन रद्द कर दिए गए।

सेक्टर-94 में लैविश बिल्डमार्ट प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित भूखंड संख्या-01 और सेक्टर-72 में स्काई लाइन प्रापकॉन प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित भूखंड एमपीसी-01 है। इन दोनों कंपनियों की मदर कंपनी एम3एम ही है। इस मामले में कंपनी के निदेशक यातिश वहाल ने शासन के इस आदेश को निरस्त किए जाने और मामले में सुनवाई करने का अनुरोध किया गया। जिस पर शासन ने प्राधिकरण से दोबारा से रिपोर्ट मांगी। प्राधिकरण की ओर से 20 मई 2024 और 29 मई 2024 को शासन को रिपोर्ट भेजी। इस रिपोर्ट का संज्ञान लेकर शासन ने दोनों ही भूखंड के आवंटन को बहाल करते हुए अपने 10 मई 2024 के आदेश को स्थगित कर दिया है। बता दे 10 मई के आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-72 स्थित कंपनी के प्रोजेक्ट को सील कर दिया था। ऐसे में अब उस सील को खोला जाएगा।

बहाल करने की ये हो सकती है वजह

आवंटन करने के बाद प्राधिकरण को इन दोनों कंपनियों से अब तक करीब 450 करोड़ रुपए भी मिल चुके है। दोनों ही साइट पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा प्राधिकरण की ओर से शासन को दो बार में रिपोर्ट भेजी गई उसी को आधार बनाकर ही आंवटन को बहाल किया गया। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि आदेश की कापी मिलते ही सील खोलने की प्रक्रिया की जाएगी।

क्यों किया गया था आवंटन रद्द, इसे समझे

- ब्रोशर के नियमों और शर्तों का उल्लंघन किया गया।
- उक्त प्रकरण में दोनों वाणिज्यिक भूखंड सिंगल बिड के आधार पर आवंटित किए गए थे।
- दोनों ही प्रकरण में रिजर्व प्राइज भूखंड संख्या-1 सेक्टर-94 में 827.25 करोड़ और भूखंड संख्या एमपीसी-01 सेक्टर-72 में 176.48 करोड़ था। मजह 5 लाख ज्यादा बोली लगाकार कोट किया गया।
- एच-1 निविदा के रूप में चयनित दोनों सब्सिडियरी कंपनियों की होल्डिंग कंपनी एक ही थी।

सार संक्षेप

पत्नी से हुए विवाद के बाद की आत्महत्या

नोएडा। पत्नी से विवाद होने के बाद छिजारसी कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट पुलिस को नहीं मिला है। सेक्टर-63 थाना प्रभारी ने बताया कि कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय नीरज का सोमवार रात अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। नीरज शराब पीने का आदी था। इसके बाद नीरज ने घर पर ही पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक नीरज और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। वहीं सेक्टर-39 थानाक्षेत्र के भूड़ा कॉलोनी में रहने वाले युवक ने मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक गोपाल यादव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जानकारी जुटा रही है।

महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

नोएडा। सेक्टर-20 में रहने वाली एक महिला ने सोमवार की रात को मानसिक के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। अत्यंत गंभीर हालत में उसे नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सेक्टर-20 थाना प्रभारी डीपी शुक्ला ने बताया कि सेक्टर-20 में रहने वाली किरण 39 वर्ष ने सोमवार को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला को अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पर उपचार चल रहा है। घटना की सूचना पर मौके से पहुंची पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है।

पैतृक गांव जाते समय सचिन पायलट का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

नोएडा। राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजस्थान कांग्रेस पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट अपने स्वर्गीय पिता राजेश पायलट जी की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अपने पैत्रिक ग्राम वैदपुरा पहुंचे। उससे पहले डीएनडी पर नोएडा महानगर पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में सचिन पायलट का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने स्वर्गीय राजेश पायलट की समाधि पर पुष्पर्पित कर उन्हें नमन किया व श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ नोएडा महानगर पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तंवर भी थे। इस अवसर पर रामकुमार तंवर ने कहा कि राजेश पायलट जैसे जमीनी नेता मुश्किल से सदियो में जन्म लेते हैं। देश और समाज के लिए राजेश पायलट का संघर्ष कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इसीलिए स्व राजेश पायलट को इस देश का हर जाति, वर्ग और संप्रदाय का व्यक्ति आज भी अपने दिलों में संजोए हुए है। अपनी मेहनत के बल पर वह कांग्रेस के उन अग्रणी नेताओं में शुमार थे जिन्हें देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी भी उन अनसुलझे मामलों को सुलझाने के लिए उपयोग किया करती थीं जिनका समाधान असंभव प्रतीत होता था।

नीट परीक्षा परिणाम के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन

नोएडा, 11 जून (देशबन्धु)। नीट परीक्षा के परिणाम में हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-19 सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रदर्शन किया। यहां जमकर नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम बचत अधिकारी शलभ राठी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिला महासचिव राकेश अवाना

- राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, भ्रष्टाचार की कराई जाए जांच

ने कहा कि नीट परिणाम के बाद से छात्रों में गुस्सा है। डॉक्टर बनने की उम्मीद लगाए छात्रों से सरकार की संस्थाएं उनके सपनों का गला घोटने में लगी है।

लोकसभा चुनाव परिणाम और नीट परिणाम का एक ही दिन जारी होना भी नीट परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार की ओर संकेत करता था। 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिए गए एक ही कोचिंग के कई बच्चों को 720 अंक दिए गए और कुछ बच्चों को 718, 719 नंबर दिए गए जो कि असंभव है। क्योंकि एक प्रश्न छोड़ देने या गलत करने पर 04 या 05 नंबर कम होने चाहिए तो 718 और 719 नंबर कैसे दिए जा सकते हैं। इससे प्रतीत होता है कि नीट के परीक्षा में गंभीर त्रुटि और भ्रष्टाचार किया गया हैं। इसकी जांच कराई जाए साथ ही भ्रष्ट लोगों को सलाखों के पीछे किया जाए। इस मौके पर जिला महासचिव राकेश अवाना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल चेची, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत रावत, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटी, जिला प्रवक्ता राहुल सेठ आदि मौजूद रहे।

सेक्टर-34 में डॉग शेल्टर की शुरुआत

नोएडा, 11 जून (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-34 में डॉग शेल्टर की शुरुआत हो गई। यहां पर कट्टखने व बीमार कुत्तों का इलाज किया जाएगा। व्यवहार सामान्य होने पर कुत्तों को संबंधित स्थान पर दोबारा छोड़ दिया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण ने करीब डेढ़ साल पहले आक्रामक, कटखने, घायल, बीमार कुत्तों के इलाज के लिए शहर में डॉग शेल्टर बनाने का निर्णय लिया था। योजना के मुताबिक शेल्टर बनाने के लिए सेक्टर-34, 50, 93बी, 135 में जगह चिन्हित की गई। जगह चिन्हित होने के बाद इनको बनाने का काम शुरू कर दिया गया। इसी क्रम में तैयार हुए सेक्टर-34 शेल्टर की शुरुआत मंगलवार से हो गई। एक शेल्टर में 20 से 25 कुत्ते रह सकेंगे। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने मंगलवार को डॉग शेल्टर का शुभारंभ किया। इन चारों डॉग शेल्टर के संचालन का जिम्मा मैसर्स हाउस ऑफ स्ट्रे एनिमल और वसुंधरा एनिमल वेलफेयर ट्रस्ट एंड प्यूपिल फॉर एनिमल्स का चयन किया गया है।

सीईओ ने बताया कि इन शेल्टर में आवारा कुत्तों को प्राथमिक उपचार, एंटी रैबिज वैक्सीनेशन, प्रशिक्षण, खाने-पीने की व्यवस्था और उनके सोने एवं घूमने का प्रावधान शेल्टर में किया गया है। प्रशिक्षण के माध्यम से उनके व्यवहार को सामान्य किया जाएगा ताकि वे फिर से सड़क पर आने पर आक्रामक न हों। सीईओ ने बताया कि आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन का काम एजेंसी संबंधित

- सीईओ लोकेश एम ने किया शुभारंभ

आरडब्ल्यूए के साथ समन्वय कर करेगी। सीईओ ने बताया कि सेक्टर-135 में डॉग शेल्टर की शुरुआत 20 जून तक कर दी जाएगी। इनके अलावा बचे दो डॉग शेल्टर इस साल अगस्त तक बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके अलावा सेक्टर-94 स्थित एनिमल शेल्टर में पूरे परिसर की सफाई एवं खराब पड़े हुए सामान का निस्तारण 3 दिन में करने के लिए सीईओ ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। यहां सभी नालियों पर स्लैब रखने एवं नाली को मुख्य नाले से जोड़ने का काम सिविल विभाग का वर्क सर्किल-9 करेगा। बिजली विभाग यहां लाइट लगवाएगा।

ठेले में टक्कर मारते हुए दीवार तोड़कर सोसाइटी में घुसी बस, एक की मौत

- हादसे में घायल एक अन्य का निजी अस्पताल में चल रहा उपचार
- हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार

नोएडा, 11 जून (देशबन्धु)। सेक्टर-118 स्थित श्रीराम अपार्टमेंट हाउसिंग सोसाइटी की दीवार को तोड़कर मंगलवार शाम सात बजे के करीब एक बस अंदर घुस गई। दीवार के किनारे मोमोज के ठेले पर काम करने वाले दो युवक बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल का उपचार चल रहा है। हादसे के बाद चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया। जिस बस से हादसा हुआ है घटना के समय उसमें 25 सवारियां बैठी हुई थीं। मृतकों के परिजनों ने अभी तक पुलिस से मामले की शिकायत नहीं की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस इस मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि सोसाइटी की दीवार के किनारे मथुरा के भगत सिंह मोमोज का ठेला लगाते हैं। ठेले पर नेपाल के दीपक, सुशील और पवन काम करते हैं। सोमवार छह बजकर 54 मिनट पर तीनों जब ठेले पर मौजूद थे तभी एक कमर्शियल बस ठेले में टक्कर मारते हुए दीवार के अंदर घुस गई। हादसे में 32 वर्षीय दीपक और 20 वर्षीय सुशील गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान दीपक की मौत हो गई। सुशील की हालत गंभीर बनी हुई है। फरार बस चालक की तलाश में दो टीमें गठित की गई हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के समय बस चालक शराब के नशे में था। हालांकि इसकी पुष्टि अभी तक पुलिस की ओर से नहीं की गई है। बस के नीचे लहूलुहान अवस्था में फंसे घायलों की तस्वीर सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही डीसीपी नोएडा विद्यासागर मिश्र और एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र समेत अन्य अधिकारी पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। बस रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी16 एचटी 8037 अवाना टू ऐंड ट्रेवल्स की बताई जा रही है।

उज्बेकिस्तान की जुल्फिया ने मैक्स अस्पताल में फांसी लगाकर की खुदकुशी

गाजियाबाद, 11 जून (देशबन्धु)। कौशाम्बी स्थित मैक्स अस्पताल में मंगलवार को उज्बेकिस्तान की महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। 45 वर्षीय जुल्फिया नामक इस महिला का शव बाथरूम में फंदे पर लटका मिला। महिला लीवर ट्रांसप्लांट कराने के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी।

मैक्स अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इंदिरापुरम सर्किल एसीपी स्वतंत्र कुमार ने बताया कि मंगलवार की दोपहर को थाना कौशांबी को घटना की जानकारी मिली। जुल्फिया दोपहर बाथरूम में गई और वहां से काफी देर तक बाहर नहीं निकली। पति ने दरवाजा खटकाया। लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। इसके बार जुल्फिया के पति ने अस्पताल के स्टाफ को जानकारी दी। स्टाफ ने बाथरूम का दरवाजा तोड़ा तो शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मौके से कोई सोसायड नोट बरामद नहीं हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, मामला प्रथम दृष्टि में खुदकुशी का लग रहा है। फिर भी मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। महिला के पति से भी आगे की जानकारी जुटाई गई है। ऐसा लग रहा है कि महिला किसी डिप्रेशन में थी। सम्भवत: वह अपने लिवर ट्रांसप्लांट को लेकर परेशान थी।

संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

- कई की समस्याओं का कराया मौके पर निराकरण

गाजियाबाद, 11 जून (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संभव जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान 26 संदर्भ प्राप्त हुए अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की। अधिकांश संदर्भ विजयनगर जोन से प्राप्त हुए। नगर आयुक्त ने कई समस्यायों का मौके पर ही निस्तारण कराया। संभव जनसुनवाई में विजयनगर की जलकल विभाग से समस्या प्राप्त हुई। नगर आयुक्त ने सख्त निर्देश जलकल विभाग को दिए, जलापूर्ति में किसी प्रकार की ना रहे कभी कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर टीम ने कार्रवाई कराई गई, क्षेत्रीय विजयनगर निवासियों ने नगर आयुक्त की तत्काल कार्रवाई पर धन्यवाद किया। निर्माण विभाग से 6, स्वास्थ्य विभाग से 4, जलकल विभाग से 5, अतिक्रमण संबंधित 2, टेक्स्ट संबंधित 2, लाइट संबंधित 2, संदर्भ प्राप्त हुए जिन पर नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार तत्काल कार्रवाई टीम को भेज कर कराई गई, कई माननीय पार्षदों द्वारा भी नगर आयुक्त से शहर के विकास के बारे में चर्चा की गई।

मोरटा में चला जीडीए का बुलडोजर, अवैध कॉलोनी ध्वस्त

गाजियाबाद, 11 जून (देशबन्धु)। जीडीए की विशेषधिकारी व प्रवर्तन जोन-2 की प्रभारी कनिका कौशिक के नेतृत्व में मोरटा में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चला। जिसमें ग्राम शाहपुर निज मोरटा के निकट अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी को धवस्त कर दिया गया। कनिका कौशिक ने बताया कि आज निरीक्षण के दौरान ग्राम शाहपुर निज मोरटा के निकट खसरा सं0-585 पर शगौरव त्यागी विवेक गर्ग, गजेन्द द्वारा शोभापुर रोड (भट्ठे के सामने), ग्राम मोरटा के खसरा सं0-51 पर कृष्ण त्यागी (मकनपुर वाले) द्वारा टीओडी जोन क्षेत्रान्तर्गत अवैध कालोनियो के कुल 18 हजार वर्गमी क्षेत्रफल में किये जा रहे अवैध निर्माण/विकास कार्यों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान निर्माणकर्ता/ विकासकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, परन्तु पुलिस व प्राधिकरण सचल दस्ते के सहयोग से अवैध निर्माण स्थल से हटा दिया गया।

साथ ही निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध निर्माण पर विशेष अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। अवैध निर्माण पुर्णत: प्रारम्भिक स्तर पर ही सम्पूर्ण ध्वस्तीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही आम जनमानस से अपील की गई कि बिना स्वीकृति मानचित्र के अवैध रूप से किए जा रहे विकास/निर्माण क्षेत्र में सम्पत्ति क्रय-विक्रय न करें।

नगर निगम ने चलाया अवैध डेयरी के खिलाफ अभियान

गाजियाबाद, 11 जून (देशबन्धु)। नगर निगम ने जहां नालों की सफाई बड़े स्तर पर की जा रही है वहीं नगर आयुक्त द्वारा अवैध रूप से डेरियों के गोबर बहाने पर अंकुश लगाने के लिए विभाग को आदेश किए गए हैं मोहन नगर जोन के अंतर्गत, पसौंडा क्षेत्र में अभियान चलाया गया लगभग 95 हजार की वसूली की गई। खुले में गोबर न बहाए जाए नोटिस भी जारी किया गया। इसी प्रकार वसुंधरा जोन के अंतर्गत 35 हजार की वसूली के साथ सेक्टर-1 वसुंधरा में अवैध रूप से चल रही डेरी को हटाने के लिए अंतिम चेतावनी भी दी गई है। अभियान के दौरान मुख्य पशु

- 1.30 लाख का अर्थदण्ड वसूला

चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. आशीष भी उपस्थित रहे। डॉ. अनुज उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी ने बताया ग कि नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में नालों में बहाये जा रहे गोबर पर कड़ी कार्रवाई लगातार की जा रही है। जिसमें जलकल विभाग को अवैध डेरी संचालकों के सबमर्सिबल को भी नियम अनुसार बंद करने के लिए लेटर लिखा गया है चल रही कार्रवाई से नालों में गोबर न बहने दिया जाए ध्यान रखा जा रहा है।

शहर में मानसून से पहले कई व्यवस्थाएं होती दिखाई दे रही हैं नालों की तली झाड़ सफाई भी चल रही है, नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों को भी समन्वय स्थापित करते हुए बेहतर कार्य करने के लिए निर्देश दिए हैं। विभागों द्वारा भी अपनी वर्किंग को बेहतर करते हुए सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है नालों की सफाई के साथ-साथ अवैध डेरी पर भी गाजियाबाद नगर निगम शिकंजा कस रहा है, अभियान के दौरान प्रवर्तन दल की टीम भी उपस्थित रही।

ज्ञापन सौंपकर पेयजल की उठाई मांग

खोड़ा, 11 जून (देशबन्धु)। पेयजल की मांग को लेकर भारतीय आम जनसेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय में ज्ञापन देकर अधिकारियों से पेयजल की समस्या का जल्द समाधान कराने मांग की। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के के मिश्र को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि खोड़ा में शुद्ध पेयजल सप्लाई की स्थिति दिनों दिन दयनीय होती जा रही है। लोगों द्वारा कराए गए चौथे पांचवें बोर सूख रहे है। भूगर्भ का वाटर लेवल पांच छ: सौ फिट नीचे चला गया है। लोगों को बोर कराने में चार से पांच लाख खर्च करने पड़ते है। तीन हॉर्स पावर का मोटर चलने की वजह से बिजली का बिल अधिक आता है। इससे लोगों की जेब पर अधिक भर पड़ रहा है।

पदाधिकारियों ने पाइपलाइन द्वारा गंगाजल सप्लाई की प्रगति के विषय में विस्तृत जानकारी के लिए जल निगम के अधिशासी अभियंता उन्मेष शुक्ला से भी मुलाकात की। अधिशासी अभियंता ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा 50 एम एल डी गंगाजल खोड़ा को देने की सहमति दी गई है। शासन से वित्तीय स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कराया जाएगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष सोनू जोशी, दीपचंद देवतल्ला, श्याम सुंदर सिंह, कैलाश नेगी, बबलू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

उवाच "

अवैध रूप से जमीन कब्जा कर काटी जा रही कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। अगर किसी कॉलोनाइजर से अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदा है तो रजिस्ट्री का प्रपत्र लेकर पुलिस से शिकायत करें। साथ ही इसकी एक कॉपी प्राधिकरण को भी उपलब्ध कराएं ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

अन्नपूर्णा गर्ग, प्राधिकरण एसीईओ

एयरपोर्ट के पास बुक माई शो से खरीदें 14 से 40 लाख में फ्लैट

ग्रेटर नोएडा, 11 जून (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास आशियाना का सपना पूरा करने जा रहा है यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण। जिस तरह अभी तक लोग बुक माई शो से सिनेमा व अन्य मनोरंजन के लिए टिकट बुक कराते है, अब उसी प्रकार फ्लैट की बुकिंग करा सकेंगे। प्रदेश में पहली बार इस तरह कोई प्राधिकरण फ्लैट की योजना ला रहा है। पहले बुकिंग कराने पर वरीयता के हिसाब से फ्लैट आवंटित किया जा एगा। यमुना प्राधिकरण 15 जून के बाद फ्लैट की योजना ला रहा है। योजना में वन बीएचके से लेकर दो बीएचके के फ्लैट है। जिसकी कीमत 14 से 40 लाख रूपए है। फ्लैट की कुल कीमत का दस फीसदी रकम देकर बुक माई शो से फ्लैट बुक कराया जा सकता है। कुल रकम का 30 फीसदी जमा करने के साथ फ्लैट पर कब्जा मिल जाएगा।

एनसीआर में रहने वाले आम आदमी के आशियाना का सपना पूरा करने के लिए यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण सेक्टर-22 डी में फ्लैट की योजना ला रहा है। सेक्टर-22 डी से नोएडा एयरपोर्ट की दूरी 15 मिनट में तय होगी। योजना में 29.7 वर्गमीटर के 277, 54.75 वर्गमीटर के 710 और 99.86 वर्गमीटर के 287 फ्लैट है। 29.7 वर्गमीटर के भूतल समेत समेत तीन मंजिला फ्लैट की कीमत 14.39 लाख, 54.74 वर्गमीटर के भूतल समेत चार मंजिला की 31.24 लाख और 99.85 वर्गमीटर के भूतल समेत 16 मंजिला फ्लैट 40.34 लाख रूपए में है। फ्लैट पूरी तरह तैयार है। सेक्टर में प्राधिकरण में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद योजना ला रहा है। फ्लैट की योजना 15 जून के बाद लांच होने पर पूरी जानकारी यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। प्राधिकरण के वेबसाइट पर जाकर फ्लैट के बारे में पूरी जानकारी हासिल किया जा सकता है। प्राधिकरण वेबसाइट से किस तल पर फ्लैट लेना चाहते है उसका सलेक्शन कर सकते है। इसके बाद बुक माई शो पर जाकर फ्लैट की बुकिंग करा सकते हैं। बुकिंग के दौरान फ्लैट की कुल कीमत का दस फीसदी पैसा जमा करना होगा। बुकिंग होने पर फ्लैट की बिक्री हो चुकी है, इसे बुक माई शो पर दिखाई देगा। फ्लैट की कुल कीमत का 30 फीसदी पैसा जमा करने के बाद कब्जा मिल जाएगा। बाकी 70 फीसदी पैसा 5 साल के दौरान किश्तों में भुगतान करना होगा। अगर कोई फ्लैट की कुल कीमत एक मुश्त भुगतान करता है तो उसे 5 फीसदी की छूट मिलेगी।

- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण सेक्टर-22 डी में ला रहा चार से 16 मंजिला फ्लैट की योजना
- प्रदेश में पहली बार कोई प्राधिकरण बुक माई शो से बेच रहा फ्लैट

आम आदमी को आवास उपलब्ध कराने के लिए यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण फ्लैट की योजना ला रहा है। बुक माई शो बेवसाइट से फ्लैट की बुकिंग की जाएगी। बुक माई शो से कुल कीमत का दस फीसदी पैसा जमा कर फ्लैट की बुकिंग की जाएगी। फ्लैट की योजना 15 जून के बाद लांच होगी। फ्लैट पूरी तरह बनकर तैयार है। बुकिंग कराने वालों को तुरंत कब्जा दिया जाएगा : डॉ. अरूणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण।

पांच माह से ग्रेनो व यीडा में औद्योगिक भूखंड़ों का आवंटन अधर में लटका

ग्रेटर नोएडा,11 जून (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए इंवेस्टर्स समिट कर रहा है, वहीं ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण कई बड़ी कंपनियां औद्योगिक निवेश को लेकर पांच से आवेदन कर रखा है, लेकिन उन्हें औद्योगिक भूखंड आवंटन नहीं पा रहा है। शासन स्तर पर औद्योगिक भूखंड आवंटन को लेकर नीति निर्धारित नहीं हो पा रहा है। दोनों प्राधिकरण की तरफ से प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास को पत्र भेजकर भूखंड आवंटन का नीति निर्धारित करने का अनुरोध किया जा चुका है। बावजूद इसके शासन स्तर से औद्योगिक भूखंड आवंटन को लेकर नीति निर्धारित नहीं पाया है।

गौतमबुद्धनगर में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना तीन औद्योगिक विकास प्राधिकरण है। पहले तीनों प्राधिकरणों में औद्योगिक भूखंड का आवंटन साक्षात्कार के माध्यम से होता था। बाद में नोएडा और ग्रेटर नोएडा ने बोर्ड से प्रस्ताव पास कराकर औद्योगिक भूखंड़ों का आवंटन ई-ऑक्शन से कर दिया। कुछ माह बाद ग्रेनो ने प्राधिकरण ने बोर्ड में प्रस्ताव पास कर सभी प्रकार के औद्योगिक भूखंड़ों का आवंटन साक्षात्कार से कर दिया। वहीं यमुना प्राधिकरण ने चार हजार वर्गमीटर से छोटे भूखंड का आवंटन ड्रा और चार हजार वर्गमीटर से बड़े भूखंड का आवंटन साक्षात्कार से जारी रखा। 30 जनवरी में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 44 औद्योगिक भूखंड़ों की योजना निकाली। इसी तरह यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण एक जनवरी को मिक्स लैंड यूज के आठ और डाटा सेंटर पार्क के पांच भूखंड़ों की योजना निकाली। जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 थी। पांच फरवरी को औद्योगिक विकास आवस्थापना मनोज कुमार सिंह ने तीनों प्राधिकरणों को पत्र जारी कर ई-ऑक्शन व अन्य पद्धति से औद्योगिक भूखंड़ों के आवंटन पर रोक लगा दी। उन्होंने पत्र में हवाला दिया कि औद्योगिक विकास मंत्री ने आदेशित किया है कि मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त होने के बाद औद्योगिक भूखंड आवंटन पर नीति बनाई जाएगी। इसके बाद ही औद्योगिक भूखंड का आवंटन किया जाएगा। फरवरी माह बीत जाने के बाद भी शासन स्तर से कोई नीति नहीं बन पाई। इसके बाद लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो गई। ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में सैकड़ों लोगों ने औद्योगिक भूखंड के लिए आवेदन कर रखा है, आज तक उनके भूखंड आवंटन पर कोई नीति नहीं बन पाई। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण में चार हजार वर्गमीटर से बड़े 34 भूखंड़ों और चार हजार वर्गमीटर से छोटे 70 औद्योगिक भूखंड़ों का आवंटन अधर में लटका हुआ है।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने मिक्स लैड यूज के लिए सर्वोत्तम सिस्टम, मदर्सन यूवी, मदर्सन ऑटो, बोल्ट गेम्स, मिन्डा, ओरियान पावर लिमिटेड और डॉटा सेंटर पार्क के लिए थ्री हैंड इंफ्रास्ट्रक्चर, गौतमबुद्धनगर कार्प प्रालि, इमरग्लास इंडिया, फेडिमिया टाउन प्लानर आदि कंपनियों ने आवेदन कर रखा है।

- औद्योगिक भूखंड आवंटन को लेकर शासन स्तर पर नहीं हो पा रही नीति निर्धारित
- ग्रेनो प्राधिकरण और यमुना प्राधिकरण ने जनवरी में निकाली थी औद्योगिक भूखंड़ों की योजना

यमुना प्राधिकरण बोर्ड में ले जाएगा प्रस्ताव

प्रदेश सरकार की तरफ से औद्योगिक भूखंड आवंटन को लेकर नीति निर्धारित न होने पर अब यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण इसका प्रस्ताव आगामी बोर्ड में ले जाने का विचार कर रहा है। जिसमें प्राधिकरण ने मिक्स लैंड यूज और डॉटा सेंटर पार्क के लिए साक्षात्कार से भूखंड आवंटन के लिए अनुमोदन लेगा। बोर्ड से अनुमोदन होने के बाद प्राधिकरण भूखंड का आवंटन करेगा।

ग्रेनो प्राधिकरण ने सुनपुरा गांव में अवैध कॉलोनी पर चलाया बुलडोजर

ग्रेटर नोएडा,11 जून (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मंगलवार को अधिसूचित गांव सुनपुरा में जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलाया। प्राधिकरण ने लगभग 62000 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 124 करोड़ रुपए है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। मंगलवार को वर्क सर्किल दो की टीम ने सुनपुरा की खसरा संख्या-413, 419, 421, 430, 432, 433, 434, 437, 439, 444 और 455 की 62 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफकार्रवाई की। औसत दर 20 हजार रुपए प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से इस जमीन की कीमत लगभग 124 करोड़ रुपए आंकी गई है। कॉलोनाइजर इस जमीन पर अवैध कालोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार सुबह वर्क सर्किल दो के प्रबंधक स्वतंत्र वर्मा व राजकुमार तथा सहायक प्रबंधक राजीव कुमार ने फील्ड स्टाफ, क्षेत्रीय थाना पुलिस, पीएसी, प्राधिकरण की पुलिस और सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई लगभग 3 घंटे चली। छह जेसीबी और दो डंपर भी इसका इलाज के लिए लगाए गए थे। परियोजना विभाग के महाप्रबंधक व ओएसडी हिमांशु वर्मा ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा है कि अवैध रूप से जमीन कब्जा कर काटी जा रही कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। अगर किसी कॉलोनाइजर से अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदा है तो रजिस्ट्री का प्रपत्र लेकर पुलिस से शिकायत करें। साथ ही इसकी एक कॉपी प्राधिकरण को भी उपलब्ध कराएं ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा है कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।

- 62 हजार वर्ग मीटर जमीन को कराया कब्जा मुक्त जमीन की कीमत 124 करोड़ रुपए का आकलन

यीडा इस माह लाएगा फिनटेक सिटी के लिए भूखंड की योजना

फिनटेक सिटी फेस-1 के लिए 250 एकड़ पर यीडा को मिला कब्जा

ग्रेटर नोएडा, 11 जून (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे शहर के सेक्टर-11 में 15 जून के बाद फिनटेक सिटी के लिए भूखंड की योजना लाएगा। प्राधिकरण को फेस-1 में फिनटेक सिटी विकसित करने के लिए 250 एकड़ जमीन पर कब्जा मिल गया है। फिनटेक सिटी को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा। पहला चरण 2027 और दूसरा चरण 2030 और तीसरा चरण 2034 तक विकसित किया जाएगा। फिनटेक सिटी पहले चरण में 250 एकड़ में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा 37 भूखंड कामर्शियल गतिविधि के लिए होंगे। 23 एकड़ में फिनटेक सिटी में ग्रीन पार्क विकसित किया जाएगा। प्राधिकरण फेस-एक में एक एकड़ से लेकर 20 एकड़ तक 124 भूखंड की योजना निकालेगी। फिनटेक सिटी को सिंगापुर और दुबई की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

बता दें कि फिनटेक में वित्तीय कारोबार के साथ-साथ कम्युनिटी इंगेज सिस्टम भी विकसित किया जाएगा। जिसमें वित्तीय कारोबारी को लेकर जागरूक भी किया जाएगा। फिनटेक सिटी विकसित होने पर लाखों लोगों के रोजगार मिलने की संभावना है।

यमुना एक्सप्रेस वे शहर के सेक्टर-13 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 250 एकड़ में फिनटेक सिटी विकसित करने पर अंतिम फैसला हो चुका है। पहले चरण में जाने की तैयारी चल रही है। प्रथम चरण में 250 एकड़ में विकसित की जाएगी। फिनटेक सिटी को किस मॉडल पर विकसित किया जाएगा सलाहाकर कंपनी स्टडी रिपोर्ट और डिटेल प्राजेक्ट रिपोर्ट तैयार की है। डीपीआर में क्या-क्या सुविधाएं होंगी, इस तरह की कंपनियां होंगी, इसका पूरा खाका तैयार कर लिया है।

- पहले चरण में करीब डेढ़ सौ फाइनेंसियल कंपनियों को आवंटित होगा भूखंड
- फिनटेक सिटी का डीपीआर तैयार, सलाहकार एजेंसी ने प्राधिकरण को सौंपी रिपोर्ट
- वित्तीय कारोबार से जुड़ी कंपनियों को आवंटित किए जाएंगे भूखंड
- सिंगापुर और दुबई के तर्ज पर विकसित की जाएगी यीडा की फिनटेक सिटी

अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को लाने का किया जाएगा प्रयास

यीडा सिटी में विकसित होने वाली नार्थ इंडिया की प्रथम फिनटेक सिटी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को लाने का प्रयास किया जाएगा। वित्तीय कारोबार से जुड़ी कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसे सिंगापुर और दुबई की फिनटेक सिटी की तरह विकसित करने की योजना है। फिनटेक सिटी में ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश, रिसर्च, क्रॉउड फंडिंग, डिजिटल मनी, स्टॉक एक्सचेंज, बीमा कंपनियां, शॉपिंग सेंटर, ई-पेमेंट गेटवे प्लेटफॉर्म, क्रप्टो करेंसी, जैसी निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसमें लीगल कंपेलन, एडवाइजरी इंस्टीट्यूट का भी निर्माण किया जाएगा।

फिनटेक सिटी कनेक्टिविटी होगी बेहतर

डीपीआर में फिनटेक सिटी को बेहतर कनेक्टिविटी का भी खाका तैयार किया गया है। सेक्टर-13 में फिनटेक सिटी बनने से औद्योगिक सेक्टर-32 से जुड़ जाएगा। प्रस्तावित चौला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और यमुना एक्सप्रेस वे से सीधे जुड़ जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट यहां से आठ किमी की दूरी पर है। प्रस्तावित डिस्ट्रिक्ट बिजेनेस सेंटर, डाटा सेंटर भी इससे करीब है।

जिम्स के इन्क्यूबेशन सेन्टर में स्टार्टअप क्लिनिक की हुई शुरुआत

ग्रेटर नोएडा, 11 जून (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) के मेडिकल इन्क्यूबेशन सेंटर में पहली बार स्टार्टअप क्लिनिक का सफल आयोजन हुआ, जो स्वास्थ्य सेवा नवाचार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कई आवेदनों में से, पांच स्टार्टअप और व्यक्तियों को भाग लेने के लिए चुना गया, जिसमें कुष्ठ रोग के लिए वैश्विक रूप से प्रसिद्ध एनएलआर फाउंडेशन भी शामिल था। एनएलआर फाउंडेशन के सीईओ डॉ. अशोक ने कुष्ठ रोग की रोकथाम, शीघ्र पहचान और विकलांगता के प्रबंधन पर केंद्रित स्टार्टअप को आमंत्रित करने के लिए एक महत्वाकांक्षी प्रस्ताव पर चर्चा की। यह पहल एनएलआर फाउंडेशन के वैश्विक मिशन के साथ मेल खाती है, जिसका उद्देश्य कुष्ठ रोग का उन्मूलन और रोगियों के परिणामों में सुधार करना है। डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्टार्टअप्स के लिए एक-से-एक मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित किए गए, जिससे उन्हें नैदानिक मार्गदर्शन और रणनीतिक समर्थन प्राप्त हुआ। यह अनूठी क्लिनिक, जो स्वास्थ्य सेवा स्टार्टअप के लिए अपनी तरह की पहली है, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप्स और संगठनों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान करती है। ग्रेटर नोएडा में जीआईएमएस, जो पहला सार्वजनिक अस्पताल-आधारित मेडिकल इन्क्यूबेशन सेंटर है, ने इस कार्यक्रम की मेजबानी सेंटर फॉर मेडिकल इनोवेशन के तहत की। इस क्लिनिक में विभिन्न विभागों के सलाहकारों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरव श्रीवास्तव और डीन डॉ. रंभा पाठक ने भी स्टार्टअप्स के साथ बातचीत की और ऐसे सहयोगी पहलों के महत्व पर बल दिया। स्टार्टअप क्लिनिक के इस उद्घाटन एपिसोड ने भविष्य के आयोजनों के लिए एक मिसाल कायम की है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा में नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देना है।

- जिम्स में पहला सार्वजनिक अस्पताल-आधारित मेडिकल इन्क्यूबेशन सेंटर

सह-आवंटी को सह-शिकायतकर्ता के रूप में जोड़ने के लिए फार्मेट रेरा पोर्टल पर उपलब्ध

ग्रेटर नोएडा,11 जून (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा द्वारा रेरा में दर्ज शिकायतों में आवंटी के अलावा यूनिट के एक या उससे अधिक सह-आवंटी के होने की दशा में उनका नाम बतौर सह-शिकायतकर्ता के रूप में पोर्टल पर जोड़ने के लिए कार्यालय आदेश 5 मार्च को जारी किया था। इसी क्रम में प्राधिकरण द्वारा सह-आवंटी का नाम सह-शिकायतकर्ता के रूप में पोर्टल पर जोड़ने के लिए दिए जानए वाले आवेदन पत्र का मॉडल फॉर्मेट हिन्दी और इंग्लिश में पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है। शिकायतकर्ता द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ बी.बी.ए./एग्रीमेंट फॉर सेल या एलॉटमेन्ट लेटर की प्रति संलग्न की जाएगी जिसके आधार पर सह-आवंटी को भी बतौर सह-शिकायतकर्ता दर्ज करने की कार्रवाई की जा सके। संजय भूसरेड्डी अध्यक्ष, उ.प्र. रेरा का कहना है कि उ.प्र. रेरा का उद्देश्य प्रत्येक आवंटी के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह आवश्यक नहीं कि आवंटी तथा सह-आवंटी के हितों में सदैव एकरूपता हो। यह विधिक तथा नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के अनुरूप है। बहुत बड़ी संख्या में घर या दुकान के आवंटन में संयुक्त आवंटी, जैसे कि पत्नी-पति, पिता-पुत्र, भाई-बहन, भाई-भाई सह-आवंटी होते हैं। कुछ मामलों में रक्त-सम्बन्धी से भिन्न व्यक्ति भी सह-आवंटी या साझेदार तथा 2 से अधिक सह-आवंटी भी होते हैं। कभी-कभी उनके हित आपस में टकरा भी सकते हैं और विवाद उत्पन्न हो सकता है। रेरा का उद्देश्य सभी आवंटियों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

सोसाइटी के मरम्मत कर्मी ने निवासी से की मारपीट

ग्रेटर नोएडा,11 जून (देशबन्धु)। पंचशील ग्रीन्स-दो सोसाइटी में मंगलवार को सुबह बी-6 टावर के रेजिडेंट के द्वारा मेंटेनेंस कार्यालय में जाकर लेट पेमेंट फीस के बारे में मैनेजर योगेंद्र से बात करने की कोशिश की गई तो वहां के स्टाफ व उक्त मैनेजर ने चारों ओर से घेरकर उसे बुरी तरह से मारा। उसके बाद डायल 112 पर निवासियों ने कॉल करने की कोशिश की परंतु उस पर फोन नहीं लगा। फिर जब इस घटना की शिकायत निवासी एसएचओ बिसरख से करने के लिए फोन किये तो थानेदार साहब झल्लाते हुए उल्टा निवासी पर ही कंस्पायरेसी करने का दोषारोपण लगाने लगते हैं। बाद में पुलिस की टीम एवं चेरी काउंटी चौकी से पुलिस पहुंची और निवासियों के शिकायत का संज्ञान लेते हुए सभी गवाहों के रिकॉर्ड तथा सीसीटीवी फुटेज को भी अपने कब्जे में ले ली। निवासियों की यही मांग है कि मैनेजर तथा सभी दोषियो पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सजा मिलनी चाहिए एवं उनको मेंटेनेंस से तत्काल हटाया जाना चाहिए। बिल्डर/मेंटेनेंस के द्वारा मनमानी तरीके से लगाए गए लेट पेमेंट फीस पर जल्द से जल्द यदि संज्ञान नहीं लिया जाता है और उसको नहीं हटाया गया तो लोग को उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ेगा।

नेफोवा प्रतिनिधिमंडल ग्रेनो प्राधिकरण एसीईओ से मिला

क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा

ग्रेटर नोएडा,11 जून (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार नेफोवा का एक प्रतिनिधिमंडल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और एसीईओ को एक ज्ञापन भी सौंपा। तिकोना पार्क का मुद्दा उठाते हुए नेफोवा ने कहा कि पिछले निविदा पर कुछ आवेदन प्राप्त हुए हैं, उम्मीद है कि इस बार कोई एक चयनित हो जाएगा। उसके बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। पानी की पाइपलाइन न डालने की वजह से कई सोसाइटियों में पानी नहीं पहुंच रहा। चुनाव खत्म होने के बाद, पिछले वादे के अनुसार, टेंडर पहले ही प्रकाशित कर दिया गया है। एसीईओ ने पुष्टि की कि जिन सोसायटियों में पाइपलाइन नहीं है, उनसे पानी के बिल का शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। चूंकि जिन सोसाइटियों को ओसी प्राप्त हो चुका है, उनके लिए बिल उसी हिसाब से बन गए थे, इसलिए टीम द्वारा इस प्रक्रिया की जांच करके इसमें सुधार की कोशिश की जा रही है। फिलहाल उन्होंने इस प्रक्रिया को रोक दिया है और केवल यातायात समस्याओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एक अलग वेंडिंग जोन ही अंतिम समाधान है, लेकिन इसमें समय लग रहा है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सरकारी अस्पताल, स्टेडियम, रामलीला मैदान की समस्या उठाया जिस पर एसीईओ ने सुझाव के रूप में स्थानों के बारे में पूछा, फिलहाल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास इन सुविधाओं के लिए प्रस्तावित जमीन नहीं है। स्ट्रीट लाइट न चलने की शिकायत करने पर ऐस सिटी से अरिहंत आर्डेन तक 24 मीटर की सड़क पर स्ट्रीट लाइट की जांच करने और एक दिन में रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। इस दौरान नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार, राकेश रंजन, दीपक कुमार गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

सरकारी अस्पताल, स्टेडियम, रामलीला मैदान की समस्या उठाया

पहलवान जोन्टी भाटी ने एक लाख की जीती कुश्ती

ग्रेटर नोएडा,11 जून (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के शहर बटन वालिया में आयोजित विशाल इनामी कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ, जिसमें एक लाख की कुश्ती पर पहलवान जोंटी भाटी व जम्मू के पहलवान बनिया पहलवान के बीच हुई कुश्ती 20 मिनट कुश्ती चलने के बाद फिर कुश्ती प्वाइंट पर हुई और जिसमें जोंटी भाटी ने बनिया पहलवान को चारों खाने चित करके एक लाख रुपए की कुश्ती जीती। इस कुश्ती में हुई जीत से जोंटी भाटी का चयन अंडर-23 एशिया चैंपियनशिप में हुआ है। इस चैंपियनशिप का आयोजन अम्मान के जोर्डन शहर में आयोजित होगी जोकि 22 से 30 जून तक चलेगी। रंजीत पहलवान ने बताया कि जोंटी भाटी ने भारत केसरी भारत कुमार यूपी केसरी व अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर भी कई पदक हासिल कर चुके हैं। जोंटी भाटी चारों तरफदेश और विदेश में क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है।

इस मौके पर चतर सिंह गुरुजी रवि गुर्जर सत्तन यादव, अंतरराष्ट्रीय पहलवान राजेंद्र भाटी, योगी भाटी, ईश्वर प्रमुख, वनिश प्रधान, अमित भाटी, परीक्षित नागर, बिजेंद्र भाटी, जयवीर नागर, अंतरराष्ट्रीय पहलवान रविंद्र भाटी, राजेश भाटी, बोबू पहलवान व क्षेत्र वासियों ने जोंटी भाटी को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लाक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, पिन कोड-201308
जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0) दूजभाष नं0-0120

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल0एफ0डी0 परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भूखण्ड सं0-KCB0021507 IN WISH CLASSIC TOWER 02 AT JAYPEE GREENS WISH TOWN, SECTOR-134, NOIDA, AREA-108.10 SQM जोकि MRS. SUMAN BHATLA & EKTA WADHAWAN के नाम पर संयुक्त सबलीज डीड है। सबलेसी LATE MRS. SUMAN BHATLA की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति का 1/2 भाग को उनके पुत्र MR. AVIRAL BHATLA के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है। अब
अतः इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में LATE MRS. SUMAN BHATLA का 1/2 भाग को उनके पुत्र MR. AVIRAL BHATLA के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (सम्पत्ति)

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-1 सैक्टर नॉलिज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की जी01 आवासीय योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या-जे-62, क्षेत्रफल-200 वर्ग0मी0 सैक्टर-गामा-02 आवंटन संख्या-जी0122284, श्री शैलेन्द्र गोयल पुत्र श्री राजेश्वर नाथ के नाम आवंटित है। आवंटी श्री शैलेन्द्र गोयल पुत्र श्री राजेश्वर नाथ की मृत्यु दिनांक 13.05.2021 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को विल के आधार पर उनकी पुत्री SMT. GAURI S GOEL D/O LATE. SHAILENDRA GOEL W/O SH. SHIVANK CHANDRA R/O- 9/601, EAST END APARTMENT, MAYOR VIHAR PHASE-1, VASUNDHRA ENCLAVE, EAST DELHI-110096 द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में उक्त भवन का नामांतरण आवंटी श्री शैलेन्द्र गोयल पुत्र श्री राजेश्वर नाथ के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनकी पुत्री SMT. GAURI S GOEL D/O LATE. SHAILENDRA GOEL W/O SH. SHIVANK CHANDRA R/O- 9/601, EAST END APARTMENT, MAYOR VIHAR PHASE-1, VASUNDHRA ENCLAVE, EAST DELHI-110096 के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण।

संपादकीय

नई दिल्ली, बुधवार 12 जून 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

अमन और सद्भाव सबसे बड़ी जरूरत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत हो चुकी है। शपथग्रहण के बाद अब मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा भी हो गया है, जिसमें कोई बड़ा फेरबदल नहीं हुआ है। गृह, रक्षा, विदेश, वित्त और रेल मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभाग अब भी उन्हीं मंत्रियों के पास हैं, जिनके पास पिछली बार थे। जबकि इस बार सरकार का गठन जिस तरह जदयू और तेदेपा के साथ मिलकर हुआ है, उसमें कयास लगाए जा रहे थे कि ये दल अपने लिए महत्वपूर्ण विभाग मांग सकते हैं। अब संभवत: लोकसभा अध्यक्ष को लेकर कोई बड़ा फैसला देखने मिले। लेकिन पुराने मंत्रियों को नयी सरकार में वही विभाग देकर नरेन्द्र मोदी ने यह संदेश देने की कोशिश शायद की है कि उनकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आने वाला है। जिस तरह पिछली दो सरकारें उन्होंने चलाईं, इस बार भी वैसे ही चलाएंगे। अपने इस मंसूबे में वे कितने कामयाब होते हैं और क्या उनके गठबंधन के बाकी साथी उनकी कार्यशैली को सहजता से स्वीकार करते हैं, यह आने वाले वक्त में पता चलेगा। लेकिन देश के जो मौजूदा हालात हैं, उन्हें देखकर प्रधानमंत्री को यह सलाह दी जा सकती है कि वे कम से कम अब घटनाओं और स्थितियों की उपेक्षा करने या अपनी राजनैतिक सुविधा-असुविधा से ऊपर उठकर आम जनत के हित को देखते हुए आवश्यकतानुसार कार्रवाई करें।

जिस दिन प्रधानमंत्री शपथ ले रहे थे, उसी दौरान जम्मू-कश्मीर में एक आतंकी हमला हुआ। वैष्णो देवी जा रहे श्रद्धालुओं को इस बार निशाने पर लिया गया। ऐसी किसी भी घटना की फौरन निंदा होनी चाहिए और मृतकों, घायलों की जाति, धर्म को न देखकर सभी के लिए संवेदना जताई जानी चाहिए। मगर कुछ लोगों ने इसमें भी राजनीति करने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर इस घटना के बहाने घृणा फैलाने के प्रयास दिखने लगे। इधर मणिपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने सोमवार को जिरीबाम जा रहे पुलिस काफिले पर घात लगाकर हमला किया। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। यह घटना मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के जिले के दौरे से ठीक पहले हुई है। अमूमन शांत रहने वाले जिरीबाम जिले में पिछले हफ़्ते से तनाव बढ़ रहा है। इसलिए बीरेन सिंह वहां का दौरा करने वाले थे, तभी यह हमला हुआ। इसके बाद से मणिपुर में फिर से जातीय तनाव तेज होने की आशंका जतलाई जा रही है। वैसे भी एक साल से अधिक वक्त से मणिपुर अशांत है। कुकी और मैतेई समूहों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में मानवता ने पूरी तरह से दम तोड़ दिया है। ऐसे में प्रधानमंत्री से सहज अपेक्षा थी कि वे कम से कम एक बार इस अशांत प्रदेश में जाते और अमन कायम करने की कोशिश करते। लेकिन श्री मोदी ने इस ओर निराश ही किया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह भी स्थितियों को संभालने में नाकाम रहे हैं, फिर भी पद पर बने ही हुए हैं। एक बार आधे-अधूरे तरीके से इस्तीफे की पेशकश उन्होंने की, लेकिन इससे राज्य में शांति बहाली नहीं हुई।

अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी इस मामले में बड़ा बयान देते हुए एक तरह से नयी सरकार को नसीहत दी है। नागपुर में संघ के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि 'मणिपुर में शांति का इंतजार करते हुए एक साल हो गया है। पिछले 10 सालों से राज्य में शांति थी, लेकिन अचानक राज्य में फिर से बंदूक संस्कृति बढ़ गई। ऐसा लगता था कि पुरानी बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है। वहां अचानक कलह उपज गया या उपजाया गया, उसकी आग में अभी तक जल रहा है, त्राहि-त्राहि कर रहा है और उस पर ध्यान नहीं है? प्राथमिकता देकर इस पर विचार करना हमारा कर्तव्य है।' यहां हमारा से आशय निश्चित ही केंद्र सरकार से है। हमारा कहकर संघ प्रमुख ने बता दिया कि भाजपा अब भी उन्हीं की है, अब भाजपा संघ को कितना अपना मानती है और कितना नहीं, यह जे पी नड्डा ही बता सकते हैं।

बहरहाल, संघ प्रमुख की नसीहत बिल्कुल सही है। बंदूक संस्कृति या जातीय, सांप्रदायिक हिंसा के लिए कहीं भी जगह नहीं होनी चाहिए। अगर आग लगे तो उसे फौरन शांत करने के उपाय होने चाहिए। ऐसा नहीं होने पर कितने गंभीर परिणाम होते हैं, मणिपुर इसका ज्वलंत उदाहरण है। अशांति की चिंगारी इस वक्त छत्तीसगढ़ में भी भड़की है। यहां के बलौदाबाजार में एक उग्र प्रदर्शन में कलेक्टर और एसपी के दफ्तरों में ही आग लगा दी गई, इसके अलावा सौ से ज्यादा गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया गया, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता को भी आतंकित किया गया। हालात ऐसे बन गए कि अब यहां धारा 144 लागू करनी पड़ रही है। दरअसल 15-16 मई की आधी रात को अज्ञात लोगों ने सतनामी समुदाय के धार्मिक स्थल गिरौदपुरी धाम से करीब पांच किमी मानाकोनी बस्ती स्थित बाघिन गुफा में लगे धार्मिक चिन्ह जैतखाम को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस प्रशासन ने इस पर तत्काल कार्रवाई भी शुरु कर दी, लेकिन सतनामी समाज के लोग इससे संतुष्ट नहीं हुए। 9 जून को गृहमंत्री ने न्यायिक जांच के आदेश भी दिए और 10 जून को सतनामी समाज के लोगों ने दशहरा मैदान में प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी। लेकिन इस दिन अप्रत्याशित रूप से कम से कम 5 हजार लोगों की भीड़ जमा हो गई और उसके बाद अविचारित हिंसा और तोड़-फोड़ का ऐसा आलम हुआ कि इस राज्य के लोग हतप्रभ हैं।

छत्तीसगढ़ नक्सल समस्या से तो ग्रस्त रहा है, लेकिन सांप्रदायिक, जातीय उन्माद के लिए यहां कोई जगह नहीं रही। पिछली भूपेश सरकार के वक्त साजा के बीरनपुर गांव में भुवनेश्वर साहू की हत्या और दो दिन बाद दो मुस्लिम युवकों की हत्या की सांप्रदायिक घटना हुई थी। इसके बाद अभी दो दिन पहले इसी राज्य के आरंग में मवेशी ले जाने वाले दो लोगों की भीड़ ने हत्या कर दी, जिसकी जांच के लिए सरकार ने एसआईटी का गठन कर दिया है। और अब बलौदाबाजार की घटना हो गई, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन देते हुए सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की है।

राज्य सरकार तो अपने स्तर और क्षमता के अनुरूप काम कर ही रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने तीसरे कार्यकाल में इस बात पर खास ध्यान देने की जरूरत है, जिन राज्यों में अब तक शांति बनी रहती थी, वहां इस तरह की घटनाएं क्यों होने लगी हैं। अमन और सद्भाव इस वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है।

'अविश्वास' के साथ 'गठबन्धन धर्म' को कैसे निभाएंगे मोदी?

18वीं लोकसभा के लिये हुए चुनावों में जीत दर्ज कर नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री तो बन गये हैं लेकिन वे पहली दो बार की तरह वैसा बड़ा जनादेश लेकर नहीं लौटे हैं। उनकी भारतीय जनता पार्टी के 2014 में 282 और 2019 में 303 सदस्य जीते थे। वैसे तो उन्हें बहुमत के बाद सहयोगी दलों यानी नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीए) के समर्थन की ज़रूरत ही नहीं थी परन्तु उन्होंने दोनों बार कुछ सदस्यों को मंत्री पद दिये थे। इस बार मजबूरी है। खुद की केवल 240 सीटें आने के बाद वे फिर से जो पीएम की गद्दी पर बैठे हैं तो वह आंध्रप्रदेश के चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के 16 और बिहार के नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की टिकट पर जीते 12 सांसदों की बदौलत। बाकी सहयोगी पार्टियां इतनी कम सीटें लेकर आई हैं कि टीडीपी व जेडीयू के बिना उनका काम चल ही नहीं सकता। चूंकि दोनों दलों के साथ भाजपा के सम्बन्धों का अच्छा और बुरा दोनों ही दौर रहा है, सो लोग आश्चर्य कर रहे हैं कि ये साथ-साथ कैसे काम कर सकेंगे? ऐसे कयास भी लगाये जा रहे हैं कि आखिरकार यह सरकार कब तक चलेगी?

सभी जानते हैं कि आज की भाजपा अटल बिहारी वाजपेयी के वक्त का दल नहीं है जो कई-कई पार्टियों के साथ गठबन्धन कर सरकार चला चुकी है। गठबन्धन धर्म के मूल में परस्पर सम्मान व विश्वास होता है जो मोदी और उनके प्रमुख सिपहसालार यानी गृह मंत्री अमित शाह में नहीं है। जिनके साथ भाजपा हाथ मिलाती है, उसे अपने हाथों की उंगलियों को गिनना पड़ता है कि पूरी हैं या नहीं। महाराष्ट्र में शिवसेना, पंजाब में अकाली दल, रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी आदि उदाहरण हैं। अब मोदी-शाह का पाला बहुत सावधान दलों से पड़ा है- टीडीपी व जेडीयू। दोनों ही अपने अस्तित्व को लेकर सदैव सावधान एवं विस्तार के प्रति हमेशा उत्सुक रहती हैं। दोनों अच्छे मोल-भाव करने वाले हैं। जैसा सुलूक दूसरे दलों के साथ मोदी ने किया, वैसा इनके साथ करना मुश्किल होगा। दोनों में से किसी को भी महसूस हुआ कि भाजपा उसकी जमीन हड़पने की कोशिश कर रही है तो उन्हें एनडीए को जय श्रीराम कहने में देर नहीं लगेगी। वैसे यह भी माना जा रहा है और जैसा सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि जोड़-तोड़ कर सरकार बनाना तो एक बात है, उसे चलाना दूसरी बात। इसमें मुख्य रूप से आड़े आएगी मोदी की प्रवृत्ति। तीन बार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हों या दस साल से पीएम- मोदी किसी के साथ विचार-विमर्श की परम्परा का हिस्सा नहीं बने। विपक्षी दलों की बात तो दूर है, अपने ही दल या यहां तक कि मंत्रिमंडल के साथ चर्चा कर उन्होंने कोई काम नहीं किया। ऐसे में सवाल यह उठाया जा रहा है कि इस बार क्या वे अपनी आदत बदलेंगे? फिर,

डॉ. दीपक पाचपोर

गठबन्धन धर्म को निभाने के लिये जिस उदारता एवं लचीलेपन की जरूरत है, वह न तो मोदी में है और न ही भाजपा में। यदि मोदी लचीलापन दिखाते हैं तो उनके समर्थन इस रूप को स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि उनके दिल में मोदी की छवि व स्वीकार्यता उनकी कठोरता के कारण ही है। इसी प्रकार भाजपा के उदार होने पर उसे अनेक उन विषयों को छोड़ना पड़ेगा जो उसकी विचारधारा की पहचान रही है।

उनकी अपनी पार्टी के मंत्री-सांसद तो यह तरीका स्वीकार कर चुके हैं और जो सहयोगी दल मोदी पर आश्रित हैं या जिनके कारण उनकी सरकार का कुछ बनता-बिगड़ता नहीं है, वे भी एनडीए को समर्थन देते रहेंगे। टीडीपी एवं जेडीयू सम्भवत:मोदी के इस रवैये को न तो पसंद करेंगे और न ही स्वीकार। उन्हें महत्वपूर्ण निर्णयों में शामिल न करने से ये दल सोच सकते हैं कि मोदी ने उन्हें एनडीए में शामिल तो कर लिया है लेकिन उन पर विश्वास नहीं किया जा रहा है।

जहां तक मंत्रिमंडल के विकास सम्बन्धी जो कार्यकलाप होंगे उन पर तो सामान्य चर्चाओं में सभी घटक दल शामिल किये जा सकते हैं परन्तु ऐसे कुछ विषय जिन पर वैचारिक विभिन्नता है, उन पर अगर मोदी सरकार ने एकतरफा निर्णय लिये तो एनडीए में खटास पैदा हो सकती है। यहां फिर से मुख्य सन्दर्भ टीडीपी व जेडीयू का है। अल्पसंख्यकों एवं ओबीसी ही नहीं, भाजपा के एजेंडे से सम्बन्धित कोई भी निर्णय अब सम्भवत: एकतरफा नहीं लिया जा सकेगा।

अहम विभाग खुद के पास और गैर महत्वपूर्ण विभागों को सहयोगी दलों को देकर भाजपा ने जतला दिया है कि वह अपनी पिछली सरकार के छोड़े गये कार्यों को ही आगे बढ़ायेगी, परन्तु उससे यह भी साफ हो जाता है कि भाजपा का अन्य किसी पर भरोसा नहीं है। इस बात का बड़ा शोर है कि जिस प्रकार से अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए (1999-2004) सरकार में टीडीपी ने अपने सदस्य जीएमसी बालयोगी को लोकसभा अध्यक्ष बनवाया था, वैसा ही वह इस बार भी मांग करने जा रही है। दलबदल की स्थिति में अध्यक्ष की भूमिका एवं उसके फैसले बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। इसलिये इस पद के लिये खींचतान व मनमुटाव दोनों हो सकता है। दूसरी तरफ, अमित शाह को फिर से गृह मंत्री बनाना यह बतलाता है कि 'ऑपरेशन लोटस' जारी रहेगा। चूंकि भाजपा के लिये ज़रूरी है कि वह टीडीपी-जेडीयू के दबाव से मुक्त होने के लिये किसी भी तरह से अपने सदस्यों की संख्या को बहुमत के 272 के आंकड़े को छुए- वह पहले तो विपक्षी दलों के सदस्यों पर दबाव डालकर उन्हें अपने खेमे में लाने की कोशिश करेगी। इस प्रक्रिया में अगर उसने अपने किसी सहयोगी दलों को हाथ लगाया तो सम्बन्ध बिगड़ सकते हैं।

दृष्टिकोण एवं विमर्शों का टकराव एनडीए की प्रमुख पार्टी भाजपा एवं अन्य दलों के साथ लाजिमी है। खासकर टीडीपी व जेडीयू के साथ खटपट कई विषयों पर हो सकती है लेकिन अब की छोटे दलों का भी रवैया बदला हुआ सा हो सकता है। बहुमत के लिये जितनी बड़ी संख्या में (32) भाजपा को सदस्य जुटाने आवश्यक हैं, उन्हें यह साफ दिख रहा है कि वह काफी कठिन है। वे यह भी जानते हैं कि सरकार बचाने के लिये एक-एक सदस्य का महत्व है। कई दल तो ऐसे हैं जो कम होने पर भी उनका दूसरे परिप्रेक्ष्य में महत्व है। मसलन हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी। अकेले जीतकर आने के बाद भी उन्हें इसलिये कैबिनेट पद दिया गया है क्योंकि एक बड़ा समुदाय उनके साथ जुड़ा हुआ है। जीतन राम के जरिये भाजपा को उस वर्ग का समर्थन सभी जगह मिल सकता है।

बार-बार कहा जा रहा है कि गठबन्धन धर्म को निभाने के लिये जिस उदारता एवं लचीलेपन की जरूरत है, वह न तो मोदी में है और न ही भाजपा में। यदि मोदी लचीलापन दिखाते हैं तो उनके समर्थन इस रूप को स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि उनके दिल में मोदी की छवि व स्वीकार्यता उनकी कठोरता के कारण ही है। इसी प्रकार भाजपा के उदार होने पर उसे अनेक उन विषयों को छोड़ना पड़ेगा जो उसकी विचारधारा की पहचान रही है। मुस्लिमों के लिये जिस तरह के कार्यक्रमों का टीडीपी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में वादा किया है, उन्हें तो वह लागू करेगी ही क्योंकि लोकसभा चुनाव के साथ हुए विधानसभा चुनाव में टीडीपी को बहुत बड़ा जनादेश मिला है। यहां भाजपा ने उसके साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। हालांकि सरकार तो टीडीपी अकेली बना सकती है परन्तु भाजपा व एक अन्य सहयोगी दल जन सेना पार्टी भी प्रदेश सरकार में शामिल रहेगी। क्या ये फैसले भाजपा के समर्थकों को स्वीकार्य होंगे? ऐसे ही, जेडीयू जातिगत जनगणना की मांग करती आई है। उस मांग को वह भाजपा के दबाव में भी नहीं छोड़ेगी क्योंकि ऐसा करने पर उसे अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में नुकसान होगा।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

मोदी के तीसरे कार्यकाल में गठबंधन राजनीति की लगाम

■ कल्याणी शंकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन सरकार ने अभी-अभी कार्यभार संभाला है, और यह अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी कि यह कैसा प्रदर्शन करेगी, यहां तक कि यह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी भी या नहीं। यह सर्वविदित है कि भारत में बहुदलीय सरकारों का इतिहास गड़बड़ा गया है। दिवंगत भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने भी 1998 से 2004 तक 24 दलों के गठबंधन को चलाया था। गठबंधन सरकारों के साथ भारत का अनुभव कुछ हद तक उथल-पुथल भरा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरा कार्यकाल जीता है, जो एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धि भी है। लेकिन भाजपा को स्वतंत्र रूप से शासन करने के लिए आवश्यक 272सीटों में से केवल 240 सीटें ही मिलीं। मोदी अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के अन्य दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। उनकी सरकार का भविष्य इन सहयोगियों पर निर्भर करता है और मोदी इतने चतुर राजनीतिज्ञ हैं कि उनसे यह उम्मीद नहीं कि वह परिस्थिति की उनसे क्या अपेक्षा है को न समझ पायें।

गठबंधन की राजनीति और कमजोर जनादेश के कारण सरकार की महत्वाकांक्षी सुधार योजनाओं के लिए कानून पारित करने में समय और प्रयास लग सकता है। बहुमत न होने के बावजूद, विपक्ष के पास संसदीय समितियों में विवादास्पद विधेयकों को पारित होने से रोकने के लिए पर्याप्त सदस्य होंगे। इसका मतलब है कि भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाने की मोदी की क्षमता को चुनौती दी जायेगी।

एनडीए दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र-दक्षिणपंथी पार्टियों का गठबंधन है। हाल के चुनावों में सहयोगियों ने 53 सीटें -हासिल कीं, जिससे एनडीए की कुल सीटें 283 हो गईं, जो सरकार बनाने के लिए आवश्यक संख्या से 21 अधिक हैं। मोदी के लिए यह एक नयी स्थिति है। एक ऐसे नेता के रूप में जो सत्ता को केंद्रीकृत करने में विश्वास करता है, गठबंधन सरकार बनाना मोदी के अधिकार को चुनौती देता है।

यह उनके राजनीतिक एजेंडे की दिशा को महत्वपूर्ण रूप से बदल सकता है, जिसके परिणामस्वरूप संभावित रूप से उन नीतियों पर अधिक जोर दिया जा सकता है जो केवल भाजपा के एजेंडे के अनुकूल होने के बजाय विभिन्न गठबंधन भागीदारों को आकर्षित करती हैं। एनडीए गठबंधन सरकार के गठन से प्राथमिकताओं में बदलाव हो सकता है।

गठबंधन की नीतियों पर अधिक जोर दिया जा सकता है और मोदी के धार्मिक राष्ट्रवादी एजेंडे में संभावित रूप से नरमी लाई जा सकती है। इसका भारत के राजनीतिक और सामाजिक ताने-बाने पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो अब अपने तीसरे कार्यकाल में हैं, से उम्मीद की जाती है कि वे आर्थिक सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक कल्याण पर अपनी नीतियों को जारी रखेंगे। फिर भी, उन्हें एक विविधतापूर्ण गठबंधन को संभालने की अतिरिक्त चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। गठबंधन सहयोगियों से निपटना और संसद चलाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि उन्हें अधिक प्रभावशाली और आधिकारिक विपक्ष का सामना करना पड़ रहा है।

अपने तीसरे कार्यकाल में, मोदी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके अधिकार की सीमा के बारे में सवाल हैं, खासकर तब जब भाजपा ने अपना बहुमत खो दिया है। नयी राजनीतिक गतिशीलता उभरी है, जिसमें पार्टी के प्राथमिक एनडीए सहयोगी अब सत्तारूढ़ गठबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस बदलाव को क्षेत्रीय राजनीतिक गतिशीलता सहित विभिन्न कारकों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

पहली बड़ी बाधा सरकार बनाना था, जिसके लिए उन्हें गठबंधन की राजनीति की जटिलताओं को समझना था। अपनी मुखर और स्वतंत्र राजनीतिक शैली को जारी रखने में समय और प्रयास लग सकता है।

अगला कदम अपने सहयोगियों के लिए संतोषजनक विभागों का आवंटन करना है। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू दोनों ही कठिन वार्ताकार हैं और महत्वपूर्ण विभागों की मांग करेंगे। छोटे सहयोगी भी प्रमुख मंत्रालयों की देखरेख करके सरकार की नीतियों और निर्णयों को आकार देने में अपना प्रभाव दिखायेंगे।

मुख्य बात एनडीए को साथ रखना है। अफ़वाहों के अनुसार, इंडिया गठबंधन जेडी(यू) और टीडीपी को अपने पाले में लाना चाहता था और अपनी सरकार बनाना चाहता था। यह चाल विफल रही, लेकिन इससे राजनीतिक ताकतों का फिर से गठबंधन हो सकता है, जिससे गठबंधन के भीतर सत्ता का संतुलन बिगड़ सकता है। मोदी के एनडीए सहयोगी वफ़ादार रहेंगे या उनके शासन को कमज़ोर करेंगे, यह अटकलों और 'लाखों डॉलर के सवाल' के दायरे में है। प्रमुख सहयोगियों की अविश्वसनीयता के इतिहास में निहित अनिश्चितता पर नज़र रखने की ज़रूरत है।

पिछले दशक में टीडीपी, शिवसेना, एआईएडीएमके और अकाली दल जैसे भाजपा के कुछ प्रमुख सहयोगियों ने अपनी साझेदारी समाप्त कर दी थी। 2018 मेंटीडीपी ने गठबंधन छोड़ दिया क्योंकि आंध्र प्रदेश को विशेष श्रेणी का दर्जा नहीं मिला था। अब टीडीपी और जेडी(यू) फिर से भाजपा के साथ हैं। मोदी को इस बात का ध्यान रखना होगा कि तेलुगु देशम पार्टी और जनता दल (यूनाइटेड) अलग-थलग न पड़ जायें।

चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार, जिनके पास 28 सीटें हैं, 'किंगमेकर' हैं। वे लंबे समय से अपने-अपने राज्यों के लिए विशेष दर्जे की मांग करते रहे हैं और अपने फिसलन भरे चरित्र के लिए जाने जाते हैं।

नीतीश कुमार, जिन्हें उनके लगातार पलटी मारने के कारण 'पलटू कुमार' के नाम से जाना जाता है, ने 2014 में भाजपा द्वारा मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने के मुद्दे पर भाजपा के साथ अपनी साझेदारी समाप्त कर ली थी। बाद में वे एनडीए में शामिल हो गये और 2022 में फिर से भाजपा से नाता तोड़कर राजद के साथ सरकार बना ली। इस साल वे फिर से एनडीए में लौट आये हैं।

गठबंधन की राजनीति और कमजोर जनादेश के कारण सरकार की महत्वाकांक्षी सुधार योजनाओं के लिए कानून पारित करने में समय और प्रयास लग सकता है। बहुमत न होने के बावजूद, विपक्ष के पास संसदीय समितियों में विवादास्पद विधेयकों को पारित होने से रोकने के लिए पर्याप्त सदस्य होंगे। इसका मतलब है कि भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाने की मोदी की क्षमता को चुनौती दी जायेगी। 'समान नागरिक संहिता' और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जैसी महत्वपूर्ण नीतियों को चुनौती दी जा सकती है। नीति-निर्माण की गति धीमी हो सकती है और सरकार के सुधार चार्ट पर पुनर्विचार हो सकता है।

राजनीतिक गठबंधनों में बदलाव आश्चर्यजनक नहीं होगा। मोदी अगले दो या तीन वर्षों में अपनी अल्पमत सरकार को बहुमत में बदलने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। लेकिन, शुरू में, सत्ता संतुलन के लिए यह एक कठिन काम होगा।

पावन प्रसंग

बालकों का मानसिक पोषण

बचपन से ही स्वाध्याय की प्रवृत्ति होती है तभी वह स्वभाव का अंग बनती है। इसीलिए इस दिशा में प्रारंभ से ही ध्यान दिया जाना जरूरी है। जिस प्रकार पौष्टिक भोजन के अभाव में शरीर कृश हो जाता है उसी प्रकार उत्तम पुस्तक अध्ययन करने से मानसिक शक्तियों का विकास होता है, अपितु जीवन के प्रत्येक क्षेत्र, दुख-सुख में मित्र साथी व मार्गदर्शक बनती है। पुस्तकों के सहारे ही व्यक्ति घर बैठे संसार में होने वाले क्रियाकलापों की जानकारी प्राप्त कर सकता है, देश-विदेश की साहित्यिक कृतियों का रसास्वादन कर सकता है। सद्ग्रंथों के स्वाध्याय की प्रवृत्ति का तथा पुस्तकों के संबंध में सुरुचि-सम्पन्नता का विकास बचपन से ही करने के प्रयत्न जरूरी है। साहित्य द्वारा ही मनुष्य में वैचारिक क्षमता विकसित होती है। इसीलिए स्वाध्याय की प्रवृत्ति का तथा पुस्तकों के संबंध में सुरुचि- संपन्नता का विकास बचपन से ही करने के प्रयत्न जरूरी है। साहित्य द्वारा ही मनुष्य में वैचारिक क्षमता विकसित होती है। इसके लिए बच्चों तथा बड़ों सभी में श्रेष्ठ साहित्य के प्रति आकर्षण तथा समाज में वैसे साहित्य की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धि की उभयपक्षीय. व्यवस्थाएं विनिर्मित की जानी चाहिए। विचारों को उन्नत बनाने वाला साहित्य उपलब्ध रहे और उसके प्रति रुचि जाग्रत रहे, तो प्रगति की यात्रा सुनिश्चित है।

पतनकारी साहित्य से व्यक्ति और राष्ट्र की शक्ति नष्ट होती है। आज सामाजिक सामर्थ्य का कितना विनाश हो रहा है कि विचारवान लोगों के हृदय इस आशंका से कांपने लगे हैं कि कहीं सामाजिक विद्रोह की ज्वाला न भड़क उठे। सत्साहित्य से सद्विचार ग्रहण करते रहने की परंपरा चल पड़े तो मानसिक उत्थान होता रहेगा और दुर्गुणों से बचते रहें। साहित्य वही उपयोगी है, जो हमें ऊंचा उठा सके, हमारे अंत:करण में प्रकाश उत्पन्न कर सके। जहां कोई अन्य साधन न हों, वहां नियमित रूप से सद्ग्रंथों, आत्मनिर्माण करने वाली पुस्तकों का स्वाध्याय करते रहना चाहिए। इससे भी मन बुरे विचारों से बचा रहता है और सद्भावनाएं उत्पन्न होती है। विद्वान सिसरो ने लिखा है-'साहित्य का अध्ययन युवकों का पालन-पोषण करता है, वृद्धों का मनोरंजन करता है, उन्नति का द्वार खोलता है, विपत्ति में धैर्य बंधाता है। घर में प्रमुदित रखना और बाहर विनीत रखना साहित्य का ही काम है।'

उस सारे वांडमय को ऐसे साहित्य की श्रेणी में ले लेते हैं, जिससे अर्थबोध के साथ भावनाओं का परिष्कार भी होता हो और प्रत्येक तथ्य की समीक्षात्मक व्याख्या भी होती हो। केवल गूढ़ शब्दों को रट लेना मात्र पर्याप्त नहीं है। पढ़ना और उसे समझना, समझकर उससे सत्यासत्य पर विचार करना तथा जीवनशोधक व्यावहारिकता का अनुसरण करना, इतना कर सकें तो समझें कि साहित्य की आवश्यकता को हमने समझ लिया है। रामायण पढ़ने का लाभ तब है, जब हम भी राम, भरत या लक्ष्मण के सदृश बनने का प्रयत्न करें और रामायण का महत्व इसलिए है कि उससे आंतरिक मलिनताओं पर द्वंद्व उत्पन्न होता है तथा सदाचार की प्रेरणा मिलती है। इस तरह का तालमेल यदि बन सके तो विचारदृष्टि से शक्तिशाली बनने में कोई कठिनाई न रहेगी।

युग निर्माण योजना

आपके पत्र

कीटोजेनिक आहार अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है

हाल ही में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक अध्ययन ने तेज़ी से वज़न घटाने और चयापचय लाभों के लिए जाने-माने कीटोजेनिक आहार के छिपे हुए जोखिम को उजागर किया है। शोधकर्ताओं ने उच्च वसा और अत्यधिक कम कार्बोहाइड्रेट पर आधारित इस आहार से चूहों के अंगों में सेनेसेंट (वृद्ध) कोशिकाओं का संचय होते देखा है। सेनेसेंट कोशिकाएं वे कोशिकाएं होती हैं जो विभाजन करना बंद कर देती हैं लेकिन मरती भी नहीं। आम तौर पर हमारा प्रतिरक्षा तंत्र इन्हें साफ कर देता है लेकिन उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा तंत्र अपना काम भलीभांति नहीं कर पाता और जमा होने वाली सेनेसेंट कोशिकाएं ऊतक के कार्य को बाधित कर सकती हैं और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म दे सकती हैं।

वास्तव में, कीटोजेनिक आहार शरीर को कार्बोहाइड्रेट की बजाय वसा का उपयोग करने के लिए मजबूर करता है, जिससे कीटोन नामक अणु उत्पन्न होते हैं। आम तौर पर कीटो आहार लेने वाले लोग अपनी कैलोरी का 70 से 80 प्रतिशत वसा से और केवल 5 से 10 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट से प्राप्त करते हैं। इसके विपरीत, एक औसत अमेरिकी के आहार में लगभग 36 प्रतिशत वसा और 46 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट होता है।

वैसे तो यह आहार मूल रूप से 1920 के दशक में बच्चों में मिर्गी के इलाज के लिए विकसित किया गया था लेकिन यह वज़न तथा रक्त शर्करा के स्तर को कम करने और एथलेटिक प्रदर्शन को बढ़ाने की चाह रखने वालों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है।

दरअसल, सैन एंटोनियो स्थित टेक्सास हेल्थ साइंस सेंटर के विकिरण कैंसर विशेषज्ञ डेविड गियस के नेतृत्व में शोधकर्ता यह जांच कर रहे थे कि कीटो आहार के कारण श्च53 प्रोटीन पर किस तरह के असर होते हैं। श्च53 प्रोटीन कैंसर से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही यह कोशिकीय सेनेसेंस का नियमन भी करता है।

प्रयोगों के दौरान उन्होंने देखा कि उच्च वसा (जो कुल में से लगभग 90 प्रतिशत कैलोरी देता है) वाले कीटोजेनिक आहार से चूहों के दिल, गुर्दे, यकृत और मस्तिष्क में श्च53 और सेनेसेंट कोशिकाओं के अन्य संकेतकों का स्तर बढ़ा था। इसके विपरीत, आहार में वसा से केवल 17 प्रतिशत कैलोरी प्राप्त करने वाले चूहों के नियंत्रण समूह में ऐसी कोई वृद्धि नहीं देखी गई।

यह काफी दिलचस्प बात है कि जब चूहों को फिर से सामान्य आहार दिया गया तो सेनेसेंट कोशिकाएं लगभग गायब हो गई थीं। उच्च वसा वाला भोजन और नियमित भोजन निश्चित अंतराल पर बारी-बारी करने से भी ऐसी कोशिकाओं का निर्माण रुक गया। इससे स्पष्ट होता है कि कीटोजेनिक आहार से नियमित अंतराल पर ब्रेक लेने से इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है।

बहरहाल, अन्य विशेषज्ञ इस बात से सहमत नहीं हैं कि कीटोजेनिक आहार मनुष्यों के लिए भी हानिकारक है। उनका कहना है कि इन निष्कर्षों को पूरी तरह से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है। सेनेसेंट कोशिकाओं के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हो सकते हैं - वे घाव भरने में मदद करती हैं लेकिन अगर वे लंबे समय तक बनी रहती हैं तो सूजन पैदा कर सकती हैं और ऊतकों को क्षति भी पहुंचा सकती हैं। लिहाज़ा, आहार की सुरक्षा सम्बंधी निष्कर्ष निकालने से पहले मनुष्यों में इन कोशिकाओं के हानिकारक प्रभाव को प्रदर्शित करना ज़रूरी है।

वैसे, अध्ययन यह भी कहता है कि सभी कीटोजेनिक आहार एक जैसे नहीं होते। वसा और प्रोटीन स्रोतों में भिन्नता से इनके परिणाम अलग-अलग भी हो सकते हैं। ऐसे में यह कहना उचित नहीं है कि चूहों में देखे गए प्रभाव सभी कीटोजेनिक आहारों पर एक समान रूप से लागू होंगे।

बहरहाल, कीटोजेनिक आहार विभिन्न स्वास्थ्य लाभ तो प्रदान करता है लेकिन इस अध्ययन की मानें तो संतुलन और समय-समय पर इस आहार से ब्रेक लेकर सामान्य भोजन अपनाना समझदारी होगी। फिर भी इस संदर्भ में अधिक शोध आवश्यक है ताकि सुरक्षित और प्रभावी कीटोजेनिक आहार के लिए दिशानिर्देश तैयार किए जा सकें। तब तक, कीटोजेनिक आहार लेने वाले लोग प्रतिकूल प्रभावों को कम करने

देश विदेश

लेफ्टिनेंट जनरल जमान बंगलादेश के सेना प्रमुख नियुक्त

ढाका। लेफ्टिनेंट जनरल वकर-उज-ज़मान को बंगलादेश का सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। बंगलादेशी रक्षा मंत्रालय के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस विभाग ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल ज़मान को 23 जून से तीन साल के लिए सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह बंगलादेशी सेना के निवर्तमान सेनाध्यक्ष जनरल शफीउद्दीन अहमद का स्थान लेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल ज़मान वर्तमान में बंगलादेश की सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ के पद पर कार्यरत हैं।

मलावी के उपराष्ट्रपति साउलोस चिलिमा की प्लेन क्रैश में मौत की पुष्टि

लिलोंग्वे, 11 जून (एजेंसियां)। मलावी के उपराष्ट्रपति साउलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों की प्लेन हादसे में मौत हो गई है। मलावी के राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। उपराष्ट्रपति और नौ अन्य लोगों को ले जा रहा सैन्य विमान सोमवार को लापता हो गया था। राष्ट्रपति ने कहा कि उपराष्ट्रपति को ले जा रहे विमान का मलबा मिल गया है, लेकिन उसमें कोई जिंदा नहीं बचा है। चिलिमा (51) देश के पूर्व अटॉर्नी जनरल और न्याय मंत्री राल्फ कासाम्बारा के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। राल्फ कासाम्बारा शुक्रवार को लिलोंगवे के एक लॉज के कमरे में मृत पाए गए थे। मलावी रक्षा बल के विमान को स्थानीय

■ उपराष्ट्रपति को ले जा रहे विमान का मलबा मिला, लेकिन उसमें कोई जिंदा नहीं बचा

समय के अनुसार सुबह 10 बजे के बाद देश के उत्तर में स्थित मजूजू अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरना था। विमान के रडार से गायब होने से पहले लिलोंग्वे के कामुजू अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर वापस लौटने की सलाह दी गई। विमान से संपर्क नहीं होने पर राष्ट्रपति ने खोज और बचाव अभियान का आदेश दिया। विमान को खोजने की कोशिश में सैनिक पूरी रात और सुबह तक चिकनगावा जंगल में सर्च करते रहे। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने मंगलवार को एक न्यूज ब्रीफिंग में कहा कि मलावी रक्षा बल के कमांडर ने उन्हें बताया कि खोज और बचाव अभियान पूरा हो गया है। विमान का मलबा मिल गया है। लोगों को इस भयानक त्रासदी के बारे में बताते हुए बहुत दुख हो रहा है। बचाव दल को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त विमान मिला है। राष्ट्रपति चकवेरा ने चिलिमा को श्रद्धांजलि दी, उन्हें एक अच्छा इंसान और मजबूत उपराष्ट्रपति बताया। बीबीसी ने राष्ट्रपति के हवाले से कहा कि मैं इसे अपने जीवन का सबसे बड़ा सम्मान मानता हूं कि वह मेरे डिप्टी और काउंसलर रहे।

रूस में प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त , चालक दल के सदस्य की मौत

मॉस्को। रूस के उत्तरी ओसेशिया में प्रशिक्षु विमान के तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चालक दल के सदस्य की मौत हो गयी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि उत्तरी ओसेशिया-अलानिया गणराज्य में रूसी एयरोस्पेस बल का एक प्रशिक्षु एसयू-34 विमान निर्धारित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय के अनुसार विमान निर्जन क्षेत्र में गिर गया और चालक दल के सदस्य की मौत हो गयी। विमान दुर्घटना का प्रारंभिक कारण तकनीकी खराबी है।

कठुआ के हीरानगर में आतंकी हमला, हमले में 8 के करीब आतंकी शामिल

जम्मू, 11 जून (देशबन्धु)। जम्मू संभाग के कठुआ जिले के हीरानगर कस्बे के सैडा सोहल गांव में ताजा सीमा पार कर घुसे करीब आठ आतंकियों के एक दल ने हमला बोला तो गांव के लंबरदार की मौत हो गई। दो अन्य नागरिक जख्मी भी हो गए। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने समाचार भिजवाए जाने तक एक आतंकी को ढेर कर दिया था जो अति आधुनिक हथियारों से लैस थे। मिलने वाले समाचारों के अनुसार, यह घटना पौने आठ बजे की है जब इंटरनेशनल बार्डर से सटे इस गांव के रास्ते ताजा घुसे आठ के करीब आतंकियों के दल ने आगे बढ़ना चाहा तो कुछ गांववासियों द्वारा उन्हें देख लिया। इस पर आतंकियों ने गोलीबारी कर तीन लोगों को जख्मी कर दिया जिसमें से एक लंबरदार की मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल उसकी मौत की पुष्टि नहीं हो पाई है। पर अधिकारियों ने बताया कि ऐक आतंकी को समाचार भिजवाए जाने तक ढेर कर दिया गया था और अतिरिक्त सुरक्षाबलों ने

एक नागरिक की हत्या कर घर में घुसे आतंकियों में से एक ढेर

मौके पर मोर्चा संभाल लिया था। इलाके को सेना तथा बीएसएफ ने अपने घेरे में ले लिया था। सूचना के अनुसार, सुरक्षा बल के वहां पहुंचने के बाद दोनों ओर से एनकाउंटर शुरू हो गया है और आतंकी अभी भी फायरिंग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार आतंकियों की संख्या आठ बताई जा रही है। जिस स्थान पर फायरिंग हो रही है। उसकी कुछ दूरी पर कथास्थल में बुआदाती देवस्थान पर 13 लोग जिसमें में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। वो एक कमरे में बंद हैं। ग्रामीणों ने उनकी सुरक्षा के लिए मांग की है।

जानकारी के लिए तीन दिनों के भीतर जम्मू संभाग में यह दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले शनिवार को आतंकियों ने रियासी में एक यात्री बस पर हमला बोल 10 लोगों को मार डाला था। इन हमलों के उपरांत पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

सुडोकू 6583

		5		8	2			4
8			6	5		7	9	
								3
	8							
	4	1	7		9	8	6	
							3	
9								
	7	4		9	8			6
6			4	2		1		

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 12 जून, 2024 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5

राशिफल

मेष - आज आप का दिन मध्यम फलदायी हैं। आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। आप शारीरिक थकान का अनुभव करेंगे। संभव हो तो प्रवास टालें। किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें।

वृषभ - आज आप का दिन मध्यम फलदायी है। आप किसी भी काम को दृढ़ मनोबल एवं पूर्ण विश्वास के साथ करें। पिता एवं पैतृक संपत्ति से लाभ होने के योग हैं। आप के प्रति पिता का व्यवहार भी अच्छा रहेगा।

मिथुन - आज का दिन आपके लिए अच्छा और लाभदायी होगा। मित्र, बंधु-बांधवों एवं पड़ोसियों के साथ आप के संबंध अच्छे रहेंगे। आर्थिक रूप से आप सजग रहेंगे।

कर्क - आज का दिन मध्यम फलदायी है। आपके मन में ग्लानि रहेगी। जो भी काम करेंगे, उसमें आपको संतोष नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा। दांयी आंख में परेशानी होने की आशंका बनी रहेगी।

सिंह - आज आपका दिन शुभ फलदायी है। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। हर काम को दृढ़ निश्चय के साथ पूरा कर पाएंगे। सरकारी कामों में या सरकार से लाभ होगा। पिता तथा बड़ों का सहयोग मिलेगा।

कन्या - आपका दिन शारीरिक एवं मानसिक चिंता के बोझ में रहेगा। आज किसी के भी साथ आपके इगो का टकराव न हो इसका विशेष ध्यान रखें। कोर्ट-कचहरी में सावधानी रखें। आकस्मिक धन खर्च होगा।

तुला - आज का दिन शुभ फलदायी है। आज आपको कई तरह के लाभ होने के योग हैं। मित्रों के साथ मिलना-जुलना और कुछ मनोहर स्थलों पर घूमने जाने की संभावना बनी रहेगी।

वृश्चिक - आज का दिन शुभ फलदायी है। आपके गृहस्थ जीवन में आनंद और उल्लास बना रहेगा। आपके सभी काम बिना अवरोध के पूरे होंगे। मान-सम्मान मिल सकता है। नौकरी, व्यवसाय में पदोन्नति होगी।

धनु - आज किसी भी तरह की यात्रा को टालना आपके हित में रहेगा। आज आपके शरीर में थकान रहेगी। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहेगा। मन में व्याकुलता रहेगी। संतान के विषय में चिंता हो सकती है। व्यवसाय में बाधा उत्पन्न होगी।

मकर - आपके कार्यालय एवं व्यापार में परिस्थिति आपके अनुकूल होगी। आज समय पर ऑफिस के काम पूरे कर पाएंगे। व्यापार तथा सामाजिक काम के लिए बाहर जाने के अवसर मिल सकता हैं।

कुंभ - आज आप में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास बहुत ज्यादा रहेगा। मैरीड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। छोटा प्रवास या आनंददायी पर्यटन का योग बना रहेगा।

मीन - आज आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप आत्मविश्वासी बने रहेंगे। आरोग्य खूब अच्छा रहेगा। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। दैनिक काम अच्छी तरह से कर पाएंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

अफगानिस्तान में 1,300 लोगों की नशे की लत छुड़ाई गई

काबुल, 11 जून (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत हेरात के पुनर्वास केंद्र में चिकित्सा उपचार मिलने के बाद नशे के आदी कुल 1,300 लोग ठीक हो गये हैं। मादक पदार्थ निरोधक विभाग के प्रांतीय निदेशक मावलवी हयातुल्ला रोहानी ने मंगलवार को बताया कि पिछले 10-16 महीने के दौरान नशा करने के आदी लोगों को पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया गया था और उनका उपचार किया गया। उपचार के बाद सभी लोग ठीक होकर अपने घरों को वापस लौट गये हैं। अधिकारी ने बताया कि अब तक लगभग पांच हजार नशे के आदी लोगों का हेरात के पुनर्वास केंद्र में चिकित्सा उपचार दिया जा चुका है और वे पूरी तरह से ठीक होकर घर लौट गये हैं।

उत्तर कोरिया के सैनिकों के अंतर कोरियाई सीमा पार करते ही तनाव बढ़ा

सोल, 11 जून (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के 20 सैनिकों के कुछ देर के लिए अंतर-कोरियाई भूमि सीमा पार करने के बाद उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच तनाव और बढ़ गया। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर कोरियाई सैनिकों ने रविवार दोपहर लगभग 12.30 बजे सीमा के मध्य भाग में दोनों कोरिया को अलग करने वाले असैन्यीकृत क्षेत्र (डीएमजेड) के भीतर सैन्य सीमांकन रेखा (एमडीएल) को पार कर लिया। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार जेसीएस ने कहा कि दक्षिण कोरियाई सेना ने चेतावनी प्रसारण किया और चेतावनी वाली गोलियां चलाईं जिससे उत्तर कोरियाई सैनिकों को सीमा के अपने हिस्से में

सेना का आकलन है कि सैनिक डीएमजेड के अंदर एक अनिर्दिष्ट कार्य पर काम कर रहे थे, उनका एमडीएल पार करने का इरादा नहीं था : कर्नल ली सुंग-जून

लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। चेतावनी के बाद कोई असामान्य गतिविधि नहीं हुई। जेसीएस के प्रवक्ता कर्नल ली सुंग-जून ने कहा कि सेना का आकलन है कि सैनिक डीएमजेड के अंदर एक अनिर्दिष्ट कार्य पर काम कर रहे थे, उनका एमडीएल पार करने का इरादा नहीं था। वे चेतावनी के तुरंत बाद लौट गए थे। एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर कोरिया द्वारा हाल ही में कचरा ढोने वाले गुब्बारे भेजने के कारण सीमा पार तनाव बढ़ने के बीच यह घटना हुई।

नाटो प्रमुख बुधवार को हंगरी का दौरा करेंगे

ब्रुसेल्स, 11 जून (एजेंसियां)। नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग यूक्रेन के लिए समर्थन बढ़ाने के गठबंधन के प्रयासों में भाग लेने से बचने की हंगरी की योजना पर चर्चा करने के लिये बुधवार को वहां का दौरा करेंगे। उन्होंने मंगलवार को यह जानकारी दी। मई के अंत में, हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने कहा कि हम, स्टोलटेनबर्ग या उनके उत्तराधिकारी के साथ एक समझौता करने का इरादा रखते हैं जो यह सुनिश्चित करेगा कि हंगरी नाटो का सदस्य बने रहने के बावजूद यूक्रेन में गठबंधन के संचालन से बच सकेगा। हमारे वकील इस पर काम कर रहे हैं। श्री स्टोलटेनबर्ग ने रीगा में बुखारेस्ट नौ शिखर सम्मेलन से पहले संवाददाताओं से कहा कि मैं हंगरी जाकर वहां नाटो शिखर सम्मेलन (वाशिंगटन में) के एजेंडे पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं, जिसमें यूक्रेन के लिए समर्थन और हमारी प्रतिरोधक क्षमता तथा रक्षा को और मजबूत बनाने के तरीके शामिल हैं। मैं कल पत्रकारों से मिलूंगा। विक्टर ओरबान से मिलने के बाद मैं आपको बैठक के बारे में अधिक बता सकता हूं।

यूक्रेन ने क्रीमिया में रूसी मिसाइल सिस्टम पर किया हमला

कीव, 11 जून (एजेंसियां)। यूक्रेनी सेना ने क्रीमिया में तीन रूसी मिसाइल सिस्टम पर हमला किया। इसकी जानकारी यूक्रेनी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने एक बयान जारी कर दी। बयान के अनुसार, पश्चिमी क्रीमिया के येवपटोरिया शहर के पास एक एस-300 सिस्टम पर हमला किया गया,

■ हमले में रडार स्टेशन नष्ट हो गए और रूसी ठिकानों पर गोला-बारूद से जबरदस्त विस्फोट हुआ

जबकि दूसरा हमला पड़ोसी गांव चोरनोमोरस्क के पास किया गया। इसके अलावा, यूक्रेनी सेना ने उत्तरी क्रीमिया के दजानकोय क्षेत्र में एक एस-400 कॉम्प्लेक्स को निशाना बनाया और मिसाइलें दागी। हमले में रडार स्टेशन नष्ट हो गए और रूसी ठिकानों पर गोला-बारूद से जबरदस्त विस्फोट हुआ।

बयान के अनुसार, हमलों के चलते क्रीमिया में रूसी वायु रक्षा को काफी नुकसान हुआ है। बता दें कि पिछले महीने भी यूक्रेन ने क्रीमिया में रूसी सेना पर अमेरिका से मिली मिसाइलों से हमला किया था। स्वतंत्र मीडिया ने क्रीमिया में 3 सैन्य ठिकानों पर हमलों की सूचना दी थी। इस हमले में कई लोग हताहत हुए थे।

इस हमले के जवाब में रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेन की एटीएसीएमएस मिसाइलों को नष्ट कर दिया था। दरअसल, यह मिसाइल यूक्रेन को अमेरिका ने दी थी। अमेरिका ने तब घोषणा की थी कि वह

यूक्रेन को नए हथियार पैकेज के हिस्से के रूप में एटीएसीएमएस मिसाइल देगा, जिनकी रेंज 165 किलोमीटर तक है। क्रीमिया रूसी सेना के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। यूक्रेन में सैनिकों, हथियारों और गोला-बारूद की आपूर्ति इसी प्रायद्वीप के जरिए होती है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने क्रीमिया समेत रूस द्वारा कब्जाए गए सभी क्षेत्रों को वापस हासिल करने का संकल्प लिया है।

वर्ग पहेली 6583

१		२		३	■	४		५	
	■		■	६			■		■
७			■		■	८			९
	■		■	१०			■	■	
■	११		१२		■	■	१३		
■		■		■	१४			■	
१५		१६		■		■	१७	१८	
	■		■	१९		२०	■		■
२१			■		■	२२			२३
	■	२४					■	■	

बायें से दायें:

१ कोशिश करता हुआ
४. पंचांग, कैलेण्डर
६ गर्भ (उर्दू)
७. झगड़ा विवाग
८. साथ चलने वाला, सहगामी (उर्दू)
१०. राजनियम, वह नियम जिसे मानना राज्य विशेष के प्रत्येक गागरिक का कर्तव्य हो, विधान विधि
११. लोकोपकार, लोक- कल्याण
१३. नष्ट, बरबाद (उर्दू)
१४. सूचना, खबर, जानकारी (उर्दू)
१५. उचित, उपयुक्त (उर्दू)
१७. एक रोग, जो वसंत और ग्रीष्म ऋतुओं में अधिक होता है, चेचक, वसंत रोग
१९. लंने वाला, पाने वाला, दिवालिया, प्रतिष्ठान या किसी झगड़े में पड़ी संपत्ति की देखरेख के न्यायालय द्वारा नियुक्त व्यक्ति, अधिकारी
२१. कामना, वासना (उर्दू)
२२. सीमा निर्धारण
२४. याचक, इच्छुक(उर्दू)

ऊपर से नीचे:-

१. सूर्य
२. बहुत से लोगों द्वारा साथ मिलकर गाया जाने वाला गीत
३. जांच पड़ताल, छानबीन (उर्दू)
४. वह उपज जिससे तेल निकाला जाता है
५. रक्षक दल, रक्षक दल का फेरा, निगरानी, देखरेख (उर्दू)
९. आनाकानी, टालमटोल
११. आग पकड़ना, प्रज्वलित होना ईर्ष्या करना
१२. गणित, किसी आर्थिक व्यवहार का विवरण गिनती, गणना (उर्दू)
१३. ढूंढने,खोजने की क्रिया (उर्दू)
१४. अभिप्राय, विचार,, इच्छा संकल्प (उर्दू)
१५. जिसका हाथ खुला हो, दानी, उदार
१६. राजनीति (उर्दू)
१८. किंचित, थोड़ा
१९. सहारा, आधार, आश्रित
२०. गुण, प्रभाव, असर (उर्दू)
२३. आकाश, गगन

वर्ग पहेली-6582

१ सु	नि	२ यो	जि	३ त	■	४ त	म	५ क	ना
हा	■	ज	■	६ ह	ल	फ	■	च्छ	■
७ ग	ण	ना	■	की	■	८ सी	ता	प	९ ति
न	■	का	■	१० का	बि	ल	■	■	मि
■	११ प	र	१२ हि	त	■	■	१३ उ	द्धा	र
■	रो	■	लो	■	१४ नि	मि	त	■	म
१५ प	क्ष	१६ ध	र	■	र्ण	■	१७ म	१८ ल	य
ठ	■	नं	■	१९ का	य	२० दा	■	ड़	■
२१ नी	र	ज	■	ति	■	२२ म	द	ना	२३ रि
य	■	२४ य	था	ल	ब्ध	■	■	■	श्ता

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

आज का इतिहास

1665-न्यू एम्स्टर्डम कानूनी तौर पर ब्रिटेन का हिस्सा बना और यार्क के ड्यूक के नाम पर इसका नाम न्यूयार्क रखा गया।

1691-पोप अलेक्जेंडर (आठवें) की जगह इन्नोसेंट (बारहवें) पोप बने।

1787-अमेरिका में सीनेटर के लिए 30 वर्ष की न्यूनतम आयु सीमा संबंधी कानून पारित हुआ।

1889-उत्तरी आयरलैंड के आर्मागं में ट्रेन दुर्घटना में 88 लोगों की मौत हुई।

1915-कन्नड़ लेखक, नाटककार, मंच कलाकार, निर्देशक, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता सी. के. नागराज राव का जन्म।

1935-भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक श्यामा का जन्म।

1952-तत्कालीन सोवियत रुस ने जापान के साथ शांति संधि को अवैध घोषित किया।

1957-हिन्दी की जानी मानी कथाकार और उपन्यासकार गीतांजलि श्री का जन्म।

1962-अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को की खाड़ी में स्थित कड़ी सुरक्षा वाले कारागार एलकटराज से तीन क़ैदी भाग निकले। इस जेल को सुरक्षा के हिसाब से अकाट्य माना जाता था और यहां सबसे गंभीर अपराधों वाले कैदियों को रखा जाता था।

1964-अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ आंदोलन की अगुवाई करने वाले अश्वेत नेता नेल्सन मंडेला को सरकार के खिलाफ साजिश का दोषी ठहराते हुए उम्र क़ैद की सजा।

बयान *खालिस्तान समर्थक तत्वों पर बोले कनाडा के उच्चायुक्त*

हिंसा को बढ़ावा देना कभी स्वीकार्य नहीं

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा भारत विरोधी भावना को बढ़ावा दिये जाने के बीच भारत में कनाडाई उच्चायुक्त कैमरून मैके ने मंगलवार को कहा कि उनके देश में घृणा या हिंसा के महिमामंडन के लिए कोई जगह नहीं है। एक्स पर कनाडाई मंत्री डोमिनिक लेब्लांक के 8 जून के एक पोस्ट के जवाब में मैके ने कहा कि कनाडा की सरकार को ब्रैम्पटन में रविवार को एक और चित्र के प्रदर्शन की जानकारी है। कनाडा की स्थिति स्पष्ट है। कनाडा में हिंसा को बढ़ावा कतिपय स्वीकार्य नहीं है। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री

लेब्लांक ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को कटआउट में दिखाने पर चिंता व्यक्त करते हुए यह पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था. इस सप्ताह वैंकूवर में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को चित्रात्मक रूप में दिखाए जाने की खबरें मिली हैं। कनाडा में हिंसा को बढ़ावा देना कतई स्वीकार्य नहीं है।

■ कनाडा में घृणा या हिंसा के महिमामंडन के लिए कोई जगह नहीं

मैके ने 8 जून को कहा था कि कनाडा में उस घटना से वह स्तब्ध हैं जिसमें भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का महिमामंडन किया गया था। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, कनाडा में घृणा या हिंसा के महिमामंडन के लिए कोई जगह नहीं है। मैं इन



गतिविधियों की स्पष्ट शब्दों में निंदा करता हूं। भारत ने कनाडा में इस तरह की परेशान करने वाली गतिविधियों को जारी रखने की अनुमति दिये जाने पर बारंबार चिंता प्रकट की है और अपना विरोध दर्ज कराया है। उसका कहना है कि इससे पता चलता है कि कनाडा में अलगाववाद, चरमपंथ और हिंसा को किस प्रकार जगह प्रदान की जा रही है। महाराष्ट्र के नासिक में विश्वबंधु भारत कार्यक्रम में बोलते हुए जयशंकर ने कहा था, अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब हिंसा की आजादी नहीं हो सकती, अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब विदेश में अलगाववाद और आतंकवाद का समर्थन नहीं हो सकता। खालिस्तानियों का एक समूह वर्षों से कनाडा के आजादी के कानूनों का अनुचित लाभ उठा रहा है। लेकिन जब कनाडा की सरकार के समक्ष कोई राजनीतिक लाचारी आती है तो वह इन लोगों के साथ नरमी बरतती है, जो उनका वोट बैंक भी हैं।

दुनिया को जानें

चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए चौथे बैच का चयन पूरा

बीजिंग, 11 जून (एजेंसियां)। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम कार्यालय के अनुसार, चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए आरक्षित अंतरिक्ष यात्रियों के चौथे बैच का चयन कुछ दिन पहले समाप्त हुआ। इसमें 8 अंतरिक्ष पायलट और 2 पेलोड विशेषज्ञ (चीन के हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र और मकाओ विशेष प्रशासनिक क्षेत्र से एक-एक पेलोड विशेषज्ञ) सहित कुल 10 आरक्षित अंतरिक्ष यात्रियों का चयन किया गया है। इसके बाद चीनी अंतरिक्ष यात्री वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश कर व्यापक और व्यवस्थित प्रशिक्षण करेंगे। चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए आरक्षित अंतरिक्ष यात्रियों के चौथे बैच का चयन वर्ष 2022 की दूसरी छमाही में पूरी तरह से शुरू हुआ, जो प्रारंभिक, माध्यमिक और अंतिम चयन आदि तीन चरणों से गुजरा। इस दौरान, चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए हांगकांग और मकाओ में लोड विशेषज्ञों का पहली बार चयन किया गया, जिन्हें हांगकांग और मकाओ के लोगों से मजबूत समर्थन और उत्साही भागीदारी मिली है। वर्तमान में, चीन की अंतरिक्ष यात्री चयन और प्रशिक्षण प्रणाली अधिक परिपक्व व परिपूर्ण है।

प्रादेशिकी

हिमाचल में भीषण गर्मी, तापमान 44.6 डिग्री पर पहुंचा

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों के साथ-साथ पर्वतीय क्षेत्र भी भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों का सामना कर रहे है। जिससे तापमान अपने अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है। राज्य में अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक मंगलवार को नेरी सबसे गर्म स्थान के रूप में उभरा, जहां तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां तक कि अपनी ठंडी जलवायु के लिए मशहूर राजधानी शिमला में भी तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जो सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक है। प्रदेश के कई अन्य क्षेत्रों को भी अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ा। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस, ऊना में 42.5, बरथिन में 40 और बिलासपुर में 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा सुंदरनगर में अधिकतम तापमान 40.5 और जुब्बरहट्टी तथा कसौली में क्रमश: 34.1 और 35.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

पेपर लीक व महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने फूंका केंद्र-राज्य सरकार का पुतला

देहरादून, 11 जून (देशबन्धु)। केंद्र और राज्य सरकार पर गवर्नेंस की विफलता का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को सरकार के खिलाफ प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई, पेपर लीक, चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाते हुए देहरादून, हरिद्वार और हल्द्वानी में

■ प्रदेश भर में कई स्थानों पर किया प्रदर्शन

सरकार का पुतला दहन किया। देहरादू में भाजपा के महानगर अध्यक्ष जसविंदर गोगी ने कहा कि 2014 में मोदी सरकार ने देश की जनता से महंगाई कम करने का वादा किया। लेकिन महंगाई निरंतर बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से लेकर आज तक समूचा देश महंगाई से त्रस्त है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार गवर्नेंस के मामले में पूरी तरह विफल साबित हुई है। एक तरफ पेपर लीक और नीट परीक्षा में गड़बड़ी जैसे मामले हैं। दूसरी तरफ टोल टैक्स, दूध समेत आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। दूध और टोल टैक्स पहले से ही बढ़े हुए थे। लेकिन चुनाव संपन्न होते ही फिर से दाम बढ़ा दिए गए। गोगी ने चारधाम यात्रा में यात्रियों को हो रही असुविधाओं का भी मामला उठाया और कहा कि चारधाम यात्रा में भारी अव्यवस्थाएं हैं। जिसकी वजह से श्रद्धालुओं, स्थानीय लोगों और व्यवसायियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा की शुरुआत से ही सरकार चारधाम यात्रा में व्यवस्थाएं नहीं बना पाई। लेकिन सरकार का ध्यान यात्रा में व्यवस्थाएं बनाने का नहीं, बल्कि केदारनाथ धाम में थार की व्यवस्था करने की तरफ है।

हरिद्वार में कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला ?

हरिद्वार। हरिद्वार में भी नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार में भाजपा सरकार का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के राज में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आए दिन परीक्षा पेपर लीक हो रहे हैं और सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। भाजपा सरकार के राज में महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। सरकार इन सब पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

हल्द्वानी में कांग्रेस का जबरदस्त प्रदर्शन

हल्द्वानी। बढ़ती महंगाई के खिलाफ हल्द्वानी में भी कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका है। विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में बुद्ध पार्क में प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते हुए कहा कि पहले बिजली के दामों में वृद्धि कर आम जनता की कमर तोड़ दी है। केंद्र और राज्य सरकार महंगाई पर कोई भी नियंत्रण नहीं कर पा रही है। उधर चुनाव खत्म होते सरकार ने फिर से महंगाई बढ़ाना शुरू कर दिया है

भाजपा ने थोपा प्रदेश पर उपचुनाव का बोझ : चन्द्रशेखर

भाजपा की डील को पूरा करने के लिए निर्दलीय विधायकों ने सौंपे इस्तीफे

शिमला, 11 जून (देशबन्धु)। विधायक एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश पर उपचुनावों का बोझ डालने के लिए नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धनबल के प्रभाव से कांग्रेस के 6 विधायकों की खरीद फरोख्त की और तीन निर्दलीय विधायकों को भी इस्तीफा देने के लिए उकसाया। तीनों निर्दलीय विधायकों ने धनबल के प्रभाव में आकर अपने इस्तीफे विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे और भाजपा के साथ डील को पूरा करते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार निर्दलीय विधायकों ने अपने पद से इस्तीफे दिये हैं जबकि वे किसी भी दल को समर्थन दे सकते थे। इनके इस्तीफे के पीछे क्या कारण रहे हैं, वे जनता को बतायें। चन्द्रशेखर ने कहा कि जय राम ठाकुर मुख्यमंत्री की कुर्सी हथियाने के लिए अनैतिक तौर-तरीके अपनाकर एक चुनी हुई सरकार को गिराने का षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के निजी स्वार्थ में प्रदेश की जनता पर उपचुनावों का बोझ डाला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता खरीद फरोख्त की राजनीति को हिमाचल प्रदेश में नकार चुकी है और हाल ही में प्रदेश के मतदाताओं ने दलबदलु विधायकों को घर बिठाकर इसका जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता को खरीद फरोख्त की राजनीति पसन्द नहीं आई है और अब तीन सीटों पर हो रहे उपचुनाव में भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। इस हार को देखने के बाद इस्तीफा देने वाले तीन निर्दलीय विधायकों को भाजपा का टिकट देने पर भी पुनर्विचार किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा को सरकार गिराने का षड्यंत्र रचने के लिए प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए और अपने पाप का प्रायश्चित करना चाहिए।

आजादी के बाद पहली बार निर्दलीय विधायकों ने अपने पद से इस्तीफे दिए हैं जबकि वे किसी भी दल को समर्थन दे सकते थे। इनके इस्तीफे के पीछे क्या कारण रहे हैं, वे जनता को बताएं : चन्द्रशेखर

सार संक्षेप

बद्रीनाथ व मंगलौर विधानसभा के उपचुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

श्रीनगर। भारतीय चुनाव आयोग ने विभिन्न राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनावों की तिथियों की घोषणा कर दी है। उत्तराखंड के दो विधानसभा मंगलौर और बदरीनाथ में भी उपचुनाव होना है। दोनों ही विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को मतदान होना है। जबकि 13 जुलाई को मतगणना के साथ नतीजे घोषित किए जाएंगे। उपचुनाव को लेकर उत्तराखंड भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट चमोली दौरे पर रवाना हो गए हैं। मंगलवार को उन्होंने चमोली जाते हुए श्रीनगर में सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर में दर्शन किए।
राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट मंगलवार दोपहर 12 बजे परिवार के साथ धारी देवी मंदिर पहुंचे। मंदिर में उन्होंने करीब एक घंटे तक पूजा-अर्चना की और मां धारी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कुछ देर धारी देवी मंदिर परिसर का भ्रमण भी किया। इसके बाद वे रुद्रप्रयाग के लिए रवाना हुए। जानकारी के मुताबिक, आज वे ऊखीमठ रुकेंगे और 12 जून को चमोली के पोखरी और मोहनखाल के भर्मण पर रहेंगे।

वन विभाग के 17 अधिकारियों को मिला प्रमोशन का तोहफा

देहरादून। उत्तराखंड शासन ने लंबे समय से पदोन्नति की राह देख रहे वन विभाग के अफसरों को बड़ा तोहफा दिया है। उप वन क्षेत्राधिकारियों को पदोन्नति देते हुए शासन ने वन क्षेत्राधिकारी का जिम्मा सौंपा है। दरअसल राज्य में ऐसे कई उपवन क्षेत्राधिकारी हैं, जो लंबे समय से प्रमोशन पाने के लिए जद्दोजहद कर रहे थे। ऐसे में वरिष्ठता के आधार पर फिलहाल 17 उपवन क्षेत्राधिकारियों को प्रमोशन देने का फैसला किया गया था। ऐसे में लोक सेवा आयोग हरिद्वार की संस्तुति के बाद इन अधिकारियों को रेंजर के पद पर प्रमोट करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख वन संरक्षक हॉफ ने उपवन क्षेत्राधिकारी पद से वन क्षेत्राधिकारी पद पर प्रमोट हुए वन अधिकारियों को उनकी नई तनाती से जुड़ा आदेश भी कर दिया है। इस तैनाती के होने के बाद प्रदेश भर में खाली चल रही रेंज में रेंज अफसर तैनात हो सकेंगे।

10 साल से फरार मोस्टवांटेड गिरफ्तार

सिरसा। हरियाणा की सिरसा स्पेशल स्टाफ पुलिस ने लूटपाट के मामले में 10 साल से फरार मोस्ट वांटेड आरोपी को पंजाब के खरड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी संजय कुमार के खिलाफ सिरसा, हिसार, फतेहाबाद व राजस्थान के रावतसर में मामले दर्ज हैं। उक्त सभी मामलों में वह फरार था। रावतसर पुलिस ने उस पर दो हजार रु , हिसार पुलिस ने 50 हजार रुपये, फतेहाबाद और सिरसा पुलिस ने क्रमश- पांच-पांच हजार रु इनाम घोषित किया हुआ था।

सुडोकू 6583 का हल

7	9	5	3	8	2	6	1	4
8	1	3	6	5	4	7	9	2
4	2	6	9	1	7	5	8	3
3	8	7	2	6	5	9	4	1
2	4	1	7	3	9	8	6	5
5	6	9	8	4	1	2	3	7
9	3	2	1	7	6	4	5	8
1	7	4	5	9	8	3	2	6
6	5	8	4	2	3	1	7	9

मानसून सीजन के दौरान आपदा प्रबंधन में नहीं बर्दाश्त होगी लापरवाही : धामी

मुख्यमंत्री बोले 15 जून से पहले मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण की जाए

■ अमरनाथ तिवारी

देहरादून, 11 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में आगामी मानसून की तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान समस्त अधिकारियों को 15 जून से पहले मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां

■ एसटीपी प्लांट और पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट करने के दिए निर्देश

पूर्ण करने तथा सभी विभागों को 15 जून तक आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एसटीपी प्लांट और पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट करने, बिजली की तारों से सावधानी बरतने और स्वास्थ्य विभाग को मानसून सीजन के दृष्टिगत मरीजों और गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनके लिए आपातकालीन स्थिति में हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से पिछले सालों में क्या चुनौतियां सामने आई और किन-किन क्षेत्रों में अधिक आपदाएं आई एवं इस तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए शासन और जनपद स्तर पर क्या तैयारियां की गई हैं, इसका पूरा एक्शन प्लान प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मौसम के पूर्वानुमान की सटीक जानकारी लोगों तक समय पर पहुंचे। मौसम के पूर्व चेतावनी के आधार पर लोगों को नियमित रूप से अलर्ट मोड पर रखें। उन्होंने कहा कि मौसम के पुर्वानुमान और जन जागरूकता से अतिवृष्टि और आपदा के प्रभाव को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपदों में ऐसे क्षेत्र जहां भू-स्खलन की समस्याएं रहती हैं, उन्हें चिन्हित कर जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं करवाने की आवश्यकता है, समय पर की जाए। जिन क्षेत्रों में बरसाती नदी और नाले उफान पर आते हैं, उनके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए अभी से प्लान बना कर रखे जाएं। मानसून के दृष्टिगत विभिन्न कार्यों के लिए शासन स्तर से जो धनराशि की आवश्यकता है, उसका यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजा जाए। अतिवृष्टि के कारण फसलों को होने वाले नुकसान का तुरंत आकलन कर मानकों के अनुसार यथाशीघ्र क्षतिपूर्ति की व्यवस्था रखी जाए।

अल्मोड़ा में खुलेगी एसडीआरएफ की बटालियन

देहरादून। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा के दृष्टिगत त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था रखी जाए। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अल्मोड़ा जनपद के सरियापनी में एसडीआरएफ बटालियन खोलने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा शासन से जो धनराशि की मांग की जा रही है, वह धनराशि यथाशीघ्र संबंधित विभागों को दी जाए। जिलाधिकारियों द्वारा भी विभिन्न पदों में जो धनराशि की मांग की जा रही है, उन्हें भी शीघ्र धनराशि अवमुक्त की जाए। जिन विभागों को पहले की धनराशि अभी तक अवमुक्त नहीं हुई है, वह शीघ्र दी जाए, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मानसून अवधि में सड़कें, विद्युत और पेयजल लाईन बाधित होने की स्थिति में उनकी सुचारू व्यवस्थाओं के लिए रिस्पांस टाईम कम से कम रखा जाए और वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि अतिवृष्टि से पिछले वर्ष के जो कार्य अभी तक पूर्ण नहीं किये गये हैं, उन्हें 15 जून तक पूर्ण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने तुरंत किया बुजुर्ग की समस्या का समाधान

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संज्ञान में आने के बाद अल्मोड़ा के लमगड़ा ब्लॉक अंतर्गत तुलेड़ी गांव में रहने वाले बुजुर्ग धर्म सिंह को दो वर्ष के लंबे समयांतराल के बाद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।' रेटिना और अंगूठे का स्कैन न होने की वजह से धर्म सिंह की ई-केवाईसी नहीं हो पा रही थी। जिस कारण वह इस योजना से वंचित चल रहे थे। सोमवार को प्रधानमंत्री ने दिल्ली से सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करी तो स्थानीय लोगों ने धर्म सिंह के मामले को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री से मामले में कार्रवाई की मांग की। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को बुजुर्ग की ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद निजी सचिव शैलेश बगोली ने मामले को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से बुजुर्ग की ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए। सचिव के आदेश मिलते ही प्रशासन के आला अधिकारी बुजुर्ग के घर पहुंचें और उनकी ई-केवाईसी करवाई गई। अब जल्द ही धर्म सिंह को भी अन्य किसानों की भांति किसान सम्मान निधि मिलनी शुरू हो जाएगी। केवाईसी होने और उनके मामले का त्वरित संज्ञान लेने पर बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार बुजुर्ग, महिलाओं और दिव्यांगों के कल्याण के लिए पूरी तरह से समर्पित है।

ऋषिकेश में उज्जैनी एक्सप्रेस ट्रेन में मिले महिला के कटे हाथ और पैर

ऋषिकेश, 11 जून (देशबन्धु)। बीते शनिवार को इंदौर रेलवे स्टेशन के यार्ड में एक युवती का शव बरामद हुआ था। शव तीन हिस्सों में था। कमर के नीचे का हिस्सा और हाथ धड़ से कटे मिले थे। मध्य प्रदेश पुलिस अभी इस हत्या की गुत्थी सुलझा भी ना पाई थी

■ इंदौर में मिले शव से जुड़ रही कड़ी

कि अब योग नगरी ऋषिकेश में उज्जैनी एक्सप्रेस के एक डिब्बे से महिला के कटे हाथ और पैर प्लास्टिक के कट्टे से बरामद हुए हैं। आरपीएफ और जीआरपी मामले की जांच में जुटी है। इंदौर पुलिस से भी संपर्क किया गया है।

योगनगरी ऋषिकेश-इंदौर के बीच संचालित होने वाली उज्जैनी एक्सप्रेस में प्लास्टिक के कट्टे के भीतर एक महिला के कटे हाथ और पैर मिलने से सनसनी फैल गई। सोमवार की सायं करीब साढ़े पांच बजे उज्जैनी एक्सप्रेस योगनगरी ऋषिकेश पहुंची। यह ट्रेन स्टेशन के यार्ड में वासिंग लाइन पर खड़ी थी। ट्रेन की जांच के दौरान कोच एस-1 और एस-2 के बीच टायलेट के पास एक संदिग्ध प्लास्टिक का कट्टा बरामद किया गया। इस कट्टे से अत्यधिक बदबू आ रही थी।

सूचना पाकर आरपीएफ पोस्ट योगनगरी ऋषिकेश से उप निरीक्षक गायत्री देवी तथा जीआरपी ऋषिकेश से उप निरीक्षक आनंद गिरि मौके पर पहुंचे। पुलिस ने इस प्लास्टिक के कट्टे को खोलकर चेक किया तो उसके भीतर दो कटे हुए हाथ और दो कटे हुए पैर बरामद हुए हैं।

बताया जा रहा है कि यह हाथ और पैर किसी महिला के हैं। रेलवे पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इंदौर रेलवे स्टेशन से भी महिला के शेष शरीर के अंग बरामद होने की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद इंदौर पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है। जीआरपी थाना देहरादून के प्रभारी निरीक्षक एस राणा ने बताया कि योग नगरी ऋषिकेश में ट्रेन से बरामद हुए महिला के शव के अंगों की जांच चल रही है। इंदौर रेलवे स्टेशन पर अन्य अवशेष बरामद होने की जानकारी मिलने के बाद इंदौर रेलवे पुलिस से भी संपर्क साथ लिया गया है।

बता दें कि बीते शनिवार को मध्य प्रदेश के इंदौर रेलवे स्टेशन के यार्ड में एक युवती का शव मिला था। शव तीन हिस्सों में था। कमर के नीचे का हिस्सा और हाथ धड़ से कटे मिले थे। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। शनिवार रात 12 बजे ट्रेन की सफाई के दौरान सफाईकर्मी इंजन के पीछे दूसरे नंबर के कोच में पहुंचा। यहां सफाई करने के दौरान झाड़ू बर्थ के नीचे अटक गई। सफाईकर्मी को लगा कोई सामान भूल गया। उसने झांककर देखा तो नीचे बैग और एक थैला था। ट्रॉली बैग में लॉक नहीं था। उसे जब खोला तो उसमें युवती का धड़ था। उसके हाथ नहीं थे। सफाईकर्मी ने तत्काल जीआरपी को सूचना दी। पुलिस के आने पर थैला खोला तो उसमें कमर के नीचे का हिस्सा और कटे हुए हाथ रखे मिले थे। रविवार सुबह शव का एमवाय अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया गया।

यातायात व्यवस्था का जायजा लेने स्वयं सड़कों पर उतरे एसएसपी

देहरादून, 11 जून (देशबन्धु)। शहर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न मार्गों पर यातायात के दबाव वाले स्थानों पर प्रचलित निर्माण कार्यों का अधीनस्थ अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। शहर के विभिन्न स्थानों पर मुख्य मार्गों पर स्मार्ट सिटी परियोजना व अन्य कार्यदायी संस्थाओं के किये जा रहे निर्माण कार्यों के कारण इन स्थानों पर यातायात का दबाव बढने तथा यातायात व्यवस्था के प्रभावित होने के दृष्टिगत मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने नगर क्षेत्रान्तर्गत यातायात के दबाव वाले क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान एसएसपी ने विभिन्न मार्गों पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारियों से निर्माण कार्यों के पूर्ण होने की समयावधी की जानकारी ली गई। साथ ही इस अवधि के दौरान उपस्थित अधिकारियों को ऐसे स्थानों पर यातायात के दबाव को कम करने हेतु अन्य वैकल्पिक मार्गों व डायवर्जन व्यवस्था को लागू करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सडक किनारे अव्यवस्थित रूप से रखी गयी निर्माण सामग्री, जिसके कारण यातायात व्यवस्था अनावश्यक रूप से प्रभावित हो रही है।

कांग्रेस हमेशा से किसानों के साथ खड़ी रही : हरीश रावत

हरिद्वार, 11 जून (देशबन्धु)। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में भारतीय किसान यूनियन अम्बावत का तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन अधिवेशन चल रहा है, जहां किसानों की समस्याओं पर चिंतन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी इस अधिवेशन में शिरकत की। इस दौरान हरीश रावत ने जहां कांग्रेस के किसानों के साथ खड़े होने की बात कही तो वहीं दूसरी उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठिन नई एनडीए सरकार पर भी कटाक्ष किया। हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से किसानों के साथ खड़ी रही है, फिर चाहे एमएसपी की बात हो या किसानों के ऋण या बीमें की। कांग्रेस ने तो अपने घोषणा पत्र में भी एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की बात भी कही थी। हरीश रावत ने बताया कि उन्होंने किसान नेता ऋषिपाल अम्बावत ने कहा कि वो किसानों के चिंतन शिविर में लिए गए फैसले को उन्हें जरूर अवगत कराए, ताकी वो किसानों की मांगे राज्य सरकार के पास तक पहुंचा सके। नव गठित एनडीए सरकार को लेकर हरीश रावत ने कहा कि इस सरकार में अस्थिरता के संकेत दिखाई दे रहे है, जो चिंता की बात है। वहीं, हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव की घोषणा के बाद कांग्रेस की क्या तैयारी है। इस पर हरीश रावत ने कहा कि मंगलौर विधानसभा का उपचुनाव कांग्रेस ही जीत रही है। यहां से काजी मोहम्मद निजामुद्दीन कांग्रेस के प्रत्याशी है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे पता चलता है कि जनता बदलाव चाहती और मंगलौर विधानसभा सीट पर कांग्रेस की झोली में ही जाएगी।

मंगलौर विधानसभा का उपचुनाव कांग्रेस ही जीत रही है। यहां से काजी मोहम्मद निजामुद्दीन कांग्रेस के प्रत्याशी है : हरीश रावत

आचार संहिता हट गई है, सरकार अब शुरू करवाए विकास के काम : जयराम ठाकुर

शिमला, 11 जून (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला से जारी वक्तव्य में कहा कि अब प्रदेश से

■ विधायक दल की बैठक में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

आचार संहिता हटी गई है। इसलिए सरकार द्वारा करवाए जाने वाले किसी भी प्रकार के विकास कार्य करने पर किसी भी तरह की रोक भी नहीं है। अत: अब सरकार डेढ़ साल से बंद पड़े विकास कार्यों की शुरुआत करे। जब से कांग्रेस सत्ता में आई है तब से विकास के सारे काम रूके हुए हैं। अस्पताल से लेकर स्कूल के चलते हुए काम बंद हैं। सड़कों से लेकर पुलों के काम रूके हुए हैं। आपदा के बाद से सड़कों पर पड़ा मलबा नहीं उठाया जा सका है। जिससे लोगों की बहुत असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से काम करे। अपनी चुनावी गारंटियों को पूरा करे। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश भर में जल संकट गहरा रहा है। समाचारों में हर दिन पानी की आपूर्ति बाधित होने की खबरें आ रही हैं। जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को जलापूर्ति नियमित रूप से होती रहे इसके लिए सरकार गंभीरता से काम करते हुए प्रभावी कदम उठाए। जिससे प्रदेश में जलापूर्ति बाधित न होने पाए।



नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी शुभकामनाएं

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से बात कर स्वास्थ्य तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में कार्यभार सम्भालने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उनका वर्तमान कार्यकाल पिछले कार्यकाल की तरह स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करेगा।

प्रादेशिकी

निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी सहित 15 सीएमओ को मिले गायब

फर्रुखाबाद, 11 जून (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्साधिकारी नें सीएचसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित 15 स्वास्थ्य कर्मी गायब मिले। सीएमओ नें कार्यवाही के संकेत दिए। सीएचसी लगभग 9:45 बजे पंहुचे सीएमओ डा. अवनींद्र कुमार ने आकस्मिक निरिक्षण किया। जिसमे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी, डा. एसवी सिंह ,महिला चिकित्सक सोनू सिंह, डा. अमित वर्मा, फार्मासिस्ट आलोक कटियार, स्टाफ नर्स सपना सोमवंशी, आकांक्षा त्रिपाठी, विजय पाल सीपीएम, एचवी नीरज अवस्थी, अंकित पाल लैब टेक्नीशियन, कार्तिकेय सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर, सूरज कुमार, धर्मेंद्र कुमार वार्ड बॉय, रोहित कुमार, श्याम हरि, अनुपस्थित मिले। एंबुलेंस के ईएमटी सरोज बाबू के पास ऑर्स पाउडर उपलब्ध नहीं था दवा के बारे में पूछने पर नहीं दिखा सके।

उत्तर प्रदेश में नई तबादला नीति को मंजूरी

लखनऊ, 11 जून (देशबन्धु)। प्रदेश की योगी सरकार ने 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दे दी है। मंगलवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस नीति को मंजूरी दी गई है। नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। वहीं समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाएगा। समूह क और ख के अधिकारियों के स्थानांतरण के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। इस स्थानांतरण नीति के तहत सभी स्थानांतरण आगामी 30 जून तक किए जाने हैं। कैबिनेट बैठक कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट बैठक में पारित प्रस्तावों के विषय में जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट ने स्थानांतरण नीति 2024-25 को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस नीति में पिछले वर्ष की नीति के प्राविधानों का अनुसरण किया गया है। इसके तहत समूह क और ख के वो अधिकारी जिन्होंने अपने सेवाकाल में मंडल में 7 वर्ष और जनपद में 3 वर्ष पूरे कर लिए हों वो स्थानांतरण नीति के अंतर्गत आएंगे। इसके साथ ही समूह क और ख में स्थानांतरण संवर्ग वार अधिकारियों की संख्या अधिकतम 20

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 41 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई
- जिले में तीन वर्ष व मंडल में सात वर्ष पूर्ण कर चुके समूह क और ख के अधिकारियों का हो सकेगा स्थानांतरण
- तीस जून तक पूर्ण किए जाएंगे सभी वर्गों के अधिकारियों के स्थानांतरण

प्रतिशत होगी और समूह ग और घ के लिए अधिकतम सीमा 10 प्रतिशत रखी गई है। उन्होंने बताया कि समूह ग और घ के लिए जो व्यवस्था की गई है उसके अनुसार सबसे पुराने अधिकारियों का पहले स्थानांतरण किया जाएगा। यदि 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री जी की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं, यदि समूह क और ख में 20 प्रतिशत से अधिक स्थानांतरण करने की आवश्यकता होगी तो उसकी अनुमति मुख्यमंत्री से लेना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि समूह ग और घ में स्थानांतरण को पूरी तरह मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से पूर्ण किया जाएगा। मानव संपदा की जो व्यवस्था शुरू की गई है उसके अंतर्गत स्थानांतरण के बाद कार्यभार मुक्ति और ग्रहण करने की व्यवस्था ऑनलाइन ही की जा सकेगी।

इससे अधिकारियों की सर्विस बुक और सैलरी को डिजिटाइज किया जा सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदेश के 8 आकांक्षी जिलों और 34 जिलों के 100 आकांक्षी विकासखंडों के लिए पहले से जो व्यवस्था चली आ रही है, उसके अंतर्गत वहां रिक्त पड़े पदों को भरने की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि आगामी महाकुंभ मेले के लिए सरकार ने 2500 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। 2025 के महाकुंभ के लिए आवश्यक कार्य शुरू कर दिए गए हैं। मेला 4 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बसाया जाएगा जो पिछले कुंभ मेले से अधिक होगा। ऐसे ही 27 पांटून पुल भी गंगा यमुना पर बनाए जाएंगे। नए घाटों का निर्माण कराया जा रहा है। शर्मा ने बताया कि यह महाकुंभ पिछले कुंभ मेले के मुकाबले अधिक भव्य दिव्य होगा।

विश्वविद्यालयों के नामों में संशोधन, दो निजी विवि को एलओआई

योगी सरकार ने प्रदेश के 5 विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया गया है। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। महाराज सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का नाम अब महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ होगा।

एक दिन पूर्व रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मिलेगा वेतन वृद्धि का लाभ

कैबिनेट ने प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। इसके अनुसार अब 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक जो व्यवस्था थी उसके अनुसार 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। हालांकि अब कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी है। इससे कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेचुयुटी में मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय के बाद ज्यूडिशियल कर्मचारियों को पहले ही इसका लाभ दिया जा चुका है और अब सरकारी कर्मचारी भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे।

अमेठी रायबरेली से गांधी परिवार के सौ साल पुराने रिश्ते : राहुल

■ स्वामीनाथ शुक्ल

अमेठी, 11 जून (देशबन्धु)। रायबरेली के नए सांसद राहुल गांधी ने कहा कि बनारस से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन लाख वोट से हार जाते। अजय राय के चुनाव लड़ने से प्रधानमंत्री किसी तरीके से जान बचाकर निकले हैं। उन्होंने कहा कि अमेठी रायबरेली से देश की राजनीति बदल गई है। अब हमारी सेना संसद में बैठी हुई है। राहुल गांधी मंगलवार को अमेठी रायबरेली की जनता का आभार व्यक्त करने रायबरेली आए थे। इनके साथ प्रियंका गांधी और अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा भी थे। राहुल गांधी ने कहा कि अमेठी रायबरेली से गांधी परिवार के सौ साल पुराने रिश्ते है। इस रिश्ते की शुरुआत खेत खलिहानों से हुई थी। इस बार के चुनाव में भी खेत खलिहानों से निकल कर हमारे समर्थन में उतरे हैं। जिससे अमेठी में किशोरी लाल शर्मा और रायबरेली में राहुल गांधी को एतिहासिक जीत हासिल हुई है। यह जीत अमेठी रायबरेली के जनता की है। अमेठी रायबरेली में एक नया माहौल बना। जिससे देश की राजनीति को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि अमेठी रायबरेली और उत्तर प्रदेश की जनता ने नफरत के खिलाफ मतदान किया है। इस लड़ाई में अयोध्या ने भी भरपूर साथ दिया है। हम सब मिलकर हर

- अमेठी में किशोरी लाल शर्मा व रायबरेली में राहुल गांधी की एतिहासिक जीत हुई

प्रदेश में चुनाव लड़ें। जिससे सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, नेताओं, विधायकों और सांसदों को कभी घमंड की राजनीति नहीं करनी है। उन्हें सेवाभाव की राजनीति करनी है।

अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि अमेठी रायबरेली की जनता साहस और आत्मविश्वास के साथ सत्ता के खिलाफ चुनाव लड़कर जीते हैं। अमेठी की जनता खुद चुनाव लड़कर जीती है। अमेठी के विश्वास और भरोसे पर हमेशा खरे उतरेंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि अमेठी रायबरेली की जनता डटकर मुकाबला किया था। जिससे दोनों सीटों पर जीत हासिल हुई है। नेहरू खानदान के गढ़ की दोनों सीटें कांग्रेस के खाते में जमा हो गई है।

सार संक्षेप

नैशनल आर्म रेसलिंग में मैडल जितने पर किया स्वागत

किठौर। कस्बा शाहजहांपुर निवासी एक साधरण परिवार से आने वाले शाह आलम ने महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित नैशनल आर्म रेसलिंग 2024 में अपने वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने कस्बे का नाम रौशन किया, मंगलवार को अपने ग्रह आगमन पर नगर वासियों ने शाह आलम का जोरदार स्वागत किया वही शाह आलम को नगर पंचायत के अध्यक्ष वसीम उर रहमान ने मुबारकबाद देकर सम्मानित किया , सपा यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम ने अपने आवास पर भी खिलाड़ी व उसके पिता शाहनवाज खान का फूल मालाओं से स्वागत किया गया, इस मौके पर मुमताज आलम ने कहा की इस खिलाड़ी ने आज अपने परिवार और कस्बे का नाम रौशन किया है, हम सभी को इसका हौसला बढ़ाने की आवश्यकता है, क्योंकि खेलों से देश का विकास होता है और छुपी प्रतिभाएं सामने आती हैं इस मौके पर सपा यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम, नसीब आलम खघन, शाहनावाज खा, शहजाद खा, जीशान खा, अमजद ठेकेदार, आमिर खान,अल्बर खघन, समर खा, सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

लालू प्रसाद यादव का 77 वा जन्मदिन मनाया

मवाना। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष एवं गरीबों के मसीहा पूर्व क्रेन्द्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के 77 वें जन्म दिवस के पर राजद के कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फल एवं मिठाईयों का वितरण करते हुए केक काटा तथा जन्म दिवस सादगी के साथ में मनाया गया। राजद के प्रदेश महासचिव युसूफकुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के 77 वें जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव ने हमेंशा समाज के दबे कुचले एवं विचंत वर्ग के लोगों के लिए कार्य किया है और समाज को जोडने का कार्य किया है। राजेन्द्र जाटव जिलाध्यक्ष, मुखिया कासिम, आदिल शाह, किसान सेल के जिला अध्यक्ष नवेद आलम यासीन अंसारी हाजी गफ्फार फरहाद फरमान गाजी, इरशाद पूर्व सभासद मोहम्मद हमजा मोहम्मद दाऊद आदि मौजूद थे।

अंडरपास बनने तक नहीं चलने देंगे टोल प्लाजा

मवाना। मवाना तहसील क्षेत्र के गांव भीष्म नगर उर्फ भैंसा गांव के सामने अभी तक अंडरपास नहीं बनाया गया है, जबकि भारतीय राष्ट्रीय प्राधिकरण के अफसर भैंसा गांव के सामने बने टोल प्लाजा को शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के एनसीआर महासचिव नरेश चौधरी ने चेतावनी दी कि जब तक भैंसा गांव के सामने हाईवे पर अंडरपास नहीं बनाया जायेगा, तब तक टोल प्लाजा शुरू नहीं होने दिया जाएगा।

lwpuk

मौहम्मद नबी पुत्र मौहम्मद हनीफ निवासी–ग्राम–सीकरी जिला– मुजफ्फरनगर का संस्थान रेड रोज कॉलिज ऑफ एजुकेशन एण्ड चौरिटेबल हॉस्पिटल सरधना जिला–मेरठ में पूर्व/वर्तमान में किसी भी पद पर कार्यरत नहीं हैं और ना ही वर्तमान में मौहम्मद नबी का संस्थान से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध हैं। भविष्य में किसी भी प्रकार के अपने कृत्यों या गलत कार्यों का मौहम्मद नबी स्वयं जिम्मेदार होगा। lcU/kd jeu nhi pkS/kjh iq= Jh foftu dqekj jsM jkst dlfyt lj/kuk

जीनियस अलवफलाह इंटर कॉलेज की छात्रा सम्मानित

किठौर,11 जून (देशबन्धु)। मंगलवार को कस्बा किठौर के 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विशवास चौधरी एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ. आलोक नायक ने जीनियस अल फलाह इण्टर कॉलेज किठौर की छात्रा जैनब शकील को इण्टरमीडिएट परीक्षा में कॉलेज में अच्छी पोजीशन लाने पर

प्रमाण पत्र एवं धनराशि दे कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। जैनब ने इण्टर मीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं जैनब ने बायोलॉजी में 97, केमिस्ट्री 83, वह फिजिक्स में 97 अंक प्राप्त कर साइंस सब्जेक्ट में टॉप क्या है । डॉ. विशवास चौधरी ने जैनब को डॉक्टर बन समाज की सेवा करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जीनियस अल फलाह इण्टर कॉलेज किठौर के प्रबंधक जावेद अली, उपप्रबंधक जाहिदुल इस्लाम, प्रधानाचार्य फुरकान अली, सपा नेता मुमताज आलम, रियासत मंद खान, डॉ. रमजान अली एवं वरिष्ठ पत्रकार शकील सैफी आदि उपस्थित रहे।

करोड़ों रुपए की सिल्ट ले गए खनन माफिया

■ अनिल शर्मा

मवाना/हस्तिनापुर, 11 जून (देशबन्धु)। वन आरक्षित क्षेत्र में खनन माफियाओं के तिलिस्म को तोड़ पाना, पुलिस और तहसील प्रशासन के लिए लगातार बड़ी चुनौती बना हुआ है। खनन माफियाओं के रसूख के आगे सिस्टम बौना नजर आता है। एक दशक से अवैध खनन ग्रामीणों और सरकार के लिए नासूर बने है। ताजा उदाहरण वन आरक्षित क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मध्य गंगा नहर पर देखने को मिल रहा है। खनन माफियाओं ने प्रशासन को चुनौती दे नहर की सफाई के दौरान निकाली करोडों रूपये की सिलट चोरी कर विभागिय अधिकारियों को भनन तक नही लगने दी। सरकारी खजाने को करोड़ों रूपये की चपत लगी तो विभागीय अधिकारियों कुंभकर्णी नींद से जागे और अज्ञात मिटटी चोरो की

- विभाग को नहीं लगी भनक
- जानकारी के बाद अज्ञात मिट्टी चोरों के खिलाफ थाने पर दी तहरीर
- खनन माफियाओं के आगे बौना नजर आ रहा प्रशासन

खिलाफ थाने पर तहरीर दी। विभागिय सुत्रों के अनुसार वन आरक्षित क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मध्य गंगा सिल्ट की सफाई के लिए सिचाई विभाग ने रामराज से लेकर किठौर स्थित साईफन चौकी तक लगभग 25 करोड टेंडर दिया। सफाई के दौरान करोडों रूपये की सिल्ट नहर के किनारे लगाई गई। सिचाई विभाग नहर की सिल्ट का टेंडर निकालता इससे पहले ही खनन माफिआओं ने करोडों रूपये की सिल्ट पर चोरी कर सरकार को करोडों रूपये का चुना लगा दिया।

सिचाई विभाग द्वारा सरकारी खजाने को करोडों की चपत लगाने का पहला मामला नही है पूर्व में सपा सरकार में गंगा नहर की सफाई का कार्य हुआ। करोडों रूपये की सिल्ट सफाई के दौरान गगा नहर से निकाली गई। विभागिय सुत्रों की माने तो करोडों रूपये की सिल्ट को खनन माफिआओं ने कुछ महीनों में नहर किनारे से गायब कर दिया। लेकिन विभागिय अधिकारियों ने कोई सीख नही ली। नतीजा खनन माफिआओं ने एक बार फिर करड़ों रुपये की सिल्ट को गायब कर दिया। यू तो पुलिस, तहसील प्रशासन और खनन अधिकारी के साथ वन विभाग की क्षेत्र में हो रहे खनन की बात को नकारते है गंग नहर सफाई के दौरान निकाली करोडों रूपये की सिल्ट चोरी हो गई। किसी को कानों कान खबर तक नही लगी। जबकि पुलिस प्रशासन हो या वन विभाग दोनों ही अपराध और शिकार पर अकुंश लगाने के लिए दिन रात गश्त की बात करते है लेकिन गश्त के दौरान करोडों रूपये की मिटटी चोरी किसी को नजर नही आई। या यूं कहे की दोनों की मिलीभगत के चलते क्षेत्र में खनन माफिआओं का बोलबाल है।

क्या कहते है अधिकारी

सिल्ट चोरी के मामले में जेई मनोज तिवारी की कथनी हस्यपद नजर आती है। एक और जहां थाने पर सिल्ट चोरी के मुकदमे के लिए तहरीर दे रहे है वही सिल्ट का कुछ अंश चोरी होने की बात कर रहे है।

विद्युत लाइन की चपेट में कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत

- पीड़ित परिजनों ने विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग को लेकर किया हंगामा
- 7.5 लाख की इंश्योरेंस राशि, संविदा पर पत्नी की नौकरी का मिला आश्वासन

मवाना/हस्तिनापुर,11 जून (देशबन्धु)। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी निवासी विद्युत संविदा कर्मी प्रदीप की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि वह बृहस्पतिवार को बामनोली फीडर पर तार जोड़ते वक्त करंट की चपेट में आने से झुलस गया था। पीड़ित परिजनों ने विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग की है। विद्युत विभाग और प्रशासनिक अधिकारी के 7.5 लाख इंश्यारेंस राशि और मृतक की पत्नी को संविदा पर नौकरी दिए जाने पर ग्रामीण प्रदीप के अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी निवासी 32 वर्षीय प्रदीप कुंहेडा विद्युत उपखंड केंद्र पर संविदा कर्मी लाइनमैन के पद पर तैनात था। बृहस्पतिवार को बामनोली फीडर पर

कार्य कर करते समय करंट की चपेट में आने से प्रदीप झुलस गया था। विद्युत उपखंड केंद्र पर तैनात एसएसओ की लापरवाही के कारण प्रदीप के शटडाउन लेने के बाद भी विद्युत लाइन में करंट आ गया जिसमें प्रदीप झुलस गया था जिसके बाद उसे मेरठ के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था जहां पर मंगलवार दोपहर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने इस मामले में विद्युत विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए मुआवजे के साथ-साथ मृतक की पत्नी की नौकरी की मांग की है। मामले में विद्युत विभाग के कई अधिकारी और नायब तहसीलदार थाने पर पहुंचकर परिजनों से बातचीत कर 7.5 लख रुपए मृतक की पत्नी को संविदा नौकरी और पेंशन के लिखित आश्वासन पर परिजनों ग्रामीण शांत हुए।

सुरक्षा उपकरणों के अभाव में हुई संविदाकर्मी की मौत : मौ. काशिफ

मेरठ। विद्युत संविदाकर्मी की मौत के बाद संविदा कर्मचारी संघ ने उर्जा भवन पहुंचकर आउट सोर्सिंग कंपनी की कार्यशैली के खिलाफ प्रदर्शन किया। विद्युत संविदाकर्मचारी संघ के अध्यक्ष मौ. काशिफ सैंकड़ों संविदाकर्मियों के साथ उर्जा भवन पहुंचे। उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनी पाईम वन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य अभियंता ग्रामीण ई.राघवेन्द्र को एक मांग पत्र भी सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 6 जून को बामनोली फीडर पर तार जोड़ते वक्त करंट की चपेट में आने से झुलस गया था। मंगलवार को दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। जिसमें आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा उपकरण न दिए जाने के कारण सामने आ रहे हैं।

उन्होंने कंपनी के खिलाफ दण्डनात्म कार्यवाही व कंपनी को ब्लैक लिस्टिड किए जाने की मांग भी रखी। ज्ञापन में कहा गया है कि कंपनी द्वारा मनमानी ढंग से कार्य किया जा रहा है। जिससे संविदाकर्मी को विद्युत कार्य करने में कठिनाईयां उत्पन्न हो रही है। उधर मुख्य अभियंता ग्रामीण राघवेन्द ने ज्ञापन लेकर कंपनी को ब्लैक लिस्टिड करने का आश्वासन दिया है। कंपनी के डीजीएम प्रशांत त्यागी ने बताया कि संविदाकर्मी की पत्नि को अन स्किल्ड श्रणी में नौकरी दी जाएगी और 8900 रूपये बतौर वेतन मिलेंगे। जो कंपनी को विजली विभाग की और से जारी टेंडर के दौरान ही मान्य होगी। यदि कंपनी का टेंडर आगे बढ़ाया जाएगा तो मृतक की पत्नि की नौकरी भी बरकरार रहेगी। उसके बाद करीब 8 से 10 हजार रूपये बतौर पेंशन आजीवन दिए जाएंगे।

टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ करने वाला जेसीबी चालक गिरफ्तार

लखनऊ/हापुड़, 11 जून (देशबन्धु)। हापुड़ में राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर स्थित छिजारसी टोल प्लाजा पर टोल मांगने पर बुलडोजर से टोल पर तोड़फोड़ करने वाले आरोपी चालक को गढ़मुक्तेश्वर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि फरार होते समय रास्ते में आरोपी ने एक कार और दो बाइकों में भी टक्कर मारी थी। इस हादसे में तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी नशे की हालत में है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हापुड़ के छिजारसी टोल प्लाजा पर मंगलवार सुबह एक बुलडोजर पहुंचा तो टोल कर्मी ने चालक से टोल मांगा। इस पर उसने अभद्रता शुरू कर दी। इसके बाद चालक ने गुस्से में टोल प्लाजा पर बुलडोजर से तोड़फोड़ शुरू कर दी।इससे वहां मौजूद टोलकर्मी में अफरा तफरी मच गई और वह बुलडोजर से दूर हो गए। बुलडोजर चालक ने केबिन नंबर 15-16 में बुलडोजर से बार बार कई प्रहार कर क्षतिग्रस्त कर दिया और फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हापुड़ एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि टोल पर तोड़फोड़ करने वाले आरोपी चालक धीरज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आयोजन *सुशासन पर कौटिल्य का दृष्टिकोण विषय पर अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन*

भारतीय ज्ञान प्रणाली ज्ञान का एक व्यापक व प्राचीन भंडार : डॉ. मनोज कुमार

मेरठ, 11 जून (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज ने भारतीय ज्ञान परंपरा विषय के अंतर्गत सुशासन पर कौटिल्य का दृष्टिकोण विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अमृता चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए की।

उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली आध्यात्मिक समझ के साथ अनुभवजन्य जांच का मिश्रण करते हुए समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण पर जोर देती है। इसकी समृद्ध परंपराओं और नवीन योगदानों ने वैश्विक बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास को गहराई से प्रभावित किया है, जो ज्ञान और आध्यात्मिकता के एक अद्वितीय संश्लेषण को उजागर करता है जो दुनिया भर में गूंजता रहता है। तत्पश्चात मुख्य वक्ता डा. रामचंद्र सिंह ने अपना उदबोधन प्रारंभ किया। राजनीति विज्ञान में डॉ. रामचन्द्र सिंह एक प्रसिद्ध नाम हैं। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में कई लेख और शोध पत्र लिखे हैं। उन्होंने कहा कि कौटिल्य, जिन्हें चाणक्य के नाम से भी जाना जाता है, एक प्राचीन भारतीय दार्शनिक, अर्थशास्त्री और

भारतीय ज्ञान प्रणाली आध्यात्मिक समझ के साथ अनुभवजन्य जांच का मिश्रण करते हुए समग्र दृष्टिकोण पर देती है जोर : अमृता चौधरी

राजनेता थे, जिनका मौलिक कार्य, अर्थशास्त्र, शासन, शासन कला, आर्थिक नीति और सैन्य रणनीति पर एक व्यापक मार्गदर्शन प्रदान करता है। शासन पर उनका दृष्टिकोण बहुआयामी है, जो लोगों के कल्याण और सुरक्षा के लिए समर्पित एक बुद्धिमान और सक्षम शासक द्वारा निर्देशित एक मजबूत और कुशल राज्य तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है। विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली ज्ञान का एक व्यापक और प्राचीन भंडार है, जिसमें दर्शन, विज्ञान, गणित, चिकित्सा और कला जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

वेदों, उपनिषदों और महाकाव्यों महाभारत और रामायण जैसे सहस्राब्दी पुराने ग्रंथों में निहित, यह प्रणाली वास्तविकता, मानव अस्तित्व और नैतिक जीवन की प्रकृति में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। भारतीय दर्शन, वेदांत, बौद्ध धर्म और जैन धर्म जैसे विद्यालयों के माध्यम से, गहरे आध्यात्मिक प्रश्नों और मुक्ति (मोक्ष) की खोज करता है। फिर कौटिल्य पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कौटिल्य एक मिश्रित मॉडल का समर्थन करते थे जहां राज्य संसाधनों और उद्योगों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। कौटिल्य की विदेश नीति के बारे में बताते हुए डॉ. मनोज ने कहा कि कौटिल्य की विदेश नीति व्यावहारिक और वास्तविक राजनीति पर आधारित थी। उन्होंने शासकों को अपनी कूटनीतिक गतिविधियों में लचीला और रणनीतिक होने, अपने हितों की रक्षा और विस्तार करने के लिए गठबंधन और संधियाँ बनाने की सलाह दी। अर्थशास्त्र में युद्ध, जासूसी और खुफिया जानकारी जुटाने के लिए विस्तृत रणनीतियों की रूपरेखा दी गई है, जिसमें तैयारियों और अनुकूलनशीलता के महत्व पर जोर दिया गया है। विदेशी संबंधों के प्रति कौटिल्य का दृष्टिकोण मंडल सिद्धांत के सिद्धांत द्वारा निर्देशित था, जो बताता है कि पड़ोसी राज्य प्राकृतिक दुश्मन हैं, जबकि दूर स्थित राज्य सहयोगी हो सकते हैं। इस रणनीतिक ढांचे ने कूटनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए एक गतिशील और सूक्ष्म दृष्टिकोण की अनुमति दी। उन्होंने कहा कि अपनी व्यावहारिक और कभी-कभी कठोर अनुशंसाओं के बावजूद कौटिल्य ने शासन के नैतिक आयामों की उपेक्षा नहीं की। उनका मानना था कि एक शासक को रणनीतिक निर्णय लेते समय धर्म का पालन करना चाहिए और नैतिक अखंडता बनाए रखनी चाहिए।

दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 12 जून, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

कबीर खान की 'चंदू चैंपियन' में नजर आएंगे आरोह वेलंकर

मुंबई। नवादित अभिनेता आरोह वेलंकर निर्देशक कबीर खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चंदू चैंपियन' में नजर आएंगे। आरोह वेलंकर ने निर्देशक कबीर खान के साथ काम करके फिल्म उद्योग में अपनी शुरुआत की है। आरोह वेलंकर को फिल्म चंदू चैंपियन में कार्तिक आर्यन के बेटे की महत्वपूर्ण भूमिका में कास्ट किया गया है। नवोदित अभिनेता आरोह वेलंकर ने निर्देशक कबीर खान के साथ पहली बार काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा,इस फिल्म के लिए मेरी कास्टिंग के पीछे एक दिलचस्प कहानी है। मैंने कबीर खान की फिल्म '83' के लिए मुकेश छाबड़ा के साथ ऑडिशन दिया था, और हालाँकि मैं लगभग चयनित हो गया था, लेकिन यह काम नहीं आया।

बचपन से ही अभिनेत्री बनना चाहती थी सिंपल कौल

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री सिंपल कौल का कहना है कि उनके अंदर बचपन से ही एक कलाकार की भावना थी, इसलिए वह अभिनेत्री हीं बनना चाहती थी। कुसुम, तीन बहुरानियां, सास बिना ससुराल, तारक मेहता का उल्टा चश्मा और जिद्दी दिल माने न जैसी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री सिंपल कौल बचपन के दिनों से ही अभिनेत्री बनने का सपना देखा करती थी। उन्होंने कहा कि मेरे अंदर बचपन से ही एक कलाकार की भावना थी, इसलिए शुरू से ही मुझे पता था कि मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती हूं। जब मुझे अभिनय के बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं थी, तब भी मैं शीशे के सामने अभिनय करती थी और ऐसे अभिनय करती थी जैसे मैं कोई सेलिब्रिटी हूं। मैंने अपने सपनों को तब साकार किया जब अभिव्यक्ति की अवधारणा के बारे में व्यापक रूप से बात नहीं की गई थी। मैं सिर्फ एक ही चीज जानती थी कि अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित रखना है और उन्हें जीना है मशहूर होना, कैमरे के सामने अभिनय करना और अलग-अलग किरदार निभाना। उन्होंने कहा कि यदि मैं अभिनय या प्रदर्शन नहीं कर सकती थी, तो जीने का कोई कारण नहीं था। समय के साथ मेरा जुनून और मजबूत होता गया। मैं थिएटर करती थी और बस अपनी प्रतिभा दुनिया को दिखाना चाहती थी। मैं अपने अंदर एक आग लेकर आई थी। सिंपल लोकप्रिय सिटकॉम शरारत से घर-घर में मशहूर हो गई। उन्होंने कहा कि यह उनका सबसे अच्छा शो था। उन्होंने कहा कि मुझे इसे करने में बहुत मजा आया। इसने मुझे घर-घर में मशहूर बना दिया। मैं मुंबई में अपने शुरुआती दिनों में सीख रही थी और विकसित हो रही थी। टीवी पर उनका आखिरी शो जिद्दी दिल माने ना था। उन्होंने बताया कि यह उन्हें शरारत की याद दिलाता है। ये शो युवा पीढ़ी के लिए थे और मैंने वहां अपने कुछ सबसे अच्छे दोस्त बनाए। जिद्दी दिल माने ना मेरा आखिरी शो था और मुझे इसमें बहुत मज़ा आया। यह एक आर्मी-बेस्ड शो था। शरारत से, जहां मैं बेहद मज़ेदार थी, इस शो तक, जहां मैंने खुद का एक अलग, ज़्यादा भरोसेमंद संस्करण निभाया, मैंने पहले ऐसा सामान्य, दिलचस्प किरदार नहीं निभाया है। मेरा पूरा सफ़र अविस्मरणीय रहा है।(सिंपल ने इस बात पर जोर दिया कि उनके पहले शो कुसुम से लेकर उनके आखिरी शो जिद्दी दिल माने ना तक उनकी अभिनय शैली में काफी बदलाव आया है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जारी की चेतावनी

नींद की कमी से बढ़ सकता है ओवेरियन कैंसर का खतरा

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य को लेकर चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अनिद्रा से पीड़ित महिलाओं में ओवेरियन कैंसर होने का खतरा काफी अधिक हो सकता है। इस बीमारी को अंग्रेजी में इंसोमनिया के नाम से जाना जाता है। यह नींद न आने की एक बीमारी है। इसमें व्यक्ति को सोने में असुविधा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसमें नींद की कमी या नींद पूरी नहीं हो पाने की समस्या भी रहती है।

इस बीमारी से पीड़ित लोगों के बहुत जल्दी जागने और फिर से न सो पाने की संभावना भी होती है। अक्सर मरीज जागने के बाद भी थका हुआ सा महसूस करता है।

गोवा के मणिपाल अस्पताल में प्रसूति एवं स्त्री रोग की एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. किंजल कोठारी ने बताया कि अनिद्रा आमतौर पर तनाव और चिंता से जुड़ी होती है। यह ओवेरियन कैंसर से पीड़ित लोगों में जोखिम और जीवित रहने की दर में भी भूमिका निभा सकती है। शोध से यह बात सामने आई है कि नींद का अशांत पैटर्न सूजन को बढ़ा सकता है, साथ ही प्रतिरक्षा प्रणाली को भी कमजोर कर सकता है, जिससे कैंसर होने का खतरा बना रहता है।

लैंसेट में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन से यह बात सामने आई है कि अनिद्रा का इलाज करने से उच्च-श्रेणी के ओवेरियन कैंसर से जीवित रहने की संभावना बढ़ सकती है। इससे ओवेरियन कैंसर को रोका जा सकता है।

कैंसर की घटनाएं और व्यापकता बढ़ती जा रही है। इस प्रवृत्ति के साथ रोग के पैटर्न और रोगी के जीवित रहने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के तरीकों का अध्ययन करने की बहुत आवश्यकता है।

केएमसी अस्पताल, मैंगलोर के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के सलाहकार डॉ. कार्तिक के.एस. ने बताया कि कैंसर रोगियों में नींद संबंधी विकार आम है। यह नींद न आने या असामान्य नींद की प्रवृत्ति के कारण हो सकता है। संभवत: आधे से ज्यादा रोगी इससे प्रभावित होते हैं। इससे रोगी के जीवन की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

ओवेरियन कैंसर से पीड़ित लोगों को जल्दी जागने और फिर से न सो पाने की संभावना

डॉक्टर ने कहा कि नींद संबंधी लक्षण रोगी और परिवार पर रोग के मनोवैज्ञानिक प्रभाव के कारण भी हो सकते हैं। डॉ. कार्तिक ने कहा कि कैंसर के दर्द और दबाव के लक्षणों के कारण मरीजों की नींद में कमी हो सकती है। उपचार के दुष्प्रभाव और जटिलताएं जैसे मतली और उल्टी भी नींद को प्रभावित कर सकती है।

चन्नई के एमजीएम कैंसर संस्थान में निदेशक और वरिष्ठ सलाहकार - मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. एम.ए. राजा ने बताया कि अनिद्रा जैसे नींद संबंधी विकार ब्रेस्ट और ओवेरियन कैंसर के जोखिम को बढ़ाने और उनके निदान को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए जाने जाते हैं। डॉक्टर ने कहा कि नींद मानव शरीर के लिए बहुत जरूरी है, यह अंत:स्रावी (एंडोक्राइन), चयापचय, (मेटाबोलिक) प्रतिरक्षा-नियामक मार्गों (इम्यूनो रेगुलेटरी पाथवे) में परेशानी पैदा करता है, जो रोगी में नींद संबंधी बीमारियों को बढ़ावा देता है। इन सबसे कैंसर को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा अनिद्रा अक्सर रोगी को खराब मानसिक स्वास्थ्य की ओर ले जाती है, जो अप्रत्यक्ष रूप से कैंसर चिकित्सा के दौरान उपचार में बाधा बनती है। डॉ. किंजल ने कहा कि अनिद्रा के लिए संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी (कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी) ओवेरियन कैंसर में मरीज को बेहतर नींद देने के साथ रोग के खिलाफ लड़ने में भी मदद करती है, जिससे परिणामों में सुधार देखा जा सकता है।

'जननी-एआई की कहानी' में रोबोट की तरह एक्ट करना चैलेंजिंग था : आशिका भाटिया

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। टीवी की सबसे हाई प्रोफाइल एक्ट्रेस में से एक आशिका भाटिया 'जननी-एआई की कहानी' शो में नजर आएंगी। उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया कि उनके लिए एआई रोबोट की तरह एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। शो में आशिका चांदनी के रोल में नजर आएंगी। आशिका ने कहा कि मेरे किरदार का नाम चांदनी है। मैं एआई रोबोट हूं, जो इंसानों की तरह लगती है। मेरे लिए रोबोट का एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। मैंने पहले कभी भी ऐसा रोल नहीं किया था, इसलिए मैं इस खास मौके का फायदा उठाना चाहती थी।

उन्होंने कहा कि खास तौर पर चलते हुए किसी शो में आपको किसी ऐसे व्यक्ति की तरह बर्ताव करना होता है जो पहले से ही सीरीज में है। मेरे लिए किसी और की नकल करना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैंने इसे स्वीकार किया।

जननी- एआई की कहानी इरा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक वैज्ञानिक से मां बनी है। वह घातक बीमारी से अपनी बेटी की जान बचाने के लिए एआई रोबोट का आविष्कार करती है। एमएजे प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, 'जननी- एआई की कहानी' दंगल टीवी पर प्रसारित हो रहा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आशिका को पिछली बार एंड टीवी पर 'वाणी रानी' शो में देखा गया था। उन्होंने छोटे पर्दे पर 'मीरा' शो में डेब्यू किया था। वह 'परवरिश - कुछ खट्टी कुछ मीठी' में गुणवंत कौर अहलूवालिया के किरदार में नज़र आईं। इसके अलावा, उन्होंने 2015 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' में सलमान खान की छोटी बहन का किरदार भी निभाया। आशिका ने लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट्स के रूप में एंट्री की, लेकिन कुछ ही हफ्तों बाद शो से बाहर आ गईं।

यूटीएस मोबाइल ऐप से अनारक्षित टिकट बुकिंग सुविधा हुई लोकप्रिय

कोटा, 11 जून (एजेंसियां)। लम्बी लाइन में कतार में लग कर टिकट लेने के बजाय अब रेलयात्रियों में यूटीएस मोबाइल ऐप से अनारक्षित टिकट बुकिंग सुविधा काफ़ी लोकप्रिय हुई है।

इसी का नतीजा है कि अकेले कोटा मंडल में इस वित्तीय वर्ष में अब तक 94 हजार 820 यात्रियों ने इस मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकट बुक करवाये। अनारक्षित टिकट यात्रियों के समय की बचत के उद्देश्य से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक रोहित मालवीय के निर्देशन में वाणिज्य रेल कर्मियों ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का उपयोग करने के लिए मंडल में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप कोटा रेल मंडल में इस वितीय वर्ष 2024-25 के मई में 94,820 यात्रियों ने इस मोबाइल ऐप के माध्यम से कुल 29 हजार 274 टिकट बुक किए जिससे रेलवे को रुपये 26.2 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त मिला।

सूत्रों ने बताया कि कोटा मंडल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन अनारक्षित रेल टिकट बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा उपलब्ध है।

रेलवे ने हाल ही में ऐप से टिकट बुक करने की अधिकतम दूरी की बाध्य सीमा 20 किलोमीटर को भी समाप्त कर दिया है जिससे यात्री किसी स्थान से अपना टिकट बुक कर सकता है।

यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप शुरू करने का उद्देश्य डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करना, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना है कि यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें।

सरिस्का में बाघिन एसटी-17 तीन शावकों के साथ दिखाई दी

अलवर, 11 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में विश्व विख्यात सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघिन एसटी-17 को मंगलवार को तीन शावकों के साथ कैमरे में कैद किया गया। सरिस्का अभयारण्य के सूत्रों के अनुसार इसके साथ ही सरिस्का में बाघों की कुल आबादी अब 43 हो गई है, जिसमें 11 नर, 14 मादा और 18 शावक शामिल हैं, जिनमें से 13 का जन्म पिछले चार महीनों में हुआ है। सबसे बड़ी बात ये है कि गत दिनों जितने भी शावक कैमरा ट्रैप में दिखाई दिए वह सभी वाटर होल के पास के ही हैं।

गत 29 और 30 मई को पहली बार दो दिनों में सात नए शावक दिखाई दिए थे। सरिस्का में अब तीन नए शावक मिलने की वन्यजीव प्रेमियों को खुशी हुई है।

इधर इनकी संख्या बढ़ने पर राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि सरिस्का के लिए अच्छी खबर है। जहां छह माह में सरिस्का में 13 शावक मिल गए हैं अब इनकी संख्या 43 हो गई है। उन्होंने बताया कि सरिस्का में बाघों की कुनबे में लगातार बढ़ोतरी हो रही है इसके लिए अधिकारी और वनरक्षक बधाई के पात्र हैं जो पूरी तरीके से काम कर रहे हैं।

उन्होंने वन्यजीव की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण वन्य जीवों का मूवमेंट पानी के पास ही रहता है और बारिश के मौसम में यह वन्य जीव कहीं भी मिल सकते हैं।

मरीज की जिंदगी बचाने में मददगार होगी एयर एंबुलेंस

भोपाल, 11 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा' आपातकाल में नागरिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। आपात स्थिति में समय से उचित चिकित्सकीय सेवा की उपलब्धता से कई ज़िंदगियों को बचाया जा सकेगा। वल्लभ भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपमुख्यमंत्री ने 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा' के संचालन तंत्र को सुदृढ़ करने और आमजन को सेवा की उपलब्धता के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए। बताया गया कि 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा' प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने या चिन्हित विशेष प्रकार की चिकित्सा सुविधा या चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता निर्मित होने पर मरीजों की स्थिति को स्थिर कर उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयर लिफ्ट करेगी। बताया गया है कि एम्बुलेंस सेवा सड़कों एवं औद्योगिक स्थलों में होने वाले हादसों, प्राकृतिक आपदा में गंभीर पीड़ित व घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार के लिए हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगी। हृदय संबंधी अथवा अन्य विभिन्न गंभीर बीमारियां, जिसमें रोगी या पीड़ित को तत्काल इलाज की आवश्यकता होने की स्थिति में अच्छे एवं उच्चतम चिकित्सा संस्थानों में त्वरित उपचार के लिए हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। एयर एम्बुलेंस सेवा के संचालन के लिए 1 'हेली एम्बुलेंस' एवं 1 'फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस' का शुभारंभ किया गया है, जो कि प्रदेश के सभी जिलों एवं प्रशासनिक विभागों के नागरिकों की सेवा में तैनात रहेंगी। एयर एम्बुलेंस में उच्च स्तरीय प्रशिक्षित चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम हमेशा तैनात रहेगी।

ब्रेन हेमरेज से पीड़ित 5 साल के बच्चे का सफल इलाज

दुनियाभर में 10 लाख बच्चों में एक बच्चे में हो सकती है ये बीमारी

नोएडा, 11 जून (देशबन्धु)। फोर्टिस अस्पताल नोएडा, में 5 साल के एक ऐसे बच्चे का सफल उपचार किया गया है जो ब्रेन हेमरेज का शिकार हुआ था। इस बच्चे को स्कूल में खेलते हुए अचानक तेज सिरदर्द और उल्टी के बाद ब्रेन हेमरेज हुआ था। बच्चे को उसके होमटाउन (राजस्थान का पिलानी शहर) में ही नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां ब्रेन के सीटी स्कैन के बाद उसे फोर्टिस नोएडा के लिए रेफर किया गया। सीटी स्कैन में बच्चे के ब्रेन में एक ऐसे घाव का पता चला था जिसकी सर्जरी देश के चुनींदा अस्पतालों में ही की जाती है।

इस बच्चे को जब फोर्टिस नोएडा लाया गया तो वह काफी नींद में था और सुस्ती भी महसूस कर रहा था। सीटी स्कैन करवाने पर पता चला कि उसके ब्रेन के एक भाग में ब्रेन हेमरेज हुआ है। इसके बाद, मरीज के खून में किसी प्रकार की असामान्यता का पता लगाने के लिए डॉक्टरों ने उसकी सेरीब्रेल डीएसए (डिजिटल सब्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी) की जिससे पता चला कि उसके ब्रेन के अगले भाग में असामान्य ब्लड वैसल्स का एक जटिल गुच्छा (आर्टरियोवेनस मैल्फॉर्मेशन) बना हुआ था। अस्पताल में डॉ. राहुल गुप्ता, डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस नोएडा के नेतृत्व में उनका इलाज शुरू हुआ और 5 दिनों के बाद स्थिर अवस्था में उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस मामले की और जानकारी देते हुए, डॉ. राहुल गुप्ता, डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने बताया कि हमें मरीज के ब्रेन में आर्टरियोवेनस मैल्फॉर्मेशन (एवीएम) का पता चला यह ब्लड वैसल्स का एक प्रकार का गुच्छा होता है जिसके कारण ब्रेन में आर्टरीज़ और वेन्स का अनियमित कनेक्शन बनता है। इसके चलते हमने मरीज की सर्जरी कर इन असामान्य वैसल्स को हटाने और हेमाटोमा जांच करने का फेसला किया। यह सर्जरी काफी जटिल थी क्योंकि ये असामान्य ब्लड वैसल्स काफी नाजुक थीं और छूते ही फटने का खतरा था। प्रशिक्षित न्यूरो-एनेस्थीटिस्ट्स की सहायता से हम मरीज के ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करते हुए सर्जरी पर ध्यान केंद्रित कर सके थे। करीब 6 घंटे चली इस सर्जरी के बाद मरीज को पिडियाट्रिक आईसीयू में शिफ्ट किया गया। ब्रेन की फ्रंटल लोब शरीर की स्वैच्छिक क्रियाओं, अभिव्यक्ति के लिए भाषा और अन्य कई उच्च स्तरीय फंक्शस के लिहाज से महत्वपूर्ण होती है। यदि समय पर यह सर्जरी न की जाती तो मरीज की दृष्टि प्रभावित होने के साथ-साथ उसके हाथ-पैर कमजोर पड़ सकते थे और अचानक मृत्यु या मरीज के कोमा में जाने का भी खतरा था। सर्जरी के 5 दिनों के बाद ही मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब उसकी हालत स्थिर है। मोहित सिंह, जोनल डायरेक्टर, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने कहा कि मरीज की उम्र और उसकी जटिलताओं के मद्देनज़र यह काफी चुनौतीपूर्ण मामला था। इस प्रकार के मामलों में, तत्काल किसी ऐसे मल्टी-स्पेश्यलिटी अस्पताल में मरीज को दिखाना चाहिए जो श्रेष्ठ मेडिकल सुविधाओं, मेडिकल डिवाइसों और प्रशिक्षित डॉक्टरों से सुसज्जित हो। डॉ. राहुल गुप्ता के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने इस मामले का काफी गंभीरता से लिया और काफी सटीकता, केयर तथा मल्टी-डिसीप्लीनरी एप्रोच के साथ, तथा एनेस्थीसिया टीम की सहायता से सर्जरी को अंजाम दिया।

कश्मीर में माता खीर भवानी मंदिर के वार्षिक उत्सव को लेकर सुरक्षा चाक-चौबंद

श्रीनगर, 11 जून (एजेंसियां)। कश्मीर के गांदरबल जिले में 14 जून से शुरू हो रहे माता खीर भवानी मंदिर के वार्षिकोत्सव के लिए इस बार व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। माता खीर भवानी मंदिर महाराज्ञ भगवती को समर्पित है जो एक पवित्र झरने के ऊपर बना है। यह मंदिर देवी राग्यना देवी से जुड़ा है जिन्हें रागिन्या या खीर भवानी के रूप में भी पूजा जाता है और वे मां दुर्गा का अवतार हैं।

■ प्रवेश करने वाले प्रत्येक भक्त की होती है गहन जांच

कश्मीरी पंडितों में माता खीर भवानी की पूजा का बहुत महत्व है। ज्यादातर लोग उन्हें अपनी संरक्षक देवी (कुलदेवी) के रूप में पूजते हैं। खीर शब्द का मतलब चावल की खीर से है जो वसंत ऋतु में देवी को प्रसन्न करने के लिए चढ़ाई जाती है और यही मंदिर का नाम बन गया।

रियासी जिले में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादी हमले को देखते हुए अधिकारियों ने खीर भवानी मंदिर तीर्थ उत्सव को लेकर किसी भी तरह का जोखिम न उठाने का फैसला किया है। देश के विभिन्न भागों से सैकड़ों कश्मीरी पंडित दो दिन पहले से ही मंदिर में पहुंचना शुरू कर देते हैं। जम्मू से श्रद्धालुओं को उत्तरी कश्मीर के गांदरबल जिले के तुल्ला मुल्ला कस्बे में स्थित मंदिर तक लाने की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को सुरक्षा काफिले में तुल्ला मुल्ला लाया जाएगा और त्योहार खत्म होने के बाद भी यही सुरक्षा व्यवस्था अपनाई जाएगी। त्योहार से तीन दिन पहले मंदिर परिसर और उसके आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है। परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक भक्त/विजिटर की गहन जांच की जाती है और अंदर लाई जाने वाली सभी पूजा सामग्री को जांच के बाद ही अंदर जाने दिया जाता है। सदियों से खीर भवानी मंदिर का त्यौहार कश्मीर के हिंदू-मुस्लिम भाईचारे का प्रतीक रहा है। मंदिर परिसर के आसपास रहने वाले स्थानीय मुसलमान आने वाले कश्मीरी पंडित भक्तों को मिट्टी के बर्तनों में दूध परोसते हैं।

मंदिर परिसर के अंदर एक कुंड मौजूद है। ऐसी मान्यता है कि यह भविष्य में आने वाली मुसीबत को देखकर अपना रंग बदल लेता है।

बता दें कि 1990 में जब स्थानीय पंडितों को आतंकवादियों ने घाटी से पलायन करने पर मजबूर किया था, तब इस झरने का रंग काला था। वहीं जब 1947 में कश्मीर पर आक्रमण हुआ तब भी इस पवित्र झरने का पानी काला ही था।

कश्मीर में तीन दशकों बाद किया गया माता के 'बरारी माएज' मंदिर का जीर्णोद्धार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में माता के 'बरारी माएज' मंदिर का 30 साल से अधिक समय के बाद जीर्णोद्धार किया गया, जहां बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों सहित श्रद्धालुओं ने मंगलवार को पूजा-अर्चना की। मुर्रान गांव स्थित यह मंदिर चारों ओर से चिनार के विशाल पेड़ों से घिरा हुआ है, जिसमें एक बड़ा और सुंदर झरना है जिसका पानी शीशे जैसा साफ है। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के सिर उठाने के बाद कश्मीरी पंडितों के भाग कर देश के अन्य हिस्सों में चले जाने के कारण 30 साल से भी अधिक पहले इस मंदिर को बंद कर दिया गया था।

जम्मू और देश के अन्य भागों से आए कश्मीरी पंडितों सहित बड़ी संख्या में लोग आज सुबह मंदिर में एकत्र हुए और पूजा-अर्चना तथा हवन किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने भी मंदिर को उसके मूल स्वरूप में वापस लाने में मदद की।

इस पूजा में शामिल होने दिल्ली से आए कश्मीरी पंडित बोध राज भट ने कहा कि 'बरारी माएज' मंदिर में लगभग 50 वर्षों के बाद यज्ञ का आयोजन किया गया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि मैं 1990 में घाटी से पलायन करने के बाद पहली बार इस अवसर पर पूजा मे भाग लेने के लिए दिल्ली से आया हूं।

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

अल्ट्रासिमको	3.19 प्रतिशत
पावरग्रिड	2.07 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	1.74 प्रतिशत
एक्सिस बैंक	1.16 प्रतिशत
एनटीपीसी	1.07 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

टेक महिंद्रा	2.72 प्रतिशत
इंफ़ोसिस	2.20 प्रतिशत
विप्रो	1.95 प्रतिशत
महिंद्रा एंड महिंद्रा	1.73 प्रतिशत
बजाज फाइनेंस	1.42 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	74,220
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	39,795
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	74400
वायदा	70,857
चांदी सिक्का लिवाली	900
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौंड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2600-2700
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	3740-3840
चीनी एम	4000-4100
मिल डिलीवरी	3620-3720
गुड़	4400-4500

दाल-दलहन

चना	6100-6200
दाल चना	7100-7200
मसूर काली	7550-7650
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9850-9950
अरहर दाल	11700-11800

आरबीआई ने एडलविस एआरसी के सीईओ पद पर राजकुमार बंसल की पुनर्नियुक्ति को खारिज किया

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एडलविस एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (एआरसी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद पर राजकुमार बंसल की दोबारा नियुक्ति को खारिज कर दिया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को एक बयान में यह जानकारी दी। हालांकि उसने आरबीआई के इस कदम के पीछे के कारण के बारे में नहीं बताया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले केंद्रीय बैंक ने एडलविस एआरसी के किसी जोखिम में पड़ी परिसंपत्ति के अधिग्रहण पर रोक लगा दी थी। आरबीआई ने पिछले महीने एडलविस समूह की कंपनियों के संबंध में कई चिताओं का उल्लेख किया था जिनकी वजह एआरसी की सहयोगी कंपनी ईसीएल फाइनेंस के जोखिम में पड़ी संपत्तियों के एक्सपोजर को छिपाने वाले ट्रांजेक्शन थे। नियामक ने अपने नोटिफिकेशन में ईसीएल फाइनेंस के कुल एक्सपोजर से संबंधित स्ट्रक्चर्ड ट्रांजेक्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि उसे पुनर्भुगतान और खातों को बंद करने की अनुमति दी गई थी। इसके अलावा वित्तीय नियामक ने दोनों कंपनियों को अपने एश्योरेंस फंक्शन में मजबूती लाने की हिदायत दी थी। आरबीआई के मानकों के अनुरूप संतोषप्रद सुधार के बाद ही प्रतिबंध समाप्त किये जायेंगे। इस घटनाक्रम के बाद समूह की प्रवर्तक कंपनी एडलविस फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर 8.2 प्रतिशत तक टूट गये हैं।

भारत में 2030 तक 10 करोड़ नई नौकरियों की संभावना : पीएचडीसीसीआई

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। भारत में 2030 तक 10 करोड़ से ज्यादा नई नौकरियां पैदा होने की संभावना है। इस दौरान जीडीपी में 3.3 ट्रिलियन डॉलर की बढ़त देखने को मिलेगी। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की ओर से मंगलवार ये बातें कही गई। नई सरकार के 100 दिनों के एजेंडे के लिए पीएचडीसीसीआई की ओर से 10 महत्वपूर्ण बिंदु सुझाए गए हैं। इसमें रोजगार, मैन्युफैक्चरिंग में दोहरे अंक में वृद्धि, निर्यात को मजबूत करना, टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्टेट-ऑफ-द-आर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, किसानों को मजबूत बनाने के लिए नीति बनाना, बढ़ती महंगाई, डिजिटल अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण सुरक्षा और हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मुद्दे शामिल हैं।

बता दें, अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2022 से लेकर वित्त वर्ष 2024 तक औसत 8 प्रतिशत की दर से विकास किया है। पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा, 'हमने स्टार्टअप, एमएसएमई और बड़ी कंपनियों में 2030 तक 10 करोड़ नई नौकरियां जोड़ने के लिए रोडमैप सुझाया है।' अग्रवाल ने कहा कि फैक्टरी स्तर पर व्यापार में आसानी कर मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि दर को दोहरे अंक में लाया जा सकता है। इससे व्यापार करने की लागत भी कम होगी। मौजूदा समय में नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी की जरूरत है, जिससे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट मजबूत हो सके। चैंबर की ओर से ऐसे 75 उत्पादों को सुझाया गया, जिसके जरिए हमारा निर्यात बढ़ सकता है। इससे वैश्विक निर्यात में हमारी हिस्सेदारी बढ़ेगी। अग्रवाल ने कहा कि 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात के लक्ष्य को पाने के लिए इन 75 उत्पादों पर फोकस करना आवश्यक है। एजेंडे में कहा गया कि सरकार का फोकस पहले 100 दिन में ग्रामीण इलाकों के साथ टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्टेट-ऑफ-द-आर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर होना चाहिए। साथ ही गांवों में पब्लिक के लिए सभी जरूरी सुविधाएं होनी चाहिए। एआई जैसी टेक्नोलॉजी के इस दौर में सरकार को डिजिटल इकोनॉमी और साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रणनीति बनाने का सुझाव हमारी ओर से दिया गया है।

'हमने स्टार्टअप, एमएसएमई और बड़ी कंपनियों में 2030 तक 10 करोड़ नई नौकरियां जोड़ने के लिए रोडमैप सुझाया है: संजीव अग्रवाल, अध्यक्ष पीएचडीसीसीआई

100 दिनों के एजेंडे के लिए पीएचडीसीसीआई की ओर से 10 महत्वपूर्ण बिंदु

रोजगार, मैन्युफैक्चरिंग में दोहरे अंक में वृद्धि, निर्यात को मजबूत करना, टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्टेट-ऑफ-द-आर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, किसानों को मजबूत बनाने के लिए नीति बनाना, बढ़ती महंगाई, डिजिटल अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण सुरक्षा और हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे मुद्दे शामिल

गठबंधन सरकार में भी जारी रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी : रिधम देसाई

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। मॉर्गन स्टेनली इंडिया के प्रबंधक निदेशक (एमडी) रिधम देसाई ने कहा है कि गठबंधन सरकार बनने के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज वृद्धि दर जारी रहने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, देसाई ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि गठबंधन सरकार के सामने किसी प्रकार की कोई बाधा आएगी। 2014 और 2019 को छोड़ दिया जाए तो भारत में गठबंधन सरकारें 1989 से चली आ रही हैं। मौजूदा सरकार अगले पांच वर्ष तक चलेगी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे नहीं लगता कि सरकार की नीति में किसी भी प्रकार का बदलाव होगा। सरकार का ध्यान बड़े स्तर पर स्थिरता लाना और आपूर्ति श्रृंखला को बनाने पर होना चाहिए। ऐसा करने से भारत की वृद्धि दर 7 से 8 प्रतिशत से बीच रहेगी और महंगाई भी काबू में रहेगी। देसाई ने घरेलू निवेशकों के पैसा लगाने पर कहा कि बाजार में दो बड़े खिलाड़ी हैं। पहला - घरेलू निवेशक और दूसरा- विदेशी निवेशक। फिलहाल घरेलू निवेशक खरीदारी कर रहे हैं। ऐसे में विदेशी निवेशकों को मौका नहीं मिल पा रहा है। जैसी ही कॉरपोरेट पैसा जुटाना शुरू करेंगे तो विदेशी निवेशकों को बाजार में एंट्री मिल सकती है। हमें लगता है कि आने वाले छह महीने में विदेशी निवेशकों की खरीदारी लौट आएगी। बता दें, पिछले कुछ वर्षों में घरेलू निवेशकों ने बाजार में बड़ी मात्रा में निवेश किया है।

स्टेट बैंक का 'एसएमई डिजिटल बिजनेस लोन' शुरू

एमएसएमई लोन के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी शुरुआत करते हुए 45 मिनट के भीतर ऋण की मंजूरी को संभव बनाया

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 'एसएमई डिजिटल बिजनेस लोन' की शुरुआत की है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस तरह उसने एमएसएमई लोन के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी शुरुआत करते हुए 45 मिनट के भीतर ऋण की मंजूरी को संभव बनाया है और एक बार फिर एक नया मानक स्थापित किया है। एमएसएमई अग्रिमों को अगले पांच वर्षों में बैंक की वृद्धि और लाभप्रदता के लिए केंद्र बिंदु के रूप में पहचाना गया है और यह अभिनव उत्पाद एसएमई को 45 मिनट तक के एंड-टू-एंड टर्नअराउंड समय के साथ लोन की मंजूरी प्रदान करता है। यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल रखी गई है और इसे डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग माना जा रहा है।

एसएमई डिजिटल बिजनेस लोन ऋण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक और एपीआई के एक मजबूत सिस्टम का लाभ उठाता है। आईटीआर, जीएसटी रिटर्न और बैंक स्टेटमेंट जैसे स्रोतों से प्रामाणिक डेटा फुटप्रिंट का उपयोग करते हुए, बैंक ने एक डेटा-संचालित क्रेडिट मूल्यांकन

इंजन विकसित किया है जो बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के आवश्यक विवरण जमा करने के बाद उल्लेखनीय 10 सेकंड के भीतर स्वीकृति निर्णय प्रदान करने में सक्षम है। इस प्रस्ताव से पारंपरिक क्रेडिट अंडरराइटिंग और लंबी मूल्यांकन प्रक्रियाओं की आवश्यकता समाप्त हो गई है, जिससे एमएसएमई ऋण देने में सरलता, तेज गति और पहुंच के एक नए युग की शुरुआत हुई है। उल्लेखनीय है कि 50 लाख रुपए तक के ऋण के लिए, एसबीआई ने वित्तीय विवरणों की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है, इसके बजाय मूल्यांकन के लिए ट्रांजेक्शन हिस्ट्री और जीएसटी रिटर्न पर भरोसा किया है। देश भर में लाखों एमएसएमई इकाइयों के विकास और उनकी उम्मीदों को सपोर्ट करने की अपनी मजबूत प्रतिबद्धता के साथ, एसबीआई शुरू से ही एमएसएमई ऋण क्षेत्र में अग्रणी रहा है। इस सेगमेंट को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता स्पष्ट है क्योंकि इसने एसएमई सेगमेंट में 20 फीसदी ऋण वृद्धि दर्ज की है और एसएमई उधारकर्ताओं को दिए गए ऋण की राशि चार लाख करोड़ रुपए को पार कर गई है। यह अभिनव पेशकश बैंक के सभी चैनलों, जैसे इसकी वेबसाइट, शाखाओं, एसएमई केंद्रों, साथ ही इंटरनेट प्लेटफार्मों के माध्यम से ग्राहकों के लिए आसानी से सुलभ होगी। इसी दिशा में और आगे बढ़ते हुए, एसबीआई का लक्ष्य आने वाले महीनों में अपने सभी सीएसपी पार्टनर टचपॉइंट्स और आउटडोर टचपॉइंट्स पर क्यूआर कोड के माध्यम से लोन की उपलब्धता का विस्तार करके पहुंच को व्यापक बनाना है।

बैंक के अध्यक्ष दिनेश खारा ने कहा, ''हम एसएमई डिजिटल बिजनेस लोन के साथ इंडस्ट्री में एक नया स्टैंडर्ड कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो एमएसएमई ऋण के क्षेत्र में इनोवेशन को बढ़ावा देने के हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

सार संक्षेप

फोनपे और पिकमी ने की साझेदारी

नई दिल्ली। फोनपे ने श्रीलंका के प्रमुख राइड-हेलिंग (कैब सर्विस) प्लेटफ़ॉर्म पिकमी के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि श्रीलंका में अब भारतीय यात्री यूपीआई आधारित क्यूआर पेमेंट कर सकते हैं। पिकमी के साथ सफ़र करते हुए यात्रियों को अब कैश पेमेंट करने की ज़रूरत नहीं है। इस साझेदारी से भारतीय यात्रियों को कैशलेस ट्रांजेक्शन की सुविधा मिलेगी। उन्हें यात्रा का बेहतर अनुभव देने की दिशा में यह अहम कदम है। अब भारतीय यात्री भंडारनायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही पिकमी के साथ कैशलेस ड्राइव का लुत्फ़ ले सकते हैं। उसने कहा कि विदेश में यात्रा के दौरान उस देश की करेंसी की व्यवस्था करना और अलग-अलग खर्च के लिए अपने पास पर्याप्त कैश रखना भी एक परेशानी है। पिकमी अपने प्लेटफॉर्म पर फोनपे के यूपीआई आधारित क्यूआर पेमेंट सुविधा दे रहा है। इसका उद्देश्य श्रीलंका आने वाले भारतीय यात्रियों की मुश्किलें कम करना है। फोनपे यूज़र यूपीआई की मदद से अपनी राइड के लिए जल्द और सुरक्षित तरीके से पेमेंट कर सकते हैं। यह साझेदारी पिछले महीने फोनपे के लॉन्च होने के बाद हुई है। श्रीलंका भारतीय यात्रियों के बीच घूमने के लिए एक लोकप्रिय जगह है।

ज्योति विज बनी फिक्की महानिदेशक

नई दिल्ली। उद्योग संगठन फिक्की ने आज सुश्री ज्योति विज को फिक्की के महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की क्योंकि इस पद पर कार्यरत शैलेश पाठक ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। फिक्की ने आज यहां जारी बयान में कहा कि सुश्री विज 1993 में फिक्की में शामिल हुईं, विभिन्न पदों पर काम कर चुकी हैं और वर्तमान में फिक्की की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। फिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह ने कहा, 'हमें सुश्री विज का उनकी नई भूमिका में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उनके विचार नेतृत्व, नीति निर्माण में ताकत, लोगों के साथ काम करने का कौशल और संगठन में लंबा अनुभव फिक्की के लिए बहुत मूल्यवान साबित होगा।'

इस वर्ष की पहली तिमाही में दोगुना हुआ ओपन एक्सेस सोलर इंस्टालेशन

नई दिल्ली। भारत में तेजी से रिन्यूएबल एनर्जी की क्षमता का विस्तार हो रहा है। इस कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में देश में ओपन एक्सेस सोलर इंस्टॉलेशन बढ़कर 1.8 गीगावाट हो गया है। अमेरिका की रिसर्च फर्म मेरकॉम कैपिटल के मुताबिक, पहली तिमाही में ओपन एक्सेस सोलर इंस्टॉलेशन बढ़कर दोगुना हो गया है। यह 2023 की चौथी तिमाही में 909.3 मेगावाट हो गया है। 'मेरकॉम इंडिया सोलर ओपन एक्सेस मार्केट' नाम से जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में कुल सोलर इंस्टॉलेशन मार्च 2024 तक बढ़कर 14.3 गीगावाट हो गया है। मेरीकॉम इंडिया के प्रबंधक निदेशक (एमडी) प्रिया संजय की ओर से कहा गया कि ग्रीन एनर्जी में ओपन एक्सेस सोलर की मांग तेजी से बढ़ रही है।

शेयर बाजार में घटबढ़

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर रिलायंस, एक्सिस बैंक, आईसीआईआई बैंक और इंफ़ोसिस समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ वहीं निफ्टी बढ़त पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.49 अंक फिसलकर 76,456.59 अंक रह गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 5.65 अंक मामूली बढ़त के साथ 23,264.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। इससे मिडकैप 0.74 प्रतिशत उछलकर 44,683.83 अंक और स्मॉलकैप 0.95 प्रतिशत मजबूत होकर 49,707.00 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3969 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2461 में लिवाली जबकि 1402 में बिकवाली हुई वहीं 106 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियों में तेजी जबकि 22 में गिरावट रही। बीएसई के पांच समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे एफएमसीजी 0.27, हेल्थकेयर 0.22, बैंकिंग 0.26, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.04 और धातु समूह के शेयर 0.09 प्रतिशत गिर गए। वहीं, ऊर्जा 1.00, इंडस्ट्रियल्स 1.42, दूरसंचार 1.93, ऑटो 0.89, कैपिटल गुड्स 1.39, तेल एवं गैस 1.84 और रियल्टी समूह के शेयर 1.04 प्रतिशत चढ़ गए।

विदेशी बाजारों में बिकवाली हुई। इससे ब्रिटेन का



एफ़टीएसई 0.60, जर्मनी का डैक्स 0.66, हांगकांग का हैंगसेंग 1.04 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.76 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, जापान का निक्केई 0.25 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 191 अंक की तेजी के साथ 76,680.90 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी बाद ही 76,296.44 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 76,860.53 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,490.08 अंक के मुकाबले 0.04 प्रतिशत फिसलकर 76,456.59 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी 25 अंक बढ़कर 23,283.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,206.65 अंक के निचले जबकि 23,389.45 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,259.20 अंक की तुलना में 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 23,264.85 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में कोटक बैंक 1.44, एशियन पेंट 1.18, आईटीसी 0.95, रिलायंस 0.92, सन फार्मा 0.86, एक्सिस बैंक 0.55, आईसीआईआई बैंक 0.49, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.44, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.32, इंफ़ोसिस 0.27, इंडसइंड बैंक 0.27, टाइटन 0.27, नेस्ले इंडिया 0.09 और भारती एयरटेल 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एलटी 1.64, टाटा मोटर्स 1.26, मारुति 1.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.93, अल्ट्रा सिमको 0.92, टेक महिंद्रा 0.88, एनटीपीसी 0.84, एचसीएल टेक 0.72, बजाज फाइनेंस 0.66, टाटा स्टील 0.64, पावरग्रिड 0.43, एसबीआई 0.37, विप्रो 0.25, एचडीएफ़सी बैंक 0.21, बजाज फिन सर्व 0.20 और टीसीएस के शेयर 0.02 प्रतिशत मजबूत रहे।

अर्थन फाइनेंस ने जुटाए 50 करोड़ रुपए

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। स्वरोजगार करने वाले नैनो और माइक्रो उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने वाली नई पीढ़ी की लेंडिंगटेक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) अर्थन फाइनेंस ने इंकोफिन इंडिया प्रोग्रेस फंड और माइकल एंड सुसान डेल फाउंडेशन जैसे प्रमुख निवेशकों से 50 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह नया फंड कंपनी के विस्तार और तकनीकी प्रगति में इस्तेमाल होगा। इस फंडिंग राउंड से अर्थन फाइनेंस को अपने प्रबंधनाधीन संपत्ति को बढ़ाने, अपने कारोबार की भौगोलिक सीमा में विस्तार करने और एडवांस ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग आधारित अंडरराइटिंग सिस्टम में निवेश करने में मदद मिलेगी। ये तकनीकी विकास कंपनी के क्रेडिट जोखिम का आकलन करने और अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर के लिए फाइनेंशियल सॉल्यूशन तैयार करने की क्षमता में सुधार करेंगे, संचालन को और सुचारु करेंगे और ग्राहक अनुभव को बेहतर करेंगे । अब तक, अर्थन फाइनेंस ने लगभग 83 करोड़ रुपए जुटाए हैं। पिछले फंडिंग राउंड में कंपनी के संस्थापकों, एंजेल निवेशकों और माइकल एंड सुसान डेल फाउंडेशन की भागीदारी की थी। अर्थन फाइनेंस के संस्थापक और निदेशक कुणाल मेहता ने कहा, 'यह फंडिंग हमारे विकास के अगले चरण के लिए बहुत अहम है। हम अपनी तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने और सुविधा रहित क्षेत्रों में और ज्यादा माइक्रो और लघु उद्यमियों की सेवा करने के लिए अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंकोफिन और माइकल एंड सुसान डेल फाउंडेशन जैसे प्रतिष्ठित निवेशकों के साथ हमारी साझेदारी भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के हमारे मिशन को मजबूत करती है।'

जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3892 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह

जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.21 सेंट की गिरावट के साथ 43.45 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम आयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

पूर्वी अपतटीय कृष्णा-गोदावरी क्षेत्र से जल्द ही गैस उत्पादन शुरू करेगी ओएनजीसी : हरदीप पुरी

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को पीएम मोदी 3.0 कैबिनेट के सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला। इसके बाद उन्होंने कहा कि दिग्गज कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) जल्द ही कृष्णा-गोदावरी ब्लॉक केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 में अपने पूर्वी अपतटीय गहरे जल क्षेत्र से गैस उत्पादन शुरू करेगी। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ओएनजीसी ने अंतरराष्ट्रीय टेक पार्टनर के लिए टेंडर जारी किया है। तेल उत्पादन बहुत जल्द ही 45 हजार बैरल प्रतिदिन तक बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि नई सरकार के तहत तेल

मंत्रालय का ध्यान देश में तेल और गैस की खोज, हरित हाइड्रोजन और गैस की खपत बढ़ाने पर होगा। हरदीप सिंह पुरी ने बीपीसीएल के निजीकरण की संभावना से इनकार किया है। उनका कहना है कि हम बीपीसीएल जैसी बेहद सफल महारत्न कंपनी से खुद को क्यों अलग करेंगे। बीपीसीएल ने पहली तीन तिमाहियों में हिस्सेदारी बिक्री की राशि से ज्यादा पैसा कमाया है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बीपीसीएल का टैक्स लाभ 26,673 करोड़ रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 13 गुना ज्यादा है।

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पब्लिक सेक्टर क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों का संयुक्त लाभ 86 हजार करोड़ रुपए रहा, जो पिछले कठिन वित्त वर्ष की तुलना में 25 गुना ज्यादा है। एचपीसीएल ने पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बीते साल 6,980 करोड़ रुपये के घाटे के मुकाबले 16,014 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ दर्ज किया। आईओसीएल ने ऐतिहासिक रूप से सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी थ्रूपुट, बिक्री मात्रा और शुद्ध लाभ के साथ साल का समापन किया। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने भी मंगलवार को पदभार ग्रहण किया और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उनका स्वागत किया। सुरेश गोपी ने केरल से पहली बार भाजपा लोकसभा सांसद बनकर इतिहास रच दिया।

ओएनजीसी ने अंतरराष्ट्रीय टेक पार्टनर के लिए टेंडर जारी किया है। तेल उत्पादन बहुत जल्द ही 45 हजार बैरल प्रतिदिन तक बढ़ जाएगा: हरदीप सिंह पुरी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री

आईओएस में चैटजीपीटी जुड़ा तो हमारी कंपनियों में बैन हो जाएगा आईफोन : मस्क

सैन फ्रांसिस्को, जून 11 (एजेंसियां)। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने मंगलवार को कहा कि अगर एप्पल आईओएस में चैटजीपीटी को जोड़ता है तो वह अपनी सभी कंपनियों में आईफोन के साथ कंपनी के अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स को बैन कर देंगे। एप्पल की ओर से सोमवार को आईओएस 18 पेश किया गया। इसकी मदद से यूजर्स सीरी और ओपन एआई से सवाल पूछ सकेंगे। मस्क ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि अगर एप्पल ओपन एआई को ओएस स्तर पर जोड़ता है तो एप्पल के उपकरणों को मेरी कंपनियों में बैन कर दिया जाएगा।

हम सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं स्वीकार करेंगे। मस्क ने आगे कहा कि हम कंपनी के गेट पर आगुतंकों की जांच करेंगे कि उनके पास एप्पल के उपकरण हैं या नहीं। अगर होंगे तो उन्हें वहीं स्टोर कर लिया जाएगा।

खेल जगत

एमएमए की दुनिया में भारतीय पहलवान संग्राम सिंह की एंट्री

मुंबई। भारतीय कुश्ती जगत में एक बड़ा कदम उठाते हुए, पूर्व कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन संग्राम सिंह एमएमए की दुनिया में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस कदम के साथ, वह एमएमए को अपनाने वाले पहले पुरुष पहलवान और एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। भारत के लिए कुश्ती में लगभग 25 वर्षों तक अपने शानदार करियर के साथ, संग्राम एक एमएमए फाइटर के रूप में अपने नए कदम के लिए तैयार हैं, एक ऐसी शैली जिसमें मूल रूप से पहलवानों के पास मौजूद कौशल शामिल है। संग्राम ने एमएमए फाइटर के रूप में अपने बदलाव पर कहा कि एमएमए भविष्य है, पिछले कुछ सालों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता अपने आप में ही सब कुछ बयां करती है। भारत में इस खेल को सबसे ज्यादा दर्शक मिलते हैं और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक भी इसी तरह मेरा समर्थन करेंगे।

भारत अमेरिका को हराकर जीत की हैट्रिक के साथ सुपर-8 में स्थान बनाने को तैयार

भारत लगातार दो मैच जीतने वाले अमेरिका को हल्के में नहीं ले सकता

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई में बेहद करीबी मैच में भारतीय क्रिकेट टीम चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को न्यूयॉर्क में रविवार को छह रन से हरा लगातार दूसरी जीत दर्ज कर आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप में चार अंकों के साथ अपने बेहतर नेट रन रेट के कारण ग्रुप ए में शीर्ष है। मेजबान अमेरिका ने भी

■ भारत को पूरी तरह अमेरिका के खिलाफ इसीलिए पूरी तरह फोकस और चौकस रहने की जरूरत है

पाकिस्तान के खिलाफ डलास में अपना दूसरा मैच के टाई' रहने के बाद उसके खिलाफ सुपर ओवर में मौजूदा संस्करण में जीत के रूप सबसे बड़ा उलटफेर करने सहित दो मैचों से चार अंक हासिल किए हैं। खिताब के सबसे मजबूत दावेदार में एक भारत की निगाहें कप्तान मोनांक पटेल, सौरभ नेत्रवलकर, बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह, नीतिश कुमार,जसदीप सिंह मिलिंद कुमार सरीखे करीब आधा दर्जन भारतीय मूल अथवा उसके लिए जूनियर स्तर पर खेल चुके क्रिकेटरों से सज्जित मेजबान अमेरिका को भी न्यूयॉर्क में नसउ काउंटी इंटरनैशनल क्रिकेट स्टेडियम की असमान और दोहरे उछाल को लेकर खासी आलोचना झेल रही पिच पर हरा जीत की हैट्रिक के साथ सबसे पहले सुपर 8 में अपना स्थान पक्का करने पर टिकी हैं। आयरलैंड पर आठ विकेट से जीत से आगाज करने वाले भारत ने दुनिया के मौजूदा नंबर एक गेंदबाज रफ्तार के सौदागर जसप्रीत बुमराह के सही वक्त पर कप्तान बाबर आजम और उनके सलामी जोड़ीदार मोहम्मद रिजवान के विकेट सहित चटकाए तीन विकेट तथा बड़े दिल वाले विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज की 42 रन की आतिशी पारी व विकेट के पीछे लपके तीन गजब के कैचों की बदौलत पाकिस्तान पर बेहद कम स्कोर वाले मैच में छह रन से जीत दर्ज की।

वहीं भारत के लिए शुरू के दो मैचों में इकलौता अर्द्धशतक कप्तान रोहित शर्मा ने आयरलैंड के खिलाफ जड़ा है। भारत विराट कोहली से अमेरिका के खिलाफ आगे के अहम मैचों से पहले रंग में आने के लिए बड़ी पारी की आस कर रहा है। बड़ा सवाल यह रहेगा कि भारत अब अमेरिका के खिलाफ मैच में शिवम दुबे को शुरू के दो मैचों की तरह एकादश में बरकरार रखता है या उनकी जगह यशस्वी जायसवाल या संजू सैमसन को एकादश में शामिल कर उनके साथ रोहित से पारी का आगाज करा विराट को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारता है। बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज के साथ हार्दिक पांडया के बतौर तेज गेंदबाज अपने चार ओवर से फेंकने और दो बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडरों-अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा के रूप में भारत के पास छह गेंदबाज हैं और ऐसे में दुबे से गेंदबाजी कराने की अब तक जरूरत ही नहीं पड़ी। शिवम दुबे पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच में तेज गेंदबाजों से छोड़ ही उसके स्पिनरों के खिलाफ जूझते ही नजर आए थे।

आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप

उम्मीदों से बेहतर करने वाली मेजबान अमेरिकी टीम ने पहले कनाडा और फिर पूरी तरह हावी रह कर 2009 के चैंपियन और मौजूदा उपविजेता पाकिस्तान को डलास में सुपर ओवर में हरा बड़ा उलटफेर किया उसके मद्देनजर भारत उसे हल्के में लेना गवारा नहीं कर सकता है। भारत को पूरी तरह अमेरिका के खिलाफ इसीलिए पूरी तरह फोकस और चौकस रहने की जरूरत है। टी-20 क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली (29मैच, 11 अर्द्धशतक , कुल 1124रन) का मौजूदा संस्करण में कप्तान रोहित शर्मा (41 मैच, 10 अर्द्धशतक , कुल 1028 रन)के सलामी जोड़ीदार के रूप में शुरू के दो मैचों में कुल पांच रन बनाना और विस्फोटक सूर्य कुमार यादव (12 मैच, तीन अर्द्धशतक, कुल 290 रन) का कुल सात बनाना चिंता का विषय बेशक न हो लेकिन इस बाबत सोचने का सबब जरूर है। दरअसल विराट तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने पर जमने के बाद अपने स्ट्रोक खेलते रहे लेकिन बतौर ओपनर गेंदबाज पर हावी रहने के फेर में जरूरत से ज्यादा आक्रामक तेवर दिखाने की कोशिश में शुरू के दोनों मैचों में पहले आयरलैंड और फिर शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ सस्ते में आउट हुए। सूर्य कुमार यादव की दिक्कत यह है कि न्यूयॉर्क में कोई गेंद अचानक उठ कर आ रही है अथवा कोई कोई एकदम नीची रह रही है। भारत के लिए मौजूदा संस्करण में शुरू के दो मैचों में अकेला अर्द्धशतक उसके कप्तान रोहित शर्मा ने आयरलैंड के खिलाफ जड़ा है। ऋषभ पंत ने भारत के लिए आयरलैंड और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 42 रन की पारी सहित एक बार अविजित रह कुल सबसे ज्यादा 78 रन बनाए हैं वहीं कप्तान रोहित शर्मा एक अर्द्धशतक सहित 65 , हार्दिक पांडया दो मैचों में सात, विराट कोहली दो मैचों में पांच रन ही बना पाए हैं।

रोनाल्डो जितना खतरनाक कोई खिलाड़ी नहीं : छेत्री

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। यूरो कप 2024 नजदीक है और पिछले दो दशकों की तरह इस बार भी सबकी नजरें क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर होंगी, जो पुर्तगाल के सबसे महान खिलाड़ी हैं। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने नवंबर 2023 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय गोल नहीं किया है। इतना ही नहीं उन्हें युवा स्ट्राइकर गोंकालो रामोस ने कई बार टीम में रिप्लेस भी किया। टूर्नामेंट से पहले, भारत के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने आईएएनएस के साथ एक खास बातचीत में टीम में रोनाल्डो की भूमिका और महत्व के बारे में बात की। छेत्री ने आईएएनएस से कहा कि मुझे उम्मीद है कि रोनाल्डो अधिक से अधिक मैच खेलेंगे। मैं उन्हें खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। हो सकता है कि वह उतनी तेजी से टर्नअराउंड न कर पाएं और डिफेंसिव न खेल पाएं, लेकिन एक बार लय में आने के बाद उनके जैसा खतरनाक खिलाड़ी कोई नहीं है। पुर्तगाल की टीम सितारों से सजी है। वे गेंद को अपने पास रखने में बहुत अच्छे हैं, अधिकतर वे विरोधी टीम पर हावी रहते हैं। उनके पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं, इसलिए वे रोनाल्डो को बेंच पर रख सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने आगे कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि कोच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का चयन करेगा, लेकिन रोनाल्डो का होना हमेशा टीम को बढ़त देता है। वो एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें मैदान पर जब भी मौका मिलता है तो उस मौके को गोल में तब्दील करने का माद्दा रखते हैं।

भारत करेगा 2025 के एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने लुसाने (स्विट्जरलैंड)में मंगलवार को यह घोषणा की उसने भारत को दिसंबर, 2025 में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में रिकॉर्ड दुनिया की सबसे ज्यादा 24 जूनियर

■ इस बार रिकॉर्ड 24 जूनियर टीमें शिरकत करेंगी

पुरुष हॉकी टीमें शिरकत करेंगी। भारत इससे पहले 2013 में दिल्ली में, 2016 में लखनऊ में और 2021 में भुवनेश्वर में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी कर चुका है। भारत 2001 में होबार्ट(ऑस्ट्रेलिया) में फाइनल में अर्जेंटीना को 6-1 से और 2016 में अपने घर में लखनऊ में बेल्जियम को फाइनल में 2-1 से हरा अब तक दो बार जूनियर पुरुष हॉकी खिताब जीत चुका है। भारत ने 2021 में विवेक सागर प्रसाद की कप्तानी में भुवनेश्वर में और 2023 में उत्तम सिंह की कप्तानी में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में चौथे स्थान पर रहा था। 2023 में मलेशिया में हुआ पिछला जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप जर्मनी ने फ्रांस को 2-1 से हरा कर जीता था और भारत की टीम स्पेन से हार कर लगातार दूसरी बार चौथे स्थान पर रही थी। जर्मनी की टीम सबसे ज्यादा रिकॉर्ड सात बार और भारत और अर्जेंटीना की टीमें दो-दो बार अब तक जूनियर पुरुष हॉकी खिताब जीत चुकी हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि हम बेहद प्रसन्न है कि एफआईएच ने हमें 2025 के एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी के लिए चुना है। हम एफआईएच और एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम के आभारी हैं उसके हमें इस जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी के लिए चुना। इस अहम टूर्नामेंट की मेजबानी मिलना अंतरराष्ट्रीय हॉकी में भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। साथ ही यह हॉकी की भावी पीढ़ियों के लिए हॉकी को विकसित करने के समर्पण को भी बताता है। हम भारत के समृद्ध हॉकी इतिहास को साझा करने और नौजवान प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि एआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 2025 की मेजबानी करना हमारे लिए एक अहम कदम है और इसके एफआईएच की सराहना करते हैं कि उसने हम पर भरोसा जताया। जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी हॉकी को और बुलंदियों पर पहुंचाने और हॉकी एक पूरी नई पीढ़ी को प्रेरित का मौका है।

द. अफ्रीका के खिलाफ बांग्लादेश की हार, अंपायर के फैसले पर उठे सवाल

न्यूयॉर्क, 11 जून (एजेंसियां)। टी20 विश्व कप 2024 में खराब अंपायरिंग को लेकर विवाद बढ़ गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बांग्लादेश की हार के बाद अंपायर के फैसले पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। बांग्लादेश की पारी के 17वें ओवर के दौरान ओटनील बार्टमैन की गेंद महमूदुल्लाह के पैर से लगते हुए चौके के लिए गई। दक्षिण अफ्रीका ने इस पर एलबीडब्ल्यू की अपील की और अंपायर ने आउट करार दिया। बांग्लादेश ने फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया और तीसरे अंपायर ने महमूदुल्लाह को नॉट आउट करार दिया। चूंकि अंपायर ने आउट दिया था इसलिए इस गेंद को डेड बॉल करार दिया गया जिस कारण बांग्लादेश को वो चार नहीं मिले और अंत में बांग्लादेश की हार का अंतर भी चार रन का ही रहा। अंपायर के इस फैसले और अपनी हार से नाराज बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद ह्रदोय ने अंपायर के फैसले की आलोचना की। तौहीद हृदय ने कह कि ईमानदारी से कहूं तो ऐसे रोमांचक मैच में यह हमारे लिए अच्छा फैसला नहीं था। मेरे नजरिये में अंपायर ने महमूदुल्लाह को आउट करार दिया, लेकिन यह हमारे लिए काफी कठिन फैसला रहा। वो चार रन मैच का नतीजा बदल सकते थे। नियम हमारे हाथ में नहीं हैं। उस समय वो चार रन काफी महत्वपूर्ण थे। अंपायर ने फैसला लिया और वे भी इंसान हैं तो उनसे भी गलती हो सकती है। उन्होंने कुछ मौकों पर वाइड गेंदों को वाइड नहीं दिया। ऐसे स्थल पर

जहां कम स्कोर वाले मुकाबले हो रहे हैं, वहां एक-दो रन काफी मायने रखते हैं। 23 वर्षीय बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि इस करीबी मैच में अंपायरिंग का स्तर बेहतर हो सकता था, खासकर तब जब कोई टीम छोटे लक्ष्य का पीछा कर रही हो। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाए।

सार संक्षेप

टी-20 विश्वकप में गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला

नई दिल्ली। अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हो रहे टी-20 विश्वकप में पिचों के मिजाज को देखते हुए इस बार अभी तक खेले गए लीग मैचों में बल्ले की जगह गेंद का जलवा दिख रहा है और गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला।
अभी तक खेले गये 21 लीग मुकाबलों में गेंदबाज इस तरह हावी रहे कि कोई भी बल्लेबाज सैकड़े तक नहीं पहुंच सका है। फिर चाहे कमजोर टीम के साथ मुकाबला रहा हो या धुरंधर के साथ। सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अफगानिस्तान के गेंदबाज फजलहक फारुकी दो मैचों में नौ विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्खिया तीन मैचों में नौ रन प्रति ओवर की औसत के साथ आठ विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दो मैचों में सात की औसत से छह विकेट के साथ तीसरे, चौथे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान दो मैचों में आठ रन की औसत के साथ छह विकेट लिये है।

स्कॉटलैंड के खिलाफ मिचेल मार्श गेंदबाजी करेंगे

नॉर्थ साउंड (एंटीगा और बारबुडा)। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को उम्मीद है कि कप्तान मिचेल मार्श टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप चरण के मुकाबले में स्कॉटलैंड के खिलाफ गेंदबाजी करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। मिचेल मार्श अपनी हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं, जिसने उन्हें टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में बल्लेबाज के रूप में सीमित कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट के अपने पहले दो मैचों में ओमान और इंग्लैंड को हराया है। 2021 टी20 विश्व कप चैंपियन गुरुवार को एंटीगा के नॉर्थ साउंड के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में नामीबिया से भिड़ेंगे। मैकडोनाल्ड ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि वह फिर से मैच में गेंदबाजी करने के लिए तैयार हो जाएगा। नामीबिया के खिलाफ इसकी संभावना बहुत कम है, लेकिन संभावित रूप से यह स्कॉटलैंड के खिलाफ संभव हो सकता है।

आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर मैथ्यू वेड को लगी फटकार

बारबाडोस। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। आईसीसी के बयान में कहा गया है, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू वेड को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के ग्रुप बी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। ऑस्ट्रेलिया ने केंसिंग्टन ओवल में हुये इस मुकाबले में इंग्लैंड पर 36 रन से जीत दर्ज की थी।

पीसीबी ने दिया 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी कराने का प्रस्ताव

लाहौर, 11 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले वर्ष देश में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को 19 फरवरी से शुरू कराने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव के तहत बोर्ड ने टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच कराची, रावलपिंडी और लाहौर में कराने का विचार बनाया है। कराची में टूर्नामेंट का उद्घाटन और सेमीफाइनल सहित तीन मैच होंगे। वहीं लाहौर में फाइनल समेत कुल सात मैच तथा पिंडी क्रिकेट ग्राउंड में कुल पांच मैच होंगे जिसमें दूसरा सेमीफाइनल भी होगा। रिपोर्ट के अनुसार भारत का हर मैच लाहौर में कराने की तैयारी है। इसका मतलब है कि यदि भारत सेमीफाइनल में जाता है तो एक सेमीफाइनल में कराची या रावलपिंडी से निकालकर लाहौर लाना होगा। सुरक्षा के मद्देजनर भारतीय टीम को अधिक यात्रा से बचाते हुए मैचों एक ही शहर में कराये जाने की योजना है। लाहौर बाघा बॉर्डर के पास भी है तो भारतीय प्रशंसकों के लिए वहां पहुंचना आसान भी होगा।

विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में वेस्टइंडीज चैंपियंस की अगुवाई करेंगे क्रिस गेल

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। जमैका के मशहूर क्रिकेटर क्रिस गेल 3 जुलाई से ब्रिटेन के बर्मिंघम में शुरू

■ गेल की अगुवाई वाली टीम में स्मिथ, सैमुअल बद्री और डैरेन सैमी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं

होने वाले वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के आगामी संस्करण में वेस्टइंडीज चैंपियंस की अगुवाई करेंगे। क्रिस गेल की अगुवाई वाली टीम में ड्वेन स्मिथ, सैमुअल बद्री और डैरेन सैमी जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं और पूरी टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। गेल ने कहा कि मैं कप जीतने की कोशिश में अपने परिवार के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्सुक हूं। हम प्रतिष्ठित वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स जैसे अधिक मैच खेलने का अवसर पाकर भी खुश हैं, ताकि हम अपने प्रशंसकों के लिए एक नई भागीदारी के साथ लौट सकें। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स को मंजूरी दे दी है, जिसमें छह फ्रेंचाइजी शामिल हैं -- इंडिया चैंपियंस, ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस, इंग्लैंड चैंपियंस, पाकिस्तान चैंपियंस, साउथ अफ्रीका चैंपियंस और वेस्टइंडीज चैंपियंस। चैनल 2 ग्रुप कॉरपोरेशन के चेयरमैन अजय सेठी ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स क्रिकेट लीग में वेस्टइंडीज चैंपियंस फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक आधिकारिक तौर पर हासिल कर लिया है।

पेरिस 2024 : रोहन बोपन्ना, सुमित नागल को टेनिस में मिला ओलंपिक का कोटा

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और सुमित नागल ने क्रमश: युगल और एकल में अपनी एटीपी रैंकिंग के जरिए पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया है। विश्व के वर्ल्ड नंबर-4 रोहन बोपन्ना ने लंदन 2012 और रियो 2016 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पिछले साल नवंबर से युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में अपना स्थान बनाए रखते हुए भारत के लिए कोटा हासिल किया। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, पिछले सप्ताह एकल रैंकिंग में 18 स्थान की बढ़त के साथ सुमित नागल ने कट-ऑफ में जगह बनाई, जो विश्व रैंकिंग के माध्यम से कोटा हासिल करने वाले खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर है।

ओलंपिक के लिए भारतीय राइफल और पिस्टल टीम का ऐलान

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। नेशनल राइफल एसोसिएशन ने मंगलवार को सीनियर सिलेक्शन कमेटी की वर्चुअल बैठक के बाद 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम में 8 राइफल और 7 पिस्टल निशानेबाज शामिल हैं। इस टीम में महिला पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर इकलौती ऐसी खिलाड़ी हैं जो दो स्पर्धाओं में भाग लेगी। वो महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में भाग लेगी। भारत ने शूटिंग में 21 कोटा अर्जित किए हैं, जो आगामी पेरिस 24 ओलंपिक खेलों के लिए एक रिकॉर्ड है। पदक के लिए सभी 16 संभावित शॉट्स के अलावा, आठ व्यक्तिगत राइफल और पिस्टल इवेंट में, भारत के पास चार व्यक्तिगत शॉटगन इवेंट में रिकॉर्ड पांच शुरुआत भी होगी। इसके अलावा, भारत पांच मिश्रित टीमों को भी मैदान में उतारेगा जिनमें से दो राइफल और पिस्टल में, और एक शॉटगन में होगी। एनआरएआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंहदेव ने कहा कि चयन समिति ने बैठक की और लंबी चर्चा की। हमें लगता है कि हमने योग्यता और नीति के अनुसार वर्तमान फॉर्म के आधार पर सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन किया है। हमें विश्वास है कि टीम के प्रदर्शन के लिए सभी चीजें व्यवस्थित की गई हैं। राइफल और पिस्टल में हमारी गहराई को देखते हुए, कुछ बहुत अच्छे निशानेबाज टीम का हिस्सा नहीं हैं। हालांकि, उनके पास वापसी करने का मौका होगा। हम टीम को शुभकामनाएं देते हैं। एनआरएआई के महासचिव के सुल्तान सिंह ने कहा कि टीम अच्छी फॉर्म में है और मुकाबले के लिए तैयार है, जिसमें चार ओलंपियन और अन्य वरिष्ठ निशानेबाजों के साथ-साथ कई बेहद होनहार और युवा प्रतिभाएं शामिल हैं। वे एचपीडी, विदेशी कोच, राष्ट्रीय कोच, खेल विज्ञान टीम, फिजियो आदि के पूरे प्रशिक्षण दल के मार्गदर्शन और समर्थन में लंबे समय से बहुत व्यवस्थित रूप से प्रशिक्षण ले रहे हैं। हमें विश्वास है कि टीम पेरिस में देश को बहुत गौरवान्वित करेगी। लोनाटो इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप के तुरंत बाद शॉटगन टीम की भी घोषणा की जाएगी।

नेशनल राइफल एसोसिएशन

पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय राइफल और पिस्टल टीम

राइफल

- संदीप सिंह, अर्जुन बबुता (10 मीटर एयर राइफल पुरुष)
- एलावेनिल वलारिवन, रमिता (10 मीटर एयर राइफल महिला)
- सिफ्त कौर समरा, अंजुम मौदगिल (50 मीटर राइफल 3 पोजीशन महिला)
- ऐश्वर्या तोमर, स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुष)
- पिस्टल-
- सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा (10 मीटर एयर पिस्टल महिला)
- मनु भाकर, रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल महिला)
- अनीश भानवाल, विजयवीर सिद्धू (25 मीटर आरएफपी महिला)

मनु भाकर, ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल महिला)

पिस्टल

- सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा (10 मीटर एयर पिस्टल महिला)
- मनु भाकर, रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल महिला)
- अनीश भानवाल, विजयवीर सिद्धू (25 मीटर आरएफपी महिला)
- मनु भाकर, ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल महिला)